सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
16.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 300



12 दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाएंगे आमिर और हिरानी

## न्यूज डायरी

### सरना धर्म कोड पर कांग्रेस की लड़ाई तेज

**रांची।** कांग्रेस ने जनगणना में अलग सरना धर्म कोड की लड़ाई तेज करने की घोषणा की है। प्रदेश प्रभारी के राजू व अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनगणना में जब तक सरना कोड नहीं मिलता, हम संघर्ष करेंगे। 26 मई को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन से उसकी शुरूआत है।

### मथुरा बने विस विशेष समिति के संयोजक

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने बीसीसीएल, एटी देवप्रभा एवं अन्य कंपनियों द्वारा राजस्व भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं रैयती भूमि पर ओबी हम्प को रोकने, पीड़ित ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई से संबंधित विशेष समिति का गठन किया है। समिति का संयोजक मथुरा प्रसाद महतो को बनाया गया है। विधायक अरूप चटर्जी, राज सिन्हा, उमाकांत रजक, चंद्रदेव महतो, सुदीप गुड़िया एवं धनंजय सोरेन इसके सदस्य होंगे।

### फिर झूकंप से दहला पाक का दोस्त तुर्किए

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान का मददगार तुर्किए एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। गुरुवार को आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गयी।

### हथियार के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने चंदवा थाना क्षेत्र के हड़गड़वा जंगल में छापेमारी कर पीएलएफआई संगठन के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में चंदवा निवासी संतोष उरांव, लोहरदगा कुडू निवासी बालक राम और बालूमाथ निवासी आशीष उरांव

## कार्टून कोना




दुष्ट देश के हाथों परमाणु हथियार सुरक्षित नहीं, आइएइए निगरानी में ले

# आतंकी हमला अब युद्ध के समान करारा प्रहार होगा : राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

श्रीनगर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को श्रीनगर का दौरा किया और सशस्त्र बलों से बातचीत की, उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी। रक्षा मंत्री ने परमाणु हथियारों को संभालने की पाकिस्तान की क्षमता की आलोचना की और दुनिया से पूछा कि क्या पाकिस्तान जैसे दुष्ट राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएइए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। वह



जम्मू कश्मीर में खासतौर पर नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देगा। भारत ने घोषणा कर दी है कि कोई भी आतंकी हमला अब युद्ध माना जायेगा। ऐसे में भारत अब छोड़ेगा नहीं। आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देंगे। उन्होंने सैनिकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने होश और जोश दोनों को बनाये रखा।

### धोखेबाज है पाकिस्तान

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा, पूरी दुनिया देखे क्या परमाणु हथियार ऐसे गैर-जिम्मेदार और दुष्ट राष्ट्र के हाथों में सुरक्षित हैं? उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की निगरानी की मांग की है। श्री सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि उसने हमेशा भारत को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दुश्मन की छाती पर वार किया है और आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते। पाकिस्तान को आतंक को पनाह देना बंद करने की चेतावनी दी और कहा कि अगर आतंकवाद नहीं रुका तो पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज पाकिस्तान जिस हालत में है।

(शेष पेज 11 पर)

उत्पाद नीति समेत 17 प्रस्तावों पर हेमंत कैबिनेट की मंजूरी

# अब सरकार नहीं बेचेगी शराब

## खुदरा बिक्री निजी हाथ में, लाटरी से होगा आबंटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में उत्पाद मदिरा नीति को स्वीकृति, एनसीसी कैडेट्स का दैनिक भत्ता 150 से बढ़ाकर 210 रुपये प्रतिदिन किये जाने समेत कुल 17 प्रस्तावों पर मुहर लगी। झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी। इसके अनुसार सरकार के पास होलसेल शराब का अधिकार रहेगा, जबकि प्राइवेट प्लेयर के पास खुदरा शराब बेचने का अधिकार रहेगा। लॉटरी के माध्यमों से दुकान का आवंटन होगा। एक व्यक्ति को सभी जिलों में अधिकतम 36 दुकानें मिल सकती हैं। नयी उत्पाद नीति को लागू करने में कम से कम एक महीने का समय लगेगा।

**नयी उत्पाद नीति में ये है खास :** होलसेल बिक्री, झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड शराब की होलसेल बिक्री की जिम्मेदारी संभालेगा। वहीं प्राइवेट हाथों में होगी खुदरा बिक्री, लॉटरी के जरिए दुकानों का आवंटन किया जायेगा। दुकानों की संख्या एक व्यक्ति या समूह को एक जिले में अधिकतम 12 दुकानें और पूरे राज्य में 36 दुकानें मिल सकेंगी। बड़े मॉल और डिपार्टमेंटल स्टोर्स में भी शराब बिक्री की अनुमति दी जायेगी। सरकार मॉडल शॉप्स खोलेगी, जहां केवल पॉपुलर ब्रांड की शराब उपलब्ध होगी। सरकारी ठेकों की जगह निजी दुकानें खुलेंगी, जिससे शराब के दाम स्थिर रह सकते हैं। राज्य में कुल 1,453 शराब की दुकानें हैं। सभी दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा। कैबिनेट की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी।

**वरिष्ठ नागरिकों को लाभ :** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष की आयु से अधिक आयु वाले राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना योजना से आच्छादित करने की स्वीकृति दी गई।


(शेष पेज 11 पर)

### अन्य महत्वपूर्ण फैसले

झारखंड सरकारी माध्यमिक आचार्य, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति एवं सेवाशर्त्त नियमावलीए 2025 की स्वीकृति दी गयी। झारखंड राज्य के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटो के शिविरों के दौरान भोजन भत्ता में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी। कानु राम नाग के विरूद्ध विभागीय संकल्प संख्या .27614 द्वारा अधिरोपित दण्ड सेवा से हटाया जाना, जो सरकार के अधीन आगामी नियोजन के लिये निरर्हता नहीं होगी, को यथावत रखने की स्वीकृति दी गयी। मधुपुर शहरी जलापूर्ति योजना के लिये कुल 76 करोड़, 63 लाथ 95 हजार 178 रुपये के पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट योजना की लागत राशि दस करोड़ सत्तर लाख सत्तर हजार एक सौ साठ रुपये मात्र पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

# पलटे ट्रंप कहा, मध्यस्थता नहीं मदद की

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह बना है उनका ताजा बयान, जिसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव पर खुद की भूमिका का जिक्र किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि वह यह दावा नहीं कर रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रोकी, लेकिन यह जरूर कहा कि उन्होंने हालात को संभालने में मदद की थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम ट्रंप



ने कहा, मैं ये नहीं कह रहा कि मैंने मध्यस्थता की, लेकिन मैंने उस समस्या को हल कराने में मदद की। ट्रंप के इस बयान को लेकर एक बार फिर कूटनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गयी है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने भारत-पाक तनाव को लेकर कोई बड़ा दावा किया हो। इससे पहले भी कई बार कहा था कि वह कश्मीर मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने को तैयार हैं। भारत ने हर बार यह स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और उसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं हो सकती। भारत का हमेशा से यह रुख रहा है कि पाकिस्तान से किसी भी तरह की बातचीत केवल द्विपक्षीय होगी और वह भी तभी जब पाकिस्तान आतंकवाद पर ठोस कार्रवाई करेगा।

### चीन ने पाकिस्तान की मदद की थी : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच चले संघर्ष में चीन ने बड़ी भूमिका निभायी थी। चीन ने सैटेलाइट से उसकी की मदद की थी। विदेश मंत्री ने कहा भारत का रूख एकदम स्पष्ट है। पाक से द्विपक्षीय स्तर पर ही बातचीत होगी। किसी भी तीसरे पक्ष की कोई गुंजाइश नहीं है। बातचीत भी सिर्फ दो मुद्दों पीओके की वापसी और आतंकवाद पर ही होगी। उसे आतंकाविदयों की सूची सौंपनी होगी। पीओके छोड़ना होगा। सिंधु जल संधि पहले की तरह स्थगित रहेगी।

# पहलगाम हमले का मास्टरमाईंड समेत 3 ढेर

### त्राल इलाके में एनकाऊंटर

**एजेंसी**

श्रीनगर। पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोश लोगों को मारने वाले आतंकियों में शामिल मास्टरमाईंड आसिफ को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। गुरुवार सुबह पुलवामा में सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर के त्राल क्षेत्र के नादेर गांव में 3 आतंकियों को मार गिराया। इनकी पहचान आसिफ अहमद शेख (28), आमिर नाजिर वानी (20), यावार अह भट्ट (26) के रूप में हुई है। त्राल में संयुक्त अभियान में तीनों आतंकवादी मारे गये। एनकाऊंटर में मारे गये दो अन्य आतंकियों ने ने पहलगाम हमले में रेकी और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। त्राल के अवंतीपुरा के नादेर गांव में सुरक्षाबलों व आतंकियों में मुठभेड़ जारी है। पिछले 48 घंटे में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया है। त्राल के नादेर इलाके में मारे गए ये तीनो आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे।



**म्यामार बॉर्डर पर 10 उग्रवादी ढेर :** उधर भारतीय सेना ने मणिपुर के भारत-म्यांमार बॉर्डर पर एक ऑपरेशन में 10 उग्रवादियों को मार गिराया। सेना की ईस्टर्न कमांड ने देर रात एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। ये कार्रवाई मणिपुर के चंदेल जिले के खेगजॉय तहसील में न्यू समतल गांव के पास हुई, जहां खुफिया जानकारी के आधार पर उग्रवादियों की मौजूदगी का पता चला था। ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध उग्रवादियों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसका जवाब देते हुए सैनिकों ने तुरंत नियंत्रित और संतुलित तरीके से जवाबी कार्रवाई की। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। ऑपरेशन अभी जारी है। भारत और म्यांमार के बीच 1,610 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

### अस्पताल से घर से लौटे मंत्री, सीएम ने लिया हालचाल

**रांची।** झारखंड के उत्पाद और मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। अचानक सीने में तेज दर्द के बाद उन्हें गुरुवार को पारस अस्पताल भर्ती कराया गया था। सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्री के रांची स्थित उनके आवास जाकर उनका हालचाल जाना। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। डाक्टरों ने जांच-पड़ताल के बाध उन्हें आराम करने की सलाह दी है। उनकी स्थिति ठीक है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी उनके स्वास्थ्य के बारे में जानने को आवास पर पहुंचे। मौके पर डॉ इरफान ने रिम्स के सुपरिटेंडेंट से बात कर तत्काल मेडिकल टीम को योगेंद्र प्रसाद के आवास पर बुलवाया। अस्पताल में मंत्री सुदिव्य सोनू, विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य ने भी योगेंद्र का हालचाल लिया। डॉ इरफान ने उनके आवास पर ही चिकित्सा निगरानी की पूरी व्यवस्था करायी है।

## राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल

# शीर्ष कोर्ट कैसे डेडलाइन तय कर सकता है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए डेडलाइन तय करने के फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाये हैं। राष्ट्रपति ने शीर्ष अदालत से पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट कैसे राष्ट्रपति या राज्यपालों के लिए विधेयकों पर स्वीकृति की समयसीमा तय कर सकता है, जब भारतीय संविधान में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। राष्ट्रपति कहा है कि क्या यह न्यायिक आदेशों के माध्यम से ऐसा किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने 8 अप्रैल, 2025 के अपने फैसले में समयसीमा तय करते हुए कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ रिजर्व रखे गए विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों



का प्रयोग करते हुए यह संदर्भ दिया है, जो राष्ट्रपति को कानून के किसी भी प्रश्न या सार्वजनिक महत्व के तथ्य पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेने की अनुमति देता है। राष्ट्रपति ने विचार करने और अपनी राय देने के लिए 14 प्रश्नों को सुप्रीम कोर्ट को भेजा है।

### उपराष्ट्रपति ने की थी कड़ी टिप्पणी

शीर्ष अदालत के फैसले के बाद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने के लिए न्यायपालिका पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य कर रहा है। धनखड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

### राष्ट्रपति ने भेजे 14 सवाल

जब अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किया जाता है तो उनके सामने संवैधानिक विकल्प क्या हैं? क्या संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर वह अपने पास उपलब्ध सभी विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सहायता और सलाह से बाध्य है? क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है?

(शेष पेज11 पर)



### राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी-सह-प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 16 को

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर इन्स्पायर अवार्ड-मानक स्कीम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी-सह-प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन आज सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय रांची में किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल,कोडरमा।**
Email id :-eebcdkoderma-jhr@nic.in

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04/2025-26 जिसका पी.आर. संख्या-351021 Building (25-26):D है को अपरिहार्य कारण से रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,कोडरमा।

PR 352532 Building (25-26)D


# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 26 मई को राजभवन के समक्ष कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** कांग्रेस ने जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रभारी के. राजू ने इसकी घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि आगामी जनगणना में सरकार सरना धर्म कोड का कॉलम अवश्य लाये। जब तक सरना कोड नहीं मिलता तब तक हम इसके लिए संघर्ष करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2011 की जनगणना में धर्म को लेकर सात कॉलम थे जबकि अब सिर्फ छह कॉलम रखा गया है। अन्य वाला कॉलम हटा दिया गया है। यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र से अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजने के बावजूद इस पर केंद्र की सरकार चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में पार्टी ने फैसला किया है कि 26 मई 2025 को राजभवन के समक्ष अलग सरना धर्म कोड के लिए धरना प्रदर्शन करेगी और फिर राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर अलग सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करेगी।

**सरना धर्म कोड की लड़ाई भी जीतेंगे : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी के दबाव की वजह से ही जातीय जनगणना के मामले में हमारी जीत हुई है। अब कांग्रेस पार्टी अलग सरना धर्म कोड की लडाई तेज करेगी और आने वाले दिनों में होने वाली जनगणना में अलग सरना धर्म कोड रखने की लड़ाई भी जीतेगी।

# पेपर लीक के पांच आरोपियों की जमानत अर्जी नामंजूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में जेल में बंद पांच आरोपियों को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने बीते 8 और 14 मई को याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कुंदन कुमार, राम निवास राय, शशि भूषण दीक्षित, विवेक रंजन एवं कृष्णा स्नेही को राहत देने से इनकार किया है। आरोपियों ने पिछले महीने जमानत याचिका दाखिल की थी। सीआईडी ने आरोपियों उक्त मामले में 25 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इससे पूर्व अदालत कविराज, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, निवास कुमार राय और अभिलाष कुमार को जमानत देने से इनकार कर चुकी है। मालूम हो कि 21 सितंबर 2024 व 22 सितंबर 2024 को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में हुई थी।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
सेल SAIL
**बोकारो स्टील प्लांट**
**बोकारो स्टील सिटी-827001, झारखण्ड, भारत**

**विद्युत सप्ताह सूचना**

सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है की विद्युत् सप्ताह का आयोजन **19 मई से 24 मई तक** किया जा रहा है। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि **यदि उन्हें आवश्यकता हो तो वे अपने परिसर कि संविदा मांग/भार (Contract demand/load) में परिवर्तन हेतु टीए विद्युत कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।** औचक निरीक्षण के दौरान यदि किसी उपभोक्ता के परिसर में संविदा मांग/भार तय सीमा से अधिक पाया जाता है तो उनके विरुद्ध JSERC के दिशा निदेर्शों के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाई की जाएगी। इस विद्युत सप्ताह के दौरान उपभोक्ताओं को विद्युत कार्यालय में अपनी विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिसका यथासंभव निवारण किया जाएगा ।
सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे एम. डी. मीटर लगवाएँ ।
विद्युत सप्ताह संपर्क स्थल : जी.एम.-विद्युत कार्यालय ,नगर सेवा भवन
विद्युत सप्ताह की अवधि : 19/05/25 to 24/05/25

आदेशानुसार
विद्युत विभाग
नगर प्रशासन विभाग

**पंजीकृत कार्यालय:** इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GOI006454, वेबसाइट: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


## राज्य में पेसा नियमावली लागू करने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल

# पेसा नियमावली लागू करने से पहले सभी हितधारकों से सुझाव किये जा रहे आमंत्रित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में पेसा नियमावली लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पेसा नियमावली को लागू करने से पूर्व सभी हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिन्हें नियमावली में शामिल किया जाएगा। गुरुवार को रांची में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित पेसा विचार गोष्ठी कार्यशाला में आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि 1996 में पेसा कानून अधिनियमित किया गया था, लेकिन झारखंड में इसे लागू करने की दिशा में अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं हुए थे। अब लगभग 29 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद सरकार इसे धरातल पर उतारने को गंभीर दिख रही है।




**नियमावली के प्रमुख बिंदु**

**आदिवासियों का संरक्षण और विकास** : पेसा के अंतर्गत आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके सतत विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ग्राम सभा को अधिकार:** ग्राम सभाओं को कार्यपालिका संबंधी अधिकार देने की मांग की गई, ताकि ग्रामीण विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**भ्रष्टाचार पर रोक:** पेंशन और अबुआ आवास योजनाओं में कमीशन की शिकायतों को सरकार ने गंभीरता से लिया है और इस पर नियंत्रण के उपाय होंगे।

**सरकार की प्रतिबद्धता**

**आम सहमति से नियमावली लागू:** स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पेसा नियमावली को आम सहमति से लागू किया जाएगा।

**सुझावों का समावेश:** भू-राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने आश्वस्त किया कि कार्यशाला में प्राप्त सुझावों को नियमावली में शामिल किया जाएगा।

**कार्यशाला में उठाए गए प्रमुख मुद्दे**

**दिलीप सिंह भूरिया कमेटी की रिपोर्ट** : कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नियमावली को अंतिम रूप देने से पूर्व दिलीप सिंह भूरिया समिति की रिपोर्ट का गंभीर अध्ययन आवश्यक है।

**लैंड बैंक की जमीन की वापसी:** दयामनी बारला ने लैंड बैंक की जमीन आदिवासियों को वापस न किए जाने पर चिंता जताई और इसे एक बड़ी बाधा बताया।

**बैंक और ऋण प्रणाली:** विशेषज्ञ सुधीर पाल ने बैंकिंग प्रक्रियाओं और ऋण से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विचार रखे।

**सुझाव पर विचार जल्द :** मंत्री रामदास सोरेन और मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि यहां जो सुझाव मिले हैं, उससे पेसा नियमावली को और बेहतर, सशक्त और कारगर बनाने में सहूलियत होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के सुझाव पर विचार करते हुए जल्द से जल्द संशोधन करते हुए पेसा कानून को लागू करने की बात कही। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि पेसा नियमवाली को ग्राम स्तर के अंतिम व्यक्ति से विचार-विमर्श करते हुए ही तैयार करें। विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने पेसा कानून को लेकर झारखण्ड के संदर्भ में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

## पेसा कानून को लेकर जो उलझन है, उसे सुलझाना आसान नहीं: शिल्पी नेहा तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्तमान पेसा कानून को लेकर जो उलझने हैं, उसे सुलझा पाना इतना आसान नहीं है, लेकिन सरकार ने सकारात्मक सोच के साथ आलोचनाओं को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए बजट का प्रावधान होता है लेकिन उस पैसे का सही उपयोग कैसे हो ये सबसे बड़ी चुनौती है। मंत्री ने कहा कि आज दिलीप सिंह भूरिया समिति की रिपोर्ट को अध्ययन करने की जरूरत है। उस रिपोर्ट में राज्य सरकार और ग्राम सभा के बीच बेहतर समन्वय जानकारी मिलेगी। ये बहुत जरूरी है। किसका क्या अधिकार हो ये सुनिश्चित करना होगा। पंचायती राज विभाग ने बेहतर पहल की है और इस पहल का परिणाम भी बेहतर होगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 13/2025.26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 23-05-2025 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 24-05-2025 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 24-05-2025 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं-2, रॉंची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :- | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) E/R to Furniture Work and Relace of Submersible Pump Sets in DC Residence Simdega. (ii) E/R to Replace Submersible Pump Set (2Nos) and Others Work in Officers Colony, Simdega. | 4,96,800.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |
| 2 | (i) Repair of Toilet and Others Works in DLSA Building, Civil Court, Simdega. (ii) Repair of Palna Ghar in Civil Court, Simdega. | 4,94,850.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 352432 Simdega(25-26)#D


# सरकार ने 16वें वित्त आयोग से सहायता राशि लेने की तैयारी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग की बैठक से पहले अपनी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विभागों के अधिकारियों को प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। वित्त मंत्री ने गृह विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह केंद्र से धन प्राप्त करने की तैयारी करें। विभाग का प्रस्ताव है कि 16वें वित्त आयोग के माध्यम से जिला स्तर पर स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, कृषि एवं सड़कें, कौशल विकास एवं संपर्क पथ के विकास के लिए प्रत्येक जिला को 10 करोड़ की दर से कुल 240 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जाये। कुल 5 वर्षों में झारखंड राज्य के 24 जिलों के समग्र विकास के लिए कुल 1200.00 करोड़ रुपए की संभावना होगी। बता दें कि 16वें वित्त आयोग की टीम 28 मई को झारखंड के चार दिवसीय दौरे पर आएगी। इस दौरान वे राज्य के वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करेगी और अनुदान तथा केंद्रीय सहायता की जानकारी लेगी।

**किन क्षेत्रों पर रहेगा फोकस**

**सिंचाई :** राज्य में सिंचाई की सुविधा को बढ़ाने के लिए नए प्रोजेक्ट्स पर काम किया जाएगा।

**पर्यटन:** झारखंड के पर्यटन स्थलों को विकसित करने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी।

**शिक्षा:** राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए नए कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू किया जाएगा।

**स्वास्थ्य सेवा:** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

**जल संरक्षण:** जल संसाधनों का संरक्षण करने और जल संचयन को बढ़ावा देने वाली योजनाएं बनायी जाएंगी।

## चंद्रगुप्त परियोजना के वन भूमि दस्तावेज गायब करने की खबर भ्रामक : सीसीएल

**रांची।** हजारीबाग जिले के केरेडारी अंचल में चंद्रगुप्त परियोजना से सबंधित वन भूमि दस्तावेज को गायब एवं हेराफेरी करने, भूमि की प्रकृति जांचे बिना 417 एकड़ सी.सी.एल को आवंटित करने और 25 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से अरबों रुपये के घोटाले संबन्धित समाचार को सीसीएल ने भ्रामक बताया है। चंद्रगुप्त परियोजना के लिए कोयला मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुल 1495 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है एवं यह सी.सी.एल. में निहित है। इस 1495 हे. भूमि में से 699.38 हे. वन भूमि का अपयोजन राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकार से जांच के बाद अनुशंसा के आलोक में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित है। उपरोक्त 417 एकड़ भूमि, 699.38 हे. अपयोजित वन भूमि के अंतर्गत नहीं है। सीसीएल का कहना है कि कुछ समाचार पत्र में प्रकाशित भूमि मुआवजा प्रति एकड़ 25 लाख रुपए एवं अरबों रुपये के घोटाले का समाचार शत-प्रतिशत गलत है।

## पेसा कानून को लेकर पांच सितारा होटल में चर्चा करना औचित्यहीन: प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हेमंत सरकार द्वारा पेसा कानून की नियमावली पर पांच सितारा होटल में सेमिनार करने के औचित्य पर प्रश्न उठाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हित में लागू होने वाले पेसा कानून की नियमावली पर सेमिनार में चर्चा एक पांच सितारा होटल में होना इस सरकार की अव्यावहारिक और राजशाही सोच को दिखाता है। जंगलों में निवास करने वाले आदिम जनजाति और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आदिवासियों की किस्मत अब पांच सितारा होटल से तय होगी। उन्होंने कहा कि अतिथियों को 10,000 प्रति प्लेट का नाश्ता और खाना परोसा गया। एयर कंडीशन कमरों में रह कर और मिनरल वाटर पीकर झारखंड के सुदूर क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के कानून की नियमावली को तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकारी कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रभारी के. राजू क्या कर रहे थे। उनको तो मंच पर भी जगह दे दी गई थी। इस सरकारी कार्यक्रम को राज्य सरकार ने राजनीतिक कार्यक्रम बना दिया है। अगर इसमें किसी एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को बुलाया गया तो कायदे से मुख्य प्रतिपक्षी दल होने के नाते भाजपा को क्यों नहीं बुलाया गया।

उन्होंने कहा कि अगर नियमावली पर चर्चा ही करनी थी तो इसे प्रमंडल में जाकर ग्राम सभा के प्रतिनिधियों के साथ करना चाहिये था। वहीं, से सरकार को आदिवासी समूहों से सही फीडबैक मिलता। मगर वहां सरकार को पांच सितारा होटल कहां मिलता।


**जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉश कॉडिनेटर से संपर्क कर दिनांक 19.05.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | प्रखंड | VWSC/SHG का नाम | पता | शौचालय की संख्या | शौचालय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अरहरा 1. श्रीमति एस्तर होरो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष),पति-प्रितम तोपनो ग्राम-अरहरा पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति फूलमनी सोय (कोषाध्यक्ष), ग्राम-अरहरा पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-अरहरा पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 51 अदद | 6,12,000/– |
| 2 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, कोटबो 1. श्रीमति एस्तर होरो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष),पति-प्रितम तोपनो ग्राम-कोटबो, पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति रेशमा तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम-कोटबो, पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-कोटबो, पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 52 अदद | 6,24,000/– |
| 3 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चितापीढ़ी 1. श्री विजय तोपनो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-चितापीढ़ी, पंचायत-रामतोल्या, प्रखंड- कामडारा। 2. श्रीमति अन्ना तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम-चितापीढ़ी, पंचायत-रामतोल्या, प्रखंड- कामडारा। | ग्राम- चितापीढ़ी, पंचायत-रामतोल्या प्रखंड- कामडारा। जिला-गुमला। | 46 अदद | 5,52,000/– |
| 4 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, नरसिंगपुर 1. श्री विमल केरकेट्टा तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-नरसिंगपुर, पंचायत-रेड़वा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति क्रिस्टीना सोय (कोषाध्यक्ष), ग्राम-नरसिंगपुर, पंचायत-रेड़वा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-नरसिंगपुर, पंचायत-रेड़वा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 25 अदद | 3,00,000/– |
| 5 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, तुरबुल 1. श्रीमति नूतन तोपनो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-तुरबुल, पंचायत-कामडारा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति रेशमा तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम-तुरबुल, पंचायत-कामडारा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-तुरबुल, पंचायत-कामडारा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 28 अदद | 3,36,000/– |
| 6 | गुमला | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, बेलगॉव 1. श्रीमति पूनम देवी तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-बेलगॉव, पंचायत-तेलगॉव, प्रखंड-गुमला। 2. श्रीमति उषा देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम-बेलगॉव, पंचायत-तेलगॉव, प्रखंड-गुमला। | ग्राम-बेलगॉव, पंचायत-तेलगॉव, प्रखंड-गुमला। जिला-गुमला। | 25 अदद | 3,00,000/– |
| 7 | घाघरा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सरजामा 1. श्री विनोद उरॉव तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष),पिता-हस्तु उरॉव ग्राम-सरजामा, पंचायत-कुगॉव प्रखंड-घाघरा। 2. श्रीमति शांति देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम-सरजामा, पंचायत-कुगॉव प्रखंड-घाघरा। | ग्राम-सरजामा, पंचायत-कुगॉव प्रखंड-घाघरा। जिला-गुमला। | 23 अदद | 2,76,000/– |
| 8 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, कातिंग 1. श्री रोकी बाड़ा तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-कातिंग, पंचायत-कातिंग प्रखंड-चैनपुर। 2. श्रीमति मुक्तिलता केरकेट्टा (कोषाध्यक्ष), ग्राम-कातिंग, पंचायत-कातिंग प्रखंड-चैनपुर। | ग्राम-कातिंग, पंचायत-कातिंग प्रखंड-चैनपुर। | 247 अदद | 29,64,000/– |
| 9 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, मालम 1. श्रीमति सेना बीबी तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-मालम पंचायत-मालम, प्रखंड-चैनपुर। 2. श्रीमति सेलिना केरकेट्टा (कोषाध्यक्ष), ग्राम-मालम पंचायत-मालम, प्रखंड-चैनपुर। | ग्राम-मालम पंचायत-मालम, प्रखंड-चैनपुर। जिला-गुमला। | 188 अदद | 22,56,000/– |
| 10 | डुमरी | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, मझगॉव 1. श्री प्रकाश एक्का तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-मझगॉव पंचायत-मझगॉव, प्रखंड-डुमरी। 2. श्रीमति मिलयानी मिंज (कोषाध्यक्ष), ग्राम-मझगॉव पंचायत-मझगॉव, प्रखंड-डुमरी। | ग्राम-मझगॉव पंचायत-मझगॉव, प्रखंड-डुमरी। जिला-गुमला। | 75 अदद | 9,00,000/– |

कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला

PR 352487 Drinking Water and Sanitation(25-26).D



**रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

अधिसूचना संख्या : सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 15.05.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटेलॉग को पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार हैं: **क्रम संख्या-1। श्रेणी:** विज्ञापन। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीएडीबीटी37। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में वणिज्यिक प्रचार अनुबंध (09 अदद घर से बाहर, 3 अदद स्टेशन के अंदर, ट्रेन के अंदर-07, ट्रेन के बाहर-11) के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 26.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 26.05.2025 को अपराह्न 4.20 बजे। **क्रम संख्या-2। श्रेणी:** विविध स्टैटिक्स (चिकित्सा सुविधा)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीएमएफसी19। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 23.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 23.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **क्रम संख्या-3। श्रेणी:** विविध स्टैटिक्स (बैटरी ऑपरेटेड कार्ट)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीबीओसी14। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रांची एवं हटिया स्टेशन पर बैटरी चालित कार के परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 26.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 26.05.2025 को सुबह 11.40 बजे। **क्रम संख्या-4। श्रेणी:** पार्किंग। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग37। **परिसंपत्ति का विवरण:** टांगरबंसली, इटकी एवं सुईसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 23.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 23.05.2025 को सुबह 11.50 बजे। **क्रम संख्या-5। श्रेणी:** विविध स्टैटिक्स (प्रमोशनल किऑस्क)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीप्रमोशन1। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रांची स्टेशन पर प्रमोशनल किऑस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 27.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 27.05.2025 को सुबह 11.30 बजे। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। ऊपर उल्लिखित कैटेलॉग के अधीन लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

(PR-160)

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


## आईआईआईडीईएम में स्टेकहोल्डर्स के लिए 19 से कार्यशाला

# कार्यशाला में झारखंड की 402 सदस्यीय टीम लेगी हिस्सा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए नयी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी कड़ी में झारखंड के 402 सदस्यीय टीम, जिसमें बीएलओ, वॉलेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य शामिल हैं, जो 19 और 20 मई को आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सभी प्रतिभागियों के आवागमन, आवासन और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतिभागियों के साथ जा रहे लाइजनिंग ऑफिसर इसके समन्वयन का ध्यान रखेंगे। सभी हितधारकों को पहचान पत्र साथ रखने का निर्देश दिया गया है।

कार्यशाला के पहले दिन योग सत्र, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ संवाद सत्र, निर्वाचन संबंधी रोल प्ले और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण शामिल है। विभिन्न हितधारकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएंगे। दूसरे दिन, नई दिल्ली के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण करने के लिए 9 बसों की व्यवस्था की गई है।

**आवासन और प्रमाणीकरण**

आईआईआईडीईएम में सभी प्रतिभागियों के लिए आवासन की व्यवस्था की गई है। कार्यशाला के अंत में, प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने झारखंड भ्रमण में वॉलेंटियर और बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा की थी।

स्पीड न्यूज

### तिरंगा यात्रा के नाम पर नौटकी कर रही भाजपा : राकेश तिवारी



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पर्यवेक्षक राकेश तिवारी ने भाजपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकले जाने पर कहा की यह केवल राजनीतिक नौटंकी है। भाजपा तिरंगा यात्रा की आड़ में देश भक्ति का लबादा ओढकर एक बार फिर अपने पुराने सांप्रदायिक चालो पर उतर आयी है इनके पार्टी के मंत्री जिस तरह से जनरल सोफिया कुरैशी के ऊपर बयान देकर अपने पार्टी के चल और चरित्र को देश के सामने उजागर कर दिया है। तिरंगा यात्रा की आड़ में भाजपा राजनीतिक ध्रुवीकरण के जरिए आने वाले चुनावो को जीतने की कोशिश में है। उन्होंने भाजपा से पूछा कि भाजपा लोगों को बताएं उनकी यात्रा का मकसद वाकई देश प्रेम है या सिर्फ ध्रुवीकरण और ओछी राजनीति का हथकंडा।

### भाजपा के मंत्री विजय शाह का कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**जमशेदपुर।** जुगसलाई प्रखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत जुगसलाई फाटक चौक पर भाजपा के मंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम लालबाबू, नलिनी सिन्हा, इरसाद हैदर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी भारत की महान सुपुत्री के खिलाफ भाजपा के मध्य प्रदेश के मंत्री बिजय शाह ने अपमानित करने वाला बयान देकर सेना के सौर्य को कलंकित किया है। किसी मंत्री के द्वारा स्तरहीन बात कहना निंदनीय है। जब कि बेलागावी कर्नाटक की रहने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के पिताजी, चाचा, नाना, दादा सभी सेना में रह चूकें है। उस मंत्री को यह भी पता नही है कि सेना में कोई जात और धर्म नहीं होता, सिर्फ और सिर्फ भारत माता होती है। देश प्रथम होता है। उक्त मंत्री ने गंदा बयान देकर ना सिर्फ महिलाओं को अपमानित किया है बल्कि सेना के जवानों, सेवा निवृत्त सैनिकों और हर देश प्रेमी लोगों को भी अपमानित किया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लोग यात्रा निकाल रहे है, ज्यादा अच्छा होता कि उक्त मंत्री को पार्टी से और मंत्री पद से निकालते। आज देश का एक एक नागरिक हतप्रभ है कि सीजफायर की घोषणा बिना आतंकियों और पाकिस्तान को सबक सिखाना नहीं चाहिए था।

### बिस्को स्टील ने ठेका कर्मचारी को नौकरी से निकाला, हंगामा

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र के लार्ज सेक्टर स्थित बिस्को स्टील उद्योग प्रालि की महिला कामगार द्वारा अपने ठेकेदार पप्पू पटेरिया व उसका साथी पुष्कर यादव के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने से आक्रोशित ठेकेदार ने महिला को काम से निकाल दिया। गुरूवार को जब ठेकेदार पप्पू पटेरिया ने उसे कंपनी में प्रवेश करने नहीं दिया तो वह झामुमो कैंप कार्यालय पहुंच इसकी जानकारी देते हुए न्याय दिलाने व ठेकेदार पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। महिला की शिकायत पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष भोमरा माझी के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता कंपनी पहुंच कर प्रबंधन से वार्ता की।

### राखा कॉपर माइंस लीज नवीकरण को लेकर इंचडा ग्राम सभा पर विवाद

**जादूगोड़ा।** राखा कॉपर माइंस लीज नवीकरण को लेकर बीते 13 मई को हुई इंचडा ग्राम सभा विवादों से घिर गया है। इधर इंचडा गांव के, परंपरागत ग्राम प्रधान जुगल सिंह सरदार ने उपायुक्त को पत्र लिखकर फर्जी ग्रामसभा रद्द कर असली ग्राम प्रधान जुगल सिंह सरदार की अध्यक्षता में ग्रामसभा की जाए तभी राखा कॉपर माइंस लीज नवीकरण संवैधानिक समझा जायेगा। उपायुक्त को लिखे पत्र में ग्राम प्रधान जुगल सिंह सरदार ने कहा कि पेसा कानून के तहत पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम प्रधान आदिवासी ही हो सकता है।

# लौहनगरी जमशेदपुर में भाजपा ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सैनिकों के पराक्रम का मनाया गया जश्न
- पूर्व सीएम रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत विधायक पूर्णिमा साहू, डॉ दिनेशानंद भी हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





1. तिरंगा यात्रा में शामिल पूर्व सीएम रघुवर,सांसद विद्युत, डा दिनेशानंद व अन्य। 2. तिरंगा यात्रा में शामिल अर्जुन मुंडा व अन्य। 3. तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराती विधायक पूर्णिमा।

**जमशेदपुर।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुए संघर्ष में भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली। भारत के ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व अभियान में सेना ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और उसे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता की खुशी में पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में, भाजपा जमशेदपुर महानगर एवं पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण के संयुक्त समर्थन में पूर्वी सिंहभूम जिले के नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के मजबूत संकल्प और सशस्त्र बलों की वीरता का जश्न मनाने गुरुवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा संध्या 5 बजे प्रारंभ हुई। जो साकची स्थित जुबिली पार्क गोलचक्कर से शुरू होकर बंगाल क्लब के रास्ते साकची गोलचक्कर, आई अस्पताल होते हुए बसंत टॉकीज के शहीद चौक पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में हजारों नागरिकों के संग विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षाविदों, व्यापारियों के साथ-साथ पूर्व सैनिक विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इसके साथ ही, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, यात्रा के प्रदेश सह संयोजक अभय सिंह, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण अध्यक्ष चंडीचरण साव, भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन सहित कई गणमान्य नागरिक, बुद्धिजीवी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विशेष रूप से पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। वहीं, यात्रा में 'भारत माता की जय' के उद्घोष और वीर सैनिकों के पराक्रम को दर्शाती तख्तियां और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर हजारों लोगों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम्, पाकिस्तान मुदार्बाद और वीर सैनिकों के पराक्रम को समर्पित नारे गुंजायमान रहे। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने ऊर्जा एवं जोश के साथ ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लभारतीय सेना जिंदाबादह्व के नारे लगाए। यात्रा में दो बड़े वाहन पर देशभक्ति गीत की गूंज रही। बसंत टॉकीज स्थित शहीद चौक पर पहलगाम घटना में मृत नागरिकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर गर्वित होकर हम सभी तिरंगा यात्रा के माध्यम से अपने वीर सैनिकों की वीरता और अभियान की सफलता का उद्घोष कर रहे हैं। इस अभियान ने आतंक के ठिकानों को ध्वस्त ही नही किया, बल्कि पूरे विश्व को भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का भी परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा कि हमारी सेना किस प्रकार देश, ध्वज, निशान, जन और अपनी धरती की रक्षा के लिए शौर्य और वीरता का किस तरह परिचय दे सकती है।

# हूल क्रांति से पहले चानकु महतो ने की थी बड़ी जनक्रांति : संतोष गंगवार

- चाकुलिया में स्वतंत्रता सेनानी चानकु महतो की प्रतिमा का राज्यपाल ने किया अनावरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शहीद चानकु महतो की प्रतिमा का अनावरण करते राज्यपाल संतोष गंगवार, सांसद विद्युतबरण महतो, पद्मश्री यमुना टुडू व अन्य।

**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत चाकुलिया प्रखंड के भालुकबिंधा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी चानकु महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल ने वीर शहीद चानकु महतो के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि इतिहास की जीवंत स्मृति है, जो आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि चानकु महतो न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि अधिकारों की रक्षा हेतु जनचेतना के अग्रदूत भी थे।

राज्यपाल ने कहा कि चानकु महतो के प्रसिद्ध नारे आपोन माटी, आपोन दाना, पेट काटी निही देबञ खजाना को उद्धत करते हुए उनके नेतृत्व में संताल परगना में हुए आंदोलन को हूल क्रांति से पूर्व की बड़ी जनक्रांति बताया। उन्होंने कहा कि वीर चानकु महतो जी अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित आंदोलन प्रारंभ किया। ऐतिहासिक हूल क्रान्ति में भी सिदो-कान्हु के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें साहेबगंज जिलान्तर्गत भोगनाडीह में वीर सिदो-कान्हु की जन्मस्थली जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा वहाँ वे उनके वंशजों से भी मिले।

राज्यपाल श्री गंगवार ने स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संजोने की आवश्यकता पर बल देते हुए विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे इन महापुरुषों के ग्रामों में जाकर शोध करें और उनके योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाने हेतु प्रयास करें।

राज्यपाल ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना ने पूरे देश को आक्रोश से भर दिया था। निर्दोष-मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर, उनके परिवार व बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला। माननीय प्रधानमंत्री जी ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में कहा था कि इस आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकियों और साजिशकताओं को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर मानवता पर हमला होता है, तो भारत युद्ध के मैदान में दुश्मन को कुचलना भी जानता है। हमारा देश किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें छेड़े, तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं। राज्यपाल महोदय ने वीर शहीद चानकु महतो स्मारक समिति को इस सराहनीय पहल हेतु बधाई दी और कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देती रहेगी।

## एक नजर में

### अर्जक संघ ने मानवता दिवस मनाया



**जमशेदपुर।** तथागत बुद्ध की त्रिगुणी बैसाखी के उपलक्ष में 15 मई 2025 को मानवता दिवस मनाया गया। अर्जक संघ जमशेदपुर का यह कार्यक्रम किताडीह में बनारसी राम की अध्यक्षता में आयोजित किया। अर्जक संघ के 14 मानववादी त्योहारों में मानवता दिवस का बहुत महत्व है। बुद्ध के दर्शन तीन हजार वर्षों के बाद भी आज प्रभावशाली है। पूरा विश्व बौद्ध धम्म को अपना रहा है। इस कार्यक्रम में बुद्ध बंदना,त्रिशरण, पंचशील और बाबासाहेब की 22 प्रतिज्ञाओं का पाठ किया गया। बौद्ध दर्शन मानव मानव में भाईचारा, करुणा तथा समता का पक्षधर है। जीवन को कष्ट मुक्त करने केलिए बुद्ध की शरणस्थली आवश्यक है। अष्टांगिक मार्ग से जीवन सरल और सहज लगने लगता है। बुद्ध मानवतावादी थे। कभी किसी से वैर नहीं किए। अंधविश्वास पाखंड को अपने ज्ञान से समाप्त किये थे। स्वयं को संयमित करने से ही दूसरों का कल्याण हो जाता है। पंचशील से चरित्र निर्माण होता है। अर्जक संघ एक मानवतावादी संगठन है जो बुद्ध के विचार को जन-जन तक पहुंचा रहा है। कार्यक्रम में माननीय राम बल्लभ साहु, विश्राम राम, श्याम किशोर, केडी यादव, जलधर मंडल, ओमप्रकाश सिंह, श्रीराम शर्मा,रामेश्वर राय यादव, रविन्द्र साह, सत्यनारायण सिंह, राजन कुमार, बी पी भगत, कमलेश्वर साह, कुसुम कुशवाहा, बलिराम मेहता,विजय प्रसाद, डॉ इंदल सिंह आदि लोग अपने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन श्याम किशोर ने किया।

### टेल्को रिक्रिएशन क्लब में मार्शल आर्ट्स का कैंप शुरू



**जमशेदपुर।** टेल्को रिक्रिएशन क्लब में लगातार 12वां समर कैंप का आयोजन झारखंड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर ने किया, जिसका उद्घाटन आज प्रातः भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने गुब्बारे उड़ा कर किया। उद्घाटन के पश्चात दिनेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहां की बच्चे देश के भविष्य है स्वास्थ्य रहने के लिए शारीरिक अभ्यास और खेलकूद बहुत जरूरी है लेकिन मानसिक विकास अति महत्वपूर्ण है, मुख्य कोच सुनील प्रसाद ने बताया की लगातार 12 वर्षों से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है यहां आने वाले बच्चों को मार्शल आर्ट्स, सेल्फ डिफेंस के साथ ट्रैकिंग और भिन्न भिन्न तरह के खेलकूद से जोड़ा जाता है इस वर्ष भारत पाकिस्तान के युद्ध के समय लोगों ने सिविल डिफेंस को मॉक ड्रिल के समय नजदीक से जाना है, हम सभी लोग भी कैंप में इन से जुड़े दयाशंकर मिश्रा और सुरेश प्रसाद से सहयोग लेंगे और बच्चों को इसका ज्ञान देंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, सिविल डिफेंस से दयाशंकर मिश्रा और सुरेश प्रसाद थे, इन्होंने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### आम बगान में चल रहा डिज्नीलैंड मेला, झूला चालू



**जमशेदपुर।** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान मे काफी धूमधाम से चल रहा है। उक्त अवसर पर झारखंड के पूर्व खाद्य सह आपूर्ति मंत्री एवं वर्तमान में पश्चिमी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने सुनामी झूला का उद्घाटन किया एवं कहा कि फन वर्ल्ड इस तरह का आयोजन में गर्मी की छुट्टी में न केवल बच्चों के लिए बल्कि बड़ों के लिए भी इस भागदौड़ की दुनिया में मनोरंजन का एक बेहतर साधन प्रत्येक वर्ष लेकर आता है। खासकर यह सुनामी झूला बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय होगा। शहर में पहली बार सिंगापुर एयरलाइंस जहाज का मुख्य द्वार देखने को मिलेगा जो निश्चय ही आकर्षण का केंद्र होगा। फन वर्ल्ड के आयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने बताया कि मेले का इस वर्ष मुख्य आकर्षण सुनामी झूला एवं रिवॉलविंग चेयर झुला एवं सिंगापुर एयरलाईंस जहाज का मुख्य द्वारा आकर्षण का केंद्र होगा।

### टीबी रोगियों के बीच रेडक्रॉस ने बांटे पौष्टिक आहार



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा बीते लगभग तीन वर्षों से चलाये जा रहे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के इस कार्यक्रम में हिमालया स्टील मिल सर्विसेस जुड़कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी को निभाने का एक प्रयास है। रेड क्रॉस सोसाईटी द्वारा हिमालया स्टील के साथ न सिर्फ इस कार्यक्रम में बल्कि रक्तदान एवं नेत्र ज्योति अभियान के क्षेत्र में भी सीएसआर के माध्यम से साझा अभियान चला रही है, जिसे हम सीधे रूप में फलित होते हुए देख पाते हैं कि हमारे सीएसआर के माध्यम से लोगों के जीवन में गुणवत्ता पूर्ण सुधार हो रहा है और रेड क्रॉस के कार्यक्रमों की यही विशेषता है कि यह सीधे लोगों से जुड़ता है। उक्त विचार हिमालया स्टील मिल सर्विसेस के मुख्य वित्तीय पदाधिकारी (सीएफओ) बिनोद कुमार सिंह ने यहां रेड क्रॉस भवन में प्रधानमंत्री टी.बी. फ्री इंडिया के तहत टी.बी. मरीजों को 34वें महीने का पोषण किट प्रदान करते हुए व्यक्त किया। कार्यक्रम में कम्पनी के सहायक महाप्रबंधक विनय कुमार झिंगन ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम सामाजिक कार्यों को एक बेहतर प्लेटफार्म है, जहां जरुरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम में कम्पनी के सलाहकार सुरेश्वर सिंह ने कम्पनी की सामाजिक कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता दुहराते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी कम्पनी द्वारा रेड क्रॉस सोसाईटी, के माध्यम से किये जाते रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर जिला टीबी नियंत्रण विभाग के पदाधिकारी सुजय प्रमाणिक एवं अमृतांशु साहू ने मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया, जिससे 50 मरीजों को मासिक पोषण किट दिया गया, जिसमें एक महीने के पौष्टिक आहार में चावल, दाल, चना, मूंगफली, सरसो तेल, सोयाबड़ी, नमक के साथ एक महीने की विटामिक की खुलाक शामिल है। इसकी नियमित सहयोगी ओर रेड क्रॉस की वरीय सदस्य पूरबी घोष ने अतिथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेकों लोगों को फिर से जीवन दिया है।

## अर्जुन मुंडा ग्राम मुंडा मंजीत हाईबुरु को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गुरुवार को खूंटपानी के बासाहातु ग्राम में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने ग्राम मुंडा श्री मंजीत हाइबुरु जी के परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात वे पंडरासाली स्थित मानकी-मुंडा भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए और पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को नमन किया। श्री मुंडा जी ने कहा कि मंजीत हाइबुरु जी जैसे परंपरागत व्यवस्था के मुखिया, जिन्हें हम सभी ग्राम मुंडा के रूप में जानते हैं, उनकी हत्या अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रशासन हत्या के कारणों का पता नहीं लगा सकी है। प्रशासन जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करे, जो भी इस घटना में संलिप्त हैं। इस तरह की घटनाओं पर सरकार को ध्यान रखना चाहिए, जिससे परंपरागत व्यवस्था कमजोर न हो।

## बैकुंठ शुक्ल अमर रहे के नारों से गूंज उठा कालीमाटी रोड

- बैकुंठ शुक्ल की पुण्यतिथि पर नमन परिवार ने दीं श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शहीद बैकुंठ शुक्ल को श्रद्धांजलि देते नमन परिवार के लोग।

**जमशेदपुर।** नमन परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अमर बलिदानी, मां भारती के वीर सपूत बैकुंठ शुक्ल की पुण्यतिथि पर महिलाओं, युवाओं सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बलिदान को याद किया। मुख्य वक्ता नमन के मुख्य संरक्षक सह वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कहा बैकुंठ शुक्ल का जीवन देशभक्ति, साहस और आत्मबलिदान की एक अनुपम मिसाल है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

रामकेवल मिश्रा ने कहा जिस प्रकार बैकुंठ शुक्ल ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वैसी ही निष्ठा हमें अपने कर्तव्यों में दिखानी चाहिए।

## एमबीए, बीबीए व बीकॉम के अंतिम सत्र के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



श्रीनाथ विश्वविद्यालय

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय जमशेदपुर स्थित स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने फाइनल ईयर के छात्रों के लिए फेयरवेल का आयोजन किया। यह फेयरवेल एमबीए, बीबीए और बीकॉम के अंतिम सत्र के छात्रों के लिए आयोजित की गई जिसमें खट्टे मीठे यादों के साथ सबको विदाई दी गई। फेयरवेल में विश्वविद्यालय के चांसलर सुखदेव महतो, वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ एसएन सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ दीपक शुक्ला, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ भव्या भूषण और विभाग के हेड डॉ मृत्युंजय महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम का आयोजन एमबीए और बीबीए के क्रमशः 2024 और 2024 सत्र के छात्रों के द्वारा किया गया। इस फेयरवेल पार्टी में फाइनल ईयर के छात्रों के लिए रैंप वॉक, डांस और इंट्रेस्टिंग गेम्स आयोजित किए गए जिसके आधार पर मिस और मिस्टर फेयरवेल का चयन किया गया।

## खो-खो अंडर 14 बालक, बालिका वर्ग का ट्रायल एग्रिको मैदान में 18 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य खो खो संघ द्वारा जारी निदेर्शानुसार पूर्वी सिंहभूम खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी दिनांक 18 मई 2025, दिन रविवार को पूर्वाहन 8 बजे से एक दिवसीय सब जूनियर (अंडर 14) आयु वर्ग के बालक और बालिका खिलाड़ियों के जिला टीम के चयन हेतु जमशेदपुर के एग्रीको मैदान परिसर में सिलेक्शन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। इस सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता में जिला के सभी कोटि के विद्यालयों/ क्लबों/ संस्थाओं से विशेष अनुरोध है ज्यादा संख्या में खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को भाग लेने हेतु भेजें। जिनकी उम्र 14 वर्ष से कम है इसके अलावा स्वतंत्र खिलाड़ी अपने-अपने वर्गों में भाग ले सकते हैं। सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतिभागिता हेतु 50 रुपये देय होंगे। सिलेक्शन ट्रायल के उपरांत बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो टीम का गठन सुनिश्चित है जो आगामी 19वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता 2025 में पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अपने रवैया में सुधार लाये जमशेदपुर ट्रैफिक पुलिस नहीं तो आजसू पार्टी करेगी आंदोलन : रामचंद्र सहिस

- साकची गोलचक्कर पर ट्राफिक पुलिस के खिलाफ आजसू का हस्ताक्षर अभियान
- अमित महतो और संजय मेहता भी हुए शामिल, ट्राफिक पुलिस को दी चेतावनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरवार को साकची गोलचककर पर आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति कन्हैया सिँह के नेतृत्व मे ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान की अगुआई कर रहे कन्हैया सिँह ने बताया की आज इस हस्ताक्षर अभियान का समापन हैं लेकिन यह आंदोलन खत्म नहीं हुआ इससे भी बड़ा और जोरदार आंदोलन होगा क्योंकि आजसू पार्टी ने इस राज्य के निर्माण मे अहम भूमिका निभाई हैं इस लिए इस राज्य मे ट्रैफिक के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार को आजसू पार्टी बर्दास्त नहीं करेंगी। अभियान में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री पार्टी के केंद्रीय प्रधान



कार्यक्रम को संबोधित करते आजसू के प्रधान महासचिव व पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस।

महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि आजसू पार्टी ने जिस तरह से लंबी लड़ाई लड़कर इस राज्य कर निर्माण का संकल्प लिया उसे पूरा किया वैसे ही ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था के खिलाफ आजसू पार्टी ने आंदोलन की शुरआत कर दिया हैं। इसलिए ट्रैफिक पुलिस को अपने कार्य शैली मे सुधार लाना होगा अन्यथा उन्हें भी सुधारने का कार्य आजसू पॉर्टी करेंगी। आजसू पार्टी को कमजोर समझने की भूल नहीं करें आजसू पार्टी मिट्टी से जुडी हैं और उन्ही मिट्टी के साथ आंदोलन करती है। पार्टी ने जनमत प्राप्त कर बताया कि एक बड़ा भष्टाचार इस ट्रैफिक पुलिस के संरक्षण मे बढ़ रहा है। मुख्य वक्ता के रूप मे पार्टी के युवा संयोजक संजय मेहता जी ने कहा कि सरकारी महकमे का कार्य शैली को परखने का कार्य आजसू पार्टी करती हैं तो ऐसे ही कार्य आजसू करती हैं शहर का ट्राफिक पुलिस तो आइना होती हैं और आइना ही जब सड़क पर झपट्टा मार कार लोगो के पेट पर लात मार कर उन्हें सड़क पर पटक कर उन्हें चोटिल करने का कार्य करती है।

## स्पीड न्यूज

### पंसा-हैदरनगर मार्ग की स्वीकृति मिली



**मोहम्मदगंज/ हैदरनगर।** मोहम्मदगंज दंगवार मुख्य पथ में बहुचर्चित हैदरनगर-पंसा पथ लगभग 7.505 किमी सड़क (राशि 36.23 करोड़) निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय अवसंरचना निधि से स्वीकृत की गयी है। पलामू सांसद वी डी राम के सफल प्रयास से उक्त सड़क की स्वीकृति मिली है। इसके लिए अश्विनी सिंह, महेन्द्र सिंह सहित कई लोगों ने सांसद के प्रति आभार प्रकट किया है, धन्यवाद दिया है।

### सगुना के नवादा में जलसा कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना पंचायत के ग्राम नवादा में जलसा कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन सगुना मुखिया के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, जंघासी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम नवादा, बिकुवा व जंघासी के मुस्लिमों ने किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रमजान अंसारी, एजाज अंसारी व हकीम अंसारी ने कार्यक्रम को सफल बनाये। मौलाना के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर चार चांद लगाया गया। मौके पर उदय सिंह, नीतीश सिंह, प्रिंस कुमार, कंचन कुमार, विकास, सदुल अंसारी, विकेश सिंह, मुस्ताक अंसारी, वकील अंसारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रेहला से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**विश्रामपुर (पलामू)।** एसडीपीओ आलोक टूटी ने बुधवार की रात रेहला थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। बताया कि अवैध उत्खनन को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद बुधवार रात छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान कोयल नदी से बालू उठा रहे एक ट्रैक्टर को बी मोड़ के पास खदेड़ कर पकड़ा गया। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### पटेल चौक में खुला पलामू डेंटल केयर



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के पटेल चौक के समीप गुरुवार को पलामू डेंटल केयर का उद्घाटन डॉ गया प्रसाद ने किया। डॉ प्रसाद ने कहा कि जपला शहर में सुसज्जित व सुविधाओं से लैस डेंटल क्लीनिक का होना जरूरी था। शहर में सुसज्जित व सभी सुविधाओं से लैस डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ होने से अब दांत के रोगों के लिए मरीजों को कहीं नहीं जाना पड़ेगा। डॉ पंकज ने कहा कि क्लिनिक में आरवीजी कंप्यूटराइज एक्सरे मशीन, मरीजों की आरसीटी से लेकर युवी चैम्बर की सुविधा, इंट्रा ओरल इमेजिन मशीन से दांत एवं मुख संबंधी रोगों की जांच की तमाम सुविधाएं मौजूद है। मौके पर अजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, अखिलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### नकली दवा मामले में कार्रवाई की मांग

**मेदिनीनगर।** राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने सीएम हेमंत सोरेन से पलामू के अस्पतालों में नकली दवा के मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मेदिनीराय मेडिकल कालेज अस्पताल में मिलने वाली दवा जिस फार्मा कंपनी से सरकार का एग्रीमेंट हुआ है उनके द्वारा सांटगांट मिली भगत से नकली दवा आपूर्ति की गयी है। जिसे वर्तमान सिविल सर्जन अनिल सिंह ने शक होने पर दवा जब्त कर कलकता लैब में जांच हेतु भेजे हैं। जहां से 20 दवा में 18 दवाइयां नकली पायी गयी है।

### नियमित बिजली की गारंटी के साथ धरना खत्म, एसडीओ ने मानीं मांगें



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** पांकी में बिजली की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ भाकपा (माले) और मध्य जि सदस्य खुशबू कुमारी के नेतृत्व में जारी धरना आज दूसरे दिन सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। इसको आम जनता, छात्र-नौजवानों, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं और भारी संख्या में महिलाओं का जबरदस्त समर्थन मिला। जनदबाव को देख बिजली विभाग के एसडीओ को खुद मौके पर आना पड़ा और आंदोलनकारियों से बातचीत कर 10 सूत्री मांगों को स्वीकार करना पड़ा। उन्होंने लिखित रूप में मांग पत्र लिया और आश्वस्त किया कि पांकी में अब बिजली आपूर्ति नियमित की जायेगी। मौके पर त्रिलोकी नाथ, महेंद्र राम, इजहार अली हैदर, विध्यायक महतो, राजकुमार सिंह, नेहाल मुखिया, मुकेश सिंह चंदेल, रेखा देवी भी थे।

### संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी निराला के छायावाद में योगदान पर चर्चा



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार में गुरुवार को हिंदी विभाग की ओर से एक दिवसीय संगोष्ठी की गयी। अध्यक्षता प्राचार्य के के चौबे और संचालन हिंदी विभाग के प्रो राकेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संगोष्ठी में सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का छायावाद में योगदान विषय पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य विजयकांत शुक्ला ने कहा कि कवियों व लेखकों ने हिंदी साहित्य को चार भागों में विभाजित किया है,जिसका एक भाग छायावाद भी है जिस पर निराला ने काव्य भी लिखा है। उन्होंने कहा कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की सर्वश्रेष्ठ कविता राम की शक्ति पूजा है। प्राचार्य के के चौबे ने निराला द्वारा लिखित छायावाद उपन्यास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि दीपराम कुमार ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का छायावाद में योगदान पर कई तर्क प्रस्तुत किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने भी अपना विचार प्रकट किया। संगोष्ठी में व्याख्याता शबनम निशा, डॉ सुनील यादव,संतोष शुक्ला, जितेंद्र पाठक, मधु ओझा, दिलीप चौबे, अमित कुमार, गुंजन पासवान, आशीष पांडेय, दिनेश शाह, सुधीर यादव, रामेश्वर राम सहित कई कॉलेज कर्मी व छात्र -छात्रा शामिल थे।

## ऑक्सफोर्ड में 10वीं-12वीं के उत्कृष्ट परिणामों पर विशेष शैक्षणिक संवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

■ सही स्ट्रीम के चयन व मार्गदर्शन पर विशेष चर्चा
■ अभिभावक कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनायें : प्राचार्य डॉ एके सिंह



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वर्ग 10वीं व 12वीं के उत्कृष्ट परिणामों पर विशेष शैक्षणिक संवाद सत्र का आयोजन व सही स्ट्रीम के चयन व मार्गदर्शन पर विशेष चर्चा की जायेगी। इसकी जानकारी ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्राचार्य डा एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 17 मई को स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, नगर व राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों को शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि ऑक्सफोर्ड स्कूल रांची की प्रमुख उपलब्धियों में वाणिज्य संकाय में रूद्र राज डॉन ने 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ झारखंड राज्य में टॉपर होन का गौरव प्राप्त किया। मानविकी संकाय में स्मृति राय ने 98.2 प्रतिशत अंक के साथ रांची शहर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अतुल आनंद ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ रांची में द्वितीय स्थान प्राप्त किये। उन्होंने कहा कि विशेष शैक्षणिक संवाद सत्र का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रांची से आमंत्रित विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ संवाद, 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रभावशाली तैयारी रणनीति समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी।

## भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम के उत्साह में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ पाक आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा तो भारतीय सैनिक कर्म देख किया हमला : सांसद
■ ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई गर्व का विषय : डॉ शशिभूषण
■ भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी हद तक जा सकता है : आलोक चौरसिया



तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाकिस्तान पोषक आतंकवादियों ने कश्मीर में भारत के 27 निर्दोष पर्यटकों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध की लहर दौड़ पड़ी। जिसे चुनौतीपूर्ण लेते हुए पीएम मोदी ने पूरे विश्व को बताया कि आतंकवादी जहां भी छुपे हों उन्हें मिट्टी में मिलाया जायेगा। भारतीय सैनिकों के शौर्य पराक्रम से उत्साहित भाजपा ने सैनिकों को हौसले को बुलंद करने के लिए पूरे देशस्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली। मेदिनीनगर में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकली। जिसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, मनोज सिंह, पूर्व विधायक पुष्पा देवी, अरुणा शंकर, ज्योति पांडे, मंगल सिंह, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा शामिल रहे।

### मोदी है तो मुमकिन है, देश के जवानों को सलाम : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** संस्कृत महाविद्यालय साहित्य समाज चौक से भारतीय जनता पार्टी एवं स्थानीय व्यावसायिक एवं सामाजिक संगठनों ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें प्रथम उप महापौर अरूणा शंकर शामिल हुई। शौर्य तिरंगा यात्रा को कई जगह स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। शीतल पेय, मिठाई और पुष्प वर्षा से हर चौक चौराहे पर सेना के पराक्रम और शौर्य की गाथा दोहरायी गयी। पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को कोई बचाने वाला नहीं होगा। उन्होंने सेना के पराक्रम की सराहना की।

## भाजपा नेत्री स्मिता ने किया डॉ अंबेडकर पार्क का भ्रमण

■ पार्क हमारी धरोहर, इसे साफ-स्वच्छ रखना हमारा परम कर्तव्य : स्मिता आनंद



पार्क की हकीकत जानने पहुंचे लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद ने बुधवार को प्रातःकालीन बेला में मेदिनीनगर स्थित अंबेडकर पार्क का भ्रमण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। सुश्री स्मिता ने उक्त पार्क के भ्रमण के दौरान वहां उपस्थित लोगों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और लोगों से उनके विचारों एवं मंतव्यों को जाना। उन्होंने कहा कि लोगों की आवश्यकताओं को देखते हुए उक्त पार्क का निर्माण कराया गया है जिसे जनता की सेवा में समर्पित किया गया है। उन्होंने लोगों को कुछ वर्षों पूर्व की उस परिदृश्य का स्मरण कराया जब इस जगह पर गन्दगी का अंबार लगा रहता था और इस ओर से जाने वाले लोग दुर्गंध के कारण अपने-अपने नाकों को बंद करके गुजरते थे। उन्होंने लोगों को पार्क की साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने हेतु भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पार्क हमारी धरोहर है और इसकी सफाई और स्वच्छता हमारा परम कर्तव्य है। बताया कि पार्क की सुन्दरीकरण हेतु बहुत सारे काम कराये गये हैं और अभी भी बहुत सारे काम कराने बाकी हैं जिसके लिए वे सक्रिय व संवेदनशील हैं। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, बबलू चावला, जग्गू पाण्डेय एवं युवा योग समिति के सदस्यगण समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी युवती को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पांकी में कैंडल मार्च

■ सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है : डॉ शशिभूषण मेहता



कैंडल मार्च में विधायक व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के रतनपुर के एक आदिवासी नाबालिग युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आदिवासी युवती को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में गुरुवार के शाम में पांकी में कैंडल मार्च निकाला गया। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। खासकर एक विशेष समुदाय का अपना वोट बैंक समझ कर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहीं। विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में एक विशेष समुदाय के युवकों द्वारा हिन्दु बहु बेटियों के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं की गयी है। लेकिन आरोपियों के खिलाफ सरकार कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह घटना करने की हिम्मत न करें।

**खास बातें :** विधायक डॉ मेहता ने कहा कि रतनपुर की घटना यह साबित कर दिया कि एक विशेष समुदाय के अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। विधायक ने सरकार से मांग किया है कि सामूहिक दुष्कर्म के घटना के आरोपियों को फास्ट्रैक कोर्ट के माध्यम से तीन माह के अंदर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग किया है ताकि इस तरह की घटनाओं का पुनरावृत्ति न हो। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इस सरकार में गरीब आदिवासी परिवार के लोग सुरक्षित नहीं है। हेमंत सोरेन अपने आप को आदिवासियों का हितैषी बता कर आदिवासी परिवार को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, बिधायक डॉ मेहता के निजी सचिव सरोज चटर्जी भाजपा नेता शंकर गुप्ता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मंजुलता द्विवेदी, सुनील कुशवाहा, कमेश यादव, ललित मेहता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 24 घंटे के अंदर छेड़खानी करनेवालों को पांकी पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** पांकी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छेड़खानी करनेवाले चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पांकी थाना के इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो ने कहा कि 13 मई को एक गंभीर प्रकरण में पांकी थाना क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग बालिका के साथ जबरदस्ती छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास की सूचना आवेदिका (पीड़िता की मौसी) द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त हुई। आवेदन के आधार पर पांकी थाना में अज्ञात चार अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज के मार्गदर्शन एवं पांकी अंचल की पुलिस निरीक्षक महोदया के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप 24 घंटे के भीतर चारों नामजद अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

## पनशाला भारतीय संस्कृति का पुनरुद्धार है : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

■ शांतिकुलम विद्यापीठ में शिक्षा का नया युग प्रारंभ : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** गत मंगलवार को बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम विद्यापीठ शिक्षण संस्थान आवासीय विद्यालय में पनशाला खोला गया। पनशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, विशिष्ट अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे, विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल, विद्यालय के अभिभावक बच्चों तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों ने राहगीरों को गमछा देकर तथा पानी के साथ अल्पाहार खिलाकर उन सभी लोगों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अरुणा शंकर ने कहा कि पनशाला केवल भावना नहीं, यह भारत की आत्मा है।

### शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 19 को जलयात्रा



**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत के सहार विहरा गांव में नवनिर्मित शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 19 मई को जलयात्रा निकलेगी। तैयारी शुरू है। बताया गया कि 20 से प्रतिदिन पूजन और संध्याकाल में श्रीराम कथा होगी। जबकि 23 मई को शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। वहीं, 24 मई को भंडारा और भजन गायन के साथ इसकी पूर्णाहुति होगी। संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम परम पूज्य गुरुदेव त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मीप्रप्पन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में किया जायेगा।

### अबुआ आवास का निर्माण बना परेशानी का सबब



**मोहम्मदगंज।** पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने अबुआ आवास का तीसरा किस्त 1,00,000 लेकर छत की ढलाई नहीं करने वाले 22 लाभुकों को नोटिस जारी कर 20 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश है। लाभुकों ने बालू की समस्या के कारण आवास निर्माण का कार्य अपूर्ण रहना बताया है। पंचायत सचिव ने बीडीओ एवं सीओ को लिखित आवेदन के माध्यम से बालू की मांग करने की सलाह दी है। समस्या से निजात का भरोसा दिलाया है।

### सरकारी अस्पताल में सब स्टैंडर्ड दवा की सप्लाई एक गंभीर मुद्दा, शीघ्र कार्रवाई की जाये : नितिन



**मेदिनीनगर।** पलामू के सरकारी अस्पताल में सब स्टैंडर्ड दवा की सप्लाई एक गंभीर मुद्दा है, जिसकी जांच में 21 दवाएं फेल पायी गयी हैं। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के संयुक्त सचिव सह समाजसेवी नितिन पांडे ने कहा कि यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। इस मामले में जांच की कार्रवाई पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जानी चाहिए। दवाओं की गुणवत्ता की जांच एक स्वतंत्र एजेंसी को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। यदि दवाएं सब स्टैंडर्ड पायी जाती हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### फुट ओवर ब्रिज बनने का कार्य शुरू



**मोहम्मदगंज।** लंबे अर्से से स्थगित फुट ओवर ब्रिज का कार्य शुरू हो गया है। लगातार समाचार पत्र की सुर्खियों में रहने के बाद कार्य शुरू हुआ है। रेलवे लाइन के विस्तारीकरण के बाद ओवर ब्रिज यात्रियों के लिए बहुत जरूरी था। नये रेलवे स्टेशन के प्रारंभिक छोर से प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर रेलवे ट्रैक पार कर जाना और प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पूर्व निर्मित ओवरब्रिज से होकर प्लेटफार्म नंबर चार पर जा कर ट्रेन पकड़ना यात्रियों के लिए मुसीबत से कम नहीं था। ऐसे में अधिकतर यात्री का ट्रेन छूटना भी नियति बन चुका था।

## चोरी की बाइक के साथ दो धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** पांकी पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पांकी अंचल के इंस्पेक्टर पुनम टोप्पो ने बताया कि 10 मई को श्रवण गुप्ता (35), पिता स्व कृत साव, ग्राम नौडीहा, थाना/पोस्ट लोहरसी, थाना पिपराटाड़, जिला पलामू के आवेदन के आधार पर पांकी थाना में अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक, पांकी अंचल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड अनुसंधान के क्रम में रामजानकी मंदिर, पांकी के समीप स्थित सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों की पहचान की गयी। छापामारी के दौरान चोरी गयी बाइक को बरामद कर विधिवत रूप से जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त 12 मई को छःमुहान, डालटनगंज से चोरी गयी एक और बाइक भी बरामद की गयी।

### संघर्ष मोर्चा ने मनायी भगवान बुद्ध की जयंती

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के तस्वीर पर फल-माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भगवान बुद्ध देश के प्रथम ऐसे क्रांतिकारी एवं दार्शनिक हुए जिन्हों ने हिंसा का प्रतिकार किया और भारतीय, संस्कृति तथा राजनीति अहिंसा एवं सत्य को प्रतिपादित किया।

## वित्त मंत्री की बैठक को लेकर डीडीसी और डीडीआरडीए निदेशक ने कर्मियों संग की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड एवं अंचल कार्यालय की समीक्षा बैठक वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर 16 मई को करेंगे। इसे लेकर पलामू डीडीसी सबीर अहमद एवं डीआरडीए के डायरेक्टर रतन सिंह ने पाटन प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम को लेकर कर्मियों के साथ बैठक की। कहा गया कि शुक्रवार को वित मंत्री के समीक्षा बैठक में संबंधित प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों उपस्थित रहेंगे। बैठक में कहा गया कि लक्ष्य के अनुसार अबुआ एवं प्रधानमंत्री आवास पूरा करें। अगर लाभुक आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं तो उन पर नोटिस देकर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। 19 को जिला स्तर पर अबुआ एवं पीएम आवास की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें कहा गया है कि आवास निर्माण में पाटन प्रखंड बहुत पीछे चल रहा है। परफॉर्मेंस सुधारें।

## ऑक्सफोर्ड में स्काउट और गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण लेते बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा षष्टम से अष्टम तक के छात्रों के लिए तीन दिवसीय स्काउट एवं छात्राओं के लिए गाइड प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण शिविर कैंप की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कैंप का आज समापन है। स्काउट व गाइड एक स्वैच्छिक, गैर राजनैतिक, धर्म-निरपेक्ष व गैर सांप्रदायिक युवा आंदोलन है जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में मदद करता है। बताया कि स्काउटिंग की शुरुआत 1909 में भारत में हुई जबकि गाइडिंग इन इंडिया की शुरुआत 1911 में हुई। इनका मुख्य ध्येय सामाजिक युवाओं में निम्नलिखित चार चारित्रिक विशेषताओं का निर्माण करना है - चरित्र, नैतिक मूल्य और ईमानदारी का विकास करना, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना, फर्स्ट-एड कैंपिंग और अन्य आउटडोर गतिविधियां जैसे उपयोगी कौशल सिखाना। दूसरों की मदद करने और समाज के प्रति सेवाभाव जैसे कर्तव्य जगाना। अन्त में उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु के रुप में आत्मसात सीख का घर-परिवार व समाज में पालन अवश्य करें। प्रशिक्षण शिविर में अमोल कुमार सिंह (जिला संगठन आयुक्त भारत सरकार) तथा सुनील कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रहा। छात्रों ने शपथ, ध्वजारोहण, स्वच्छता-सेवा जैसे अलग-अलग प्राथमिक भूमिकाओं की सीख ली। विद्यालय के शारीरिक प्रशिक्षक नीलकान्त चौहान व अनिता यादव की भी महती भूमिका रही। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के कैम्प प्रतिभागी छात्र एवं अन्य शिक्षकवृन्द भी उपस्थित थे।

## तरबूज की मांग बढ़ी, सत्तू लस्सी का भी क्रेज बढ़ा

अनूप कुमार



बाजार में तरबूज बेचता दुकानदार।

**मोहम्मदगंज पलामू।** इन दिनों भीषण लू और तपती धूप ने लोगों को दुबकने पर मजबूर कर दिया है। 43 डिग्री तक तापमान पहुंचने के कारण पक्का का घर तप चुका है ऐसे में लोगों को घर में भी रहना सुकुंदायक साबित नहीं हो रहा है। दिन प्रतिदिन लुप्त हो रहे मिट्टी के घर का आनंद अब लोगों को बरबस याद आने लगा है। मौसम की इस बेरुखी के बावजूद अब तक विभिन्न स्कूलों में गर्मी की छुट्टी नहीं हुई है। ऐसे में स्कूली बच्चे के भी लू के शिकार होने का भय अभिभावकों को सताने लगा है। सुबह 5:10 में ही भगवान सूर्य की किरण का दर्शन विगत सप्ताह से जारी है। मौसम के इस मिजाज के कारण मुख्य बाजार की अर्थव्यवस्था पर भी असर के संकेत है। सुबह शाम लोग अपनी जरूरत की सामग्री खरीदने की मुहिम शुरू कर दी है। इस मौसम में उत्तम स्वास्थ्य के लिए, अगर चिकित्सकों की माने सत्तू की लस्सी, तरबूज, खीरा, आम के जूस समेत मौसमी फल को अपने आहार में शामिल करने, पानी की मात्रा ज्यादा पीने, फूल वस्त्र पहनने, सुबह पेट भर भोजन, दोपहर कम और रात को बिल्कुल कम खाने पर जोर दिया गया है। इस वर्ष घर में फ्रिज के बावजूद मटका का पानी पीने का क्रेज बढ़ना में जागरूकता का संकेत है लोगों की मांग पर रेलवे स्टेशन परिसर में मिट्टी के प्याली में चाय की चुस्की लेते लोगों को देखा जाना भी चाक पर मिट्टी के सामग्री बनाने के कारोबारी के अर्थव्यवस्था में मजबूती आने के संकेत है।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### प्रपत्र VII
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

चुंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड (एन०एच०–33) से डुमरौन होते हुए बहिमर चौक पी०डब्लु०डी० पथ तक चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं०–46, जिला–हजारीबाग में कुल **6.816** एकड़ यानि **2.7595** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **6.816** एकड़ यानि **2.7595** हेक्टेयर है और ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं०–46, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है–

| क्र० सं० | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं० | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 26 | 942/1 | निजी | टांड–।।। | 0.008 | उच्च विद्यालय, डांड | नीज | रास्ता | शम्भुनाथ | प्लॉट नं०–930 |
| 2 | 26 | 942/2 | निजी | टांड–।।। | 0.008 | शम्भुनाथ महतो वगै० पिता छत्रधारी महतो निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–943 | प्लॉट नं०–930 |
| 3 | 141 | 943/1 | निजी | टांड–।।। | 0.03 | शिवकुमार मेहता वगै० पिता बद्री मेहता वो प्रहलाद मेहता पिता जगदीश मेहता वो नरेश मेहता वो प्रभु नारायण मेहता पिता गोवर्धन महतो निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–846 | प्लॉट नं०–942 |
| 4 | 141 | 943/2 | निजी | टांड–।।। | 0.03 | नरेश महतो वगै० पिता गोवर्धन महतो निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–846 | प्लॉट नं०–942 |
| 5 | 141 | 943/3 | निजी | टांड–।।। | 0.03 | संत कुमार मेहता वो नरेश मेहता पिता गोवर्धन मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2980 | रास्ता | प्लॉट नं०–2981 | प्लॉट नं०–2947 |
| 6 | 21 | 982 | निजी | टांड–। | 0.064 | मो० हकीम वगै० पिता स्व० कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–983 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 7 | 21 | 983 | निजी | मकान सहन–। | 0.019 | मो० हकीम वगै० पिता स्व० कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–984 | प्लॉट नं०–982 | रास्ता | नीज |
| 8 | 21 | 985 | निजी | टांड–। | 0.039 | मो० हकीम वगै० पिता स्व० कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | प्लॉट नं०–984 | रास्ता | नीज |
| 9 | 44 | 986 | निजी | मकान सहन–। | 0.022 | मिन्हाज मियाँ पिता उसमान मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–987 | प्लॉट नं०–985 | रास्ता | प्लॉट नं०–987 |
| 10 | 44 | 987 | निजी | टांड–। | 0.018 | उसमान मियाँ वो ईस्साक मियाँ पिता सोहन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–990 | प्लॉट नं०–985 | रास्ता | नीज |
| 11 | 77 | 989 | निजी | मकान सहन–। | 0.01 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–997 | प्लॉट नं०–987 | रास्ता | नीज |
| 12 | 133 | 997 | निजी | टांड–। | 0.048 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–998 | प्लॉट नं०–989 | रास्ता | नीज |
| 13 | 87 | 998 | निजी | मकान सहन | 0.013 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–999 | प्लॉट नं०–997 | नीज | रास्ता |
| 14 | 92 | 999 | निजी | टांड–। | 0.003 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–998 | रास्ता | प्लॉट नं०–1000 |
| 15 | 143 | 1003/1 | निजी | टांड–।। | 0.033 | तेज अली मियाँ पिता पुनीत मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1004 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 16 | 143 | 1003/2 | निजी | टांड–।। | 0.033 | नूर अली मियाँ पिता वहीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1004 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 17 | 88 | 1004/1 | निजी | टांड–।।। | 0.013 | अब्दुल रयुफ पिता स्व० सौभी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | प्लॉट नं०–1016 | रास्ता | प्लॉट नं०–1005 |
| 18 | 88 | 1004/2 | निजी | टांड–।।। | 0.013 | जोहरा खातुन पति हबीब मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1016 | प्लॉट नं०–1003 | रास्ता | प्लॉट नं०–1005 |
| 19 | 2 | 1007 | निजी | टांड–। | 0.008 | नरेश मेहता पिता गोवर्धन मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1013 | प्लॉट नं०–1006 | रास्ता | नीज |
| 20 | 88 | 1026/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.024 | अब्दुल रयुफ पिता स्व० सौभी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1027 | प्लॉट नं०–1025 | रास्ता | नीज |
| 21 | 88 | 1026/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.024 | मो० अक्तर पिता करीम मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1027 | प्लॉट नं०–1025 | रास्ता | नीज |
| 22 | 123 | 1042 | निजी | धानखेत–।। | 0.001 | काशी मेहता पिता हरिहर मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1047 | प्लॉट नं०–1041 | रास्ता | नीज |
| 23 | 87 | 1043 | निजी | धानखेत–।। | 0.024 | काशी मेहता पिता हरिहर मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1044 | प्लॉट नं०–1042 | रास्ता | नीज |
| 24 | 73 | 1044 | निजी | धानखेत–।।। | 0.038 | काशी मेहता पिता हरिहर मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1048 | प्लॉट नं०–1043 | रास्ता | नीज |
| 25 | 96 | 1296 | निजी | टांड–।।। | 0.001 | मुनेश्वर राम पिता काशी राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1299 | प्लॉट नं०–1295 |
| 26 | 83 | 1299 | निजी | टांड–।।। | 0.002 | मुनेश्वर राम पिता काशी राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1300 | प्लॉट नं०–1296 |
| 27 | 106 | 1300 | निजी | टांड–।।। | 0.008 | राजमणी देवी पति राजु गंझु, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1305 | प्लॉट नं०–1299 |
| 28 | 138 | 1305 | निजी | टांड–।।। | 0.006 | खलील मियाँ पिता संतली मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1306 | प्लॉट नं०–1300 |
| 29 | 38 | 1306 | निजी | टांड–।।। | 0.005 | मुनेश्वर राणा वगै० पिता स्व० उगन राणा, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1308 | प्लॉट नं०–1306 |
| 30 | 141 | 1307 | निजी | टांड–।।। | 0.002 | लीला कुंवर पति तुलसी साव वो बसती देवी पति सियाराम सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1308 | प्लॉट नं०–1306 |
| 31 | 141 | 1308 | निजी | टांड–।।। | 0.002 | यमुनी देवी पति महाबीर साव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1309 | प्लॉट नं०–1307 |
| 32 | 24 | 1309 | निजी | टांड–।।। | 0.007 | यमुनी देवी पति महाबीर साव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1310 | प्लॉट नं०–1308 |
| 33 | 108 | 1310 | निजी | टांड–।।। | 0.004 | शिक्षा विभाग (उच्च विद्यालय) | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1311 | प्लॉट नं०–1309 |
| 34 | 84 | 1311 | निजी | टांड–।।। | 0.009 | शिक्षा विभाग (उच्च विद्यालय) | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1312 | प्लॉट नं०–1310 |
| 35 | 82 | 1312 | निजी | टांड–।।। | 0.007 | शिक्षा विभाग (उच्च विद्यालय) | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1313 | प्लॉट नं०–1311 |
| 36 | 88 | 1313 | निजी | टांड–।।। | 0.013 | अब्दुल रउफ वगै० पिता स्व० सौभी मियाँ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1317 | प्लॉट नं०–1312 |
| 37 | 159 | 1317 | निजी | टांड–।।। | 0.021 | प्लॉट नं०–1317 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1318 | प्लॉट नं०–1317 |
| 38 | 38 | 1318 | निजी | टांड–।।। | 0.014 | रामराज पासवान पिता गरमु पासवान निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1319 | प्लॉट नं०–1317 |
| 39 | 140 | 1319 | निजी | टांड–।।। | 0.003 | अर्जुन रविदास वगै० पिता हेमराज रविदास, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1320 | प्लॉट नं०–1318 |
| 40 | 128 | 1320 | निजी | टांड–।।। | 0.007 | मो० हनीफ अंसारी पिता स्व०द सिवन मियाँ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1322 | प्लॉट नं०–1319 |
| 41 | 133 | 1322 | निजी | टांड–। | 0.007 | मुनेश्वर राणा वगै० पिता स्व० उगन राणा, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1323 | प्लॉट नं०–1320 |
| 42 | 47 | 1323 | निजी | धानखेत | 0.007 | मथुरा प्रसाद यादव वगै० पिता स्व० जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1326 | प्लॉट नं०–1322 |
| 43 | 54 | 1326 | निजी | खेत | 0.007 | गंदौरी राणा पिता स्व० विशुन राणा, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1327 | प्लॉट नं०–1323 |
| 44 | 4 | 1327 | निजी | टांड–।।। | 0.006 | अब्दुल कलाम वगै० पिता स्व० सकुर मियाँ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1329 | प्लॉट नं०–1326 |
| 45 | 108 | 1329 | निजी | टांड–। | 0.004 | बासदेव यादव पिता जागो यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1331 | प्लॉट नं०–1327 |
| 46 | 58 | 1330 | निजी | खेत–। | 0.004 | अन्नु साव पिता स्व० पोखन साव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1332 | प्लॉट नं०–1331 |
| 47 | 75 | 1331 | निजी | टांड–।।। | 0.003 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1330 | प्लॉट नं०–1329 |
| 48 | 74 | 1332 | निजी | टांड–। | 0.006 | सोनी देवी पति विनोद राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1340 | प्लॉट नं०–1330 |
| 49 | 17 | 1340 | निजी | टांड–।।। | 0.004 | छोटू बढ़ई वगै० पिता स्व० कुजीत बढ़ई, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1341 | प्लॉट नं०–1332 |
| 50 | 69 | 1341 | निजी | टांड–। | 0.009 | बासदेव यादव पिता जागो यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1342 | प्लॉट नं०–1340 |
| 51 | 38 | 1343 | निजी | खेत | 0.006 | किशोरी यादव पिता सुखदेव यादव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1344 | प्लॉट नं०–1342 |
| 52 | 126 | 1344 | निजी | टांड–। | 0.012 | किशोरी यादव पिता सुखदेव यादव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1345 | प्लॉट नं०–1343 |
| 53 | 22 | 1345 | निजी | धानखेत–। | 0.006 | किशोरी यादव पिता सुखदेव यादव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1346 | प्लॉट नं०–1344 |
| 54 | 181 | 1346 | निजी | टांड–।।। | 0.006 | सतेन्द्र सिंह पिता राजकुमार सिंह, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1347 | प्लॉट नं०–1345 |
| 55 | 181 | 1347 | निजी | धानखेत–।।। | 0.007 | सतेन्द्र सिंह पिता राजकुमार सिंह, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1349 | प्लॉट नं०–1346 |
| 56 | 181 | 1348 | निजी | परती | 0.037 | बैजनाथ सिंह पिता स्व० उगन सिंह, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1343 | प्लॉट नं०–1360 | रास्ता | नीज |
| 57 | 186 | 1360 | निजी | टांड–।।। | 0.039 | महादेव प्रजापति वगै० पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1348 | प्लॉट नं०–1361 | नीज | रास्ता |
| 58 | 170 | 1361/1 | निजी | टांड–।।। | 0.027 | महादेव प्रजापति वगै० पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1360 | प्लॉट नं०–1366 | नीज | रास्ता |
| 59 | 170 | 1361/2 | निजी | टांड–।।। | 0.027 | अमृत यादव पिता सुखदेव यादव, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1360 | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1366 |
| 60 | 47 | 1366 | निजी | टांड–। | 0.054 | बलदेव यादव वो सुखदेव यादव पिता किशुन यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 61 | 201 | 1368 | निजी | मकान | 0.018 | विजय यादव वो पंकज यादव वो सनाथ यादव पिता बबली यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1441 | प्लॉट नं०–1367 |
| 62 | 179 | 1439 | निजी | टांड–।।। | 0.015 | मथुरा राम वगै० पिता स्व० छुटारी राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1440 | नीज | रास्ता |
| 63 | 176 | 1440 | निजी | टांड–। | 0.016 | चरकू राम वगै० पिता रंगु राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1442 | प्लॉट नं०–1439 |
| 64 | 199 | 1442 | निजी | मकान | 0.012 | भगाली राम पिता बढ़ी भुईयाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1443 | प्लॉट नं०–1440 |
| 65 | 188 | 1443 | निजी | मकान | 0.022 | उमेश राम पिता निरू राम वो भगाली राम पिता बढ़हन राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1444 | प्लॉट नं०–1442 |
| 66 | 178 | 1444 | निजी | टांड–। | 0.024 | बिरबल सिंह पिता स्व० बढ़ी सिंह, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1445 | प्लॉट नं०–1443 |
| 67 | 180 | 1445/1 | निजी | टांड–। | 0.012 | बद्दु राम वो छोटू राम पिता स्व० सुरज राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1448 | प्लॉट नं०–1444 |
| 68 | 180 | 1445/2 | निजी | टांड–। | 0.012 | किशुन राम पिता छट्टू राम निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1448 | प्लॉट नं०–1444 |
| 69 | 202 | 1446 | निजी | मकान | 0.02 | लक्ष्मण राम पिता गोवर्धन राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1445 | प्लॉट नं०–1447 | प्लॉट नं०–1447 | रास्ता |
| 70 | 202 | 1447 | निजी | मकान | 0.03 | बद्दु राम वो छोटू राम पिता स्व० सुरज राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1448 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 71 | 113 | 1451 | निजी | टांड–। | 0.015 | कनी मियाँ पिता स्व० रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1452 | प्लॉट नं०–1452 | रास्ता |
| 72 | 113 | 1452 | निजी | टांड–। | 0.012 | कनी मियाँ पिता स्व० रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1451 | प्लॉट नं०–1453 | नीज | रास्ता |
| 73 | 143 | 1454 | निजी | टांड–। | 0.027 | कनी मियाँ पिता स्व० रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1453 | प्लॉट नं०–1518 | नीज | रास्ता |
| 74 | 159 | 1517 | निजी | टांड–।।। | 0.001 | झमन पाहन वगै० पिता स्व० तेजो पाहन, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1518 | प्लॉट नं०–1519 | प्लॉट नं०–1517 | रास्ता |
| 75 | 158 | 1518 | निजी | टांड–।।। | 0.059 | कनी मियाँ पिता स्व० रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1454 | प्लॉट नं०–1451 | नीज | रास्ता |
| 76 | 108 | 1519 | निजी | खेत | 0.006 | कमल राणा वगै० पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1517 | प्लॉट नं०–1520 | नीज | रास्ता |
| 77 | 4 | 1520 | निजी | टांड–।।। | 0.016 | हकीम मियाँ वगै० पिता स्व० कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1519 | प्लॉट नं०–1448 | नीज | रास्ता |
| 78 | 48 | 1521 | निजी | टांड–।।। | 0.015 | कमल राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1520 | प्लॉट नं०–1522 | नीज | रास्ता |
| 79 | 30 | 1522 | निजी | टांड–।।। | 0.001 | कमल राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1521 | प्लॉट नं०–1967 | नीज | रास्ता |
| 80 | 182 | 1524 | निजी | मकान | 0.034 | सोमन भुईयाँ पिता छबवा भुईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1527 | प्लॉट नं०–1523 | नीज | रास्ता |
| 81 | | 1526 | निजी | खेत | 0.008 | पारो पासवान वगै० पिता कोल्हा पासवान, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1529 | प्लॉट नं०–1524 | रास्ता | नीज |
| 82 | 82 | 1559 | निजी | मकान | 0.031 | मोती सोनार वगै० पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1560 | प्लॉट नं०–1528 | रास्ता | नीज |
| 83 | 181 | 1560/1 | निजी | टांड–।।। | 0.025 | राजकमार कुमार पिता बढ़ी कुमार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1563 | प्लॉट नं०–1560 | रास्ता | नीज |
| 84 | 181 | 1560/2 | निजी | टांड–।।। | 0.025 | नन्दलाल कुमार पिता बढ़ी कुमार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1561 | प्लॉट नं०–1559 | रास्ता | नीज |
| 85 | 181 | 1560/3 | निजी | टांड–।।। | 0.013 | नन्दलाल कुमार पिता बढ़ी कुमार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1561 | प्लॉट नं०–1559 | रास्ता | नीज |
| 86 | 200 | 1561 | निजी | टांड–।।। | 0.015 | छोटी राम पिता स्व० पच्चु राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1560 | प्लॉट नं०–1560 | रास्ता | नीज |
| 87 | 198 | 1563/1 | निजी | खेत | 0.008 | छोटी भुईयाँ वो जामुन भुईयाँ पिता पच्चु भुईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1556 | प्लॉट नं०–1560 | रास्ता | नीज |
| 88 | 198 | 1563/2 | निजी | खेत | 0.007 | पच्चु भुईयाँ पिता समल भुईयाँ निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1556 | प्लॉट नं०–1560 | रास्ता | नीज |
| 89 | 200 | 1564 | निजी | मकान | 0.01 | अमृत भुईयाँ पिता काशी भुईयाँ वो पच्चु भुईयाँ पिता समल भुईयाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1563 | रास्ता | प्लॉट नं०–1563 |
| 90 | 198 | 1565 | निजी | मकान | 0.009 | छोटी भुईयाँ वो जामुन भुईयाँ पिता पच्चु भुईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1566 | प्लॉट नं०–1564 | रास्ता | प्लॉट नं०–1563 |
| 91 | 181 | 1566 | निजी | धानखेत–।। | 0.039 | बिरबल सिंह पिता बढ़ी सिंह, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1568 | प्लॉट नं०–1563 | रास्ता | नीज |
| 92 | 174 | 1568 | निजी | खेत | 0.034 | विशुन प्रजापति पिता............ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | रास्ता | प्लॉट नं०–1576 |
| 93 | 193 | 1569 | निजी | मकान | 0.015 | बिजली प्रजापति वगै० पिता उत्तम प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1570 | रास्ता | प्लॉट नं०–1570 |
| 94 | 193 | 1570 | निजी | टांड–।।। | 0.023 | बिजली प्रजापति वगै० पिता उत्तम प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1569 | रास्ता | नीज |
| 95 | 181 | 1645 | निजी | टांड–।।। | 0.025 | महादेव प्रजापति वगै० पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1546 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1544 |
| 96 | 181 | 1646 | निजी | टांड–।।। | 0.03 | महादेव प्रजापति वगै० पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1549 | प्लॉट नं०–1545 | रास्ता | प्लॉट नं०–1642 |
| 97 | 159 | 1656 | निजी | खेत | 0.021 | उमेश पासवान पिता जानकी पासवान वो पारो राम पिता स्व० कोल्हा राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1657 | प्लॉट नं०–1650 | रास्ता | नीज |
| 98 | 48 | 1657 | निजी | खेत | 0.019 | उमेश पासवान पिता जानकी पासवान वो पारो राम पिता स्व० कोल्हा राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1656 | प्लॉट नं०–1660 |
| 99 | 48 | 1658 | निजी | खेत | 0.016 | उमेश पासवान पिता जानकी पासवान वो पारो राम पिता स्व० कोल्हा राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–1660 |
| 100 | 24 | 1659 | निजी | धानखेत–। | 0.006 | कौशल यादव पिता स्व० गोवर्धन यादव वो बढ़ी प्रसाद महतो पिता स्व० रामेश्वर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1660 | प्लॉट नं०–1660 |
| 101 | 133 | 1660 | निजी | धानखेत–। | 0.020 | दुलारचन्द महतो वगै० पिता गोविन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1657 | प्लॉट नं०–1675 |
| 102 | 2 | 1675 | निजी | धानखेत | 0.016 | बद्री प्रसाद महतो वगै० पिता रामेश्वर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1660 | प्लॉट नं०–1675 |
| 103 | 139 | 1676 | निजी | धानखेत | 0.025 | काशी महतो पिता हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1675 | प्लॉट नं०–1678 |
| 104 | 145 | 1678 | निजी | धानखेत | 0.01 | काशी महतो पिता हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1676 | प्लॉट नं०–1680 |
| 105 | 18 | 1683 | निजी | धानखेत | 0.004 | रामप्रकाश बैदिया पिता स्व० गोवर्धन बैदिया, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1680 | प्लॉट नं०–1683 |
| 106 | 26 | 1686 | निजी | धानखेत | 0.069 | जानकी कुंवर पति बंगाली महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1687 | प्लॉट नं०–1688 | नीज |
| 107 | 181 | 1687 | निजी | धानखेत | 0.002 | काशी महतो पिता हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1688 | प्लॉट नं०–1686 | प्लॉट नं०–1689 |
| 108 | 45 | 1689 | निजी | टांड–। | 0.002 | लालकिशुन प्रजापति पिता हेमलाल साव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1687 | प्लॉट नं०–1684 | रास्ता |
| 109 | 116 | 1690 | निजी | धानखेत | 0.011 | आदित्य राम पिता दिलो राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1689 | प्लॉट नं०–1694 | रास्ता | नीज |
| 110 | 88 | 1694 | निजी | धानखेत | 0.001 | मो० खलील वगै० पिता मसरून सलीती मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1690 | प्लॉट नं०–1695 | रास्ता | नीज |
| 111 | 931 | 1722 | निजी | टांड–।। | 0.025 | युगुक अंसारी वगै० पिता स्व० बहादुर हुसैन, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1721 | प्लॉट नं०–1726 | प्लॉट नं०–1725 | रास्ता |
| 112 | 133 | 1726 | निजी | टांड–।।। | 0.022 | बहादुर हुसैन पिता अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1722 | प्लॉट नं०–1727 | नीज | रास्ता |
| 113 | 47 | 1727 | निजी | खेत | 0.024 | बहादुर हुसैन पिता अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1726 | प्लॉट नं०–1723 | नीज | रास्ता |
| 114 | 134 | 1730 | निजी | टांड–। | 0.024 | मुर्तिकन मियाँ पिता अलीजान मियाँ वो करीम मियाँ पिता स्व० बिहारी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1728 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 115 | 88 | 1745 | निजी | टांड–।। | 0.002 | मुस्लिम मियाँ पिता दुखन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1744 | प्लॉट नं०–1744 | रास्ता |
| 116 | 143 | 1746 | निजी | टांड–।। | 0.004 | तेज अली मियाँ पिता पुनित मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–1745 | प्लॉट नं०–1745 | प्लॉट नं०–1747 |
| 117 | 143 | 1747 | निजी | टांड–।। | 0.008 | तेज अली मियाँ पिता पुनित मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–1748 | प्लॉट नं०–1748 |
| 118 | 92 | 1748/1 | निजी | टांड–। | 0.04 | उड़ीन मियाँ पिता जौवा मियाँ, निवासी नीज ग्राम | | प्लॉट नं०–1749 | नीज | रास्ता |
| 119 | 92 | 1748/2 | निजी | टांड–। | 0.04 | मिराज मियाँ पिता सफी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | | प्लॉट नं०–1749 | नीज | रास्ता |
| 120 | 143 | 1753 | निजी | टांड–।। | 0.025 | जाकीर हुसैन पिता सफी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1749 | प्लॉट नं०–1754 | प्लॉट नं०–1752 | रास्ता |
| 121 | 34 | 1754/1 | निजी | टांड–।। | 0.009 | अर्जुन यादव वगै० पिता बहादुर यादव, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1753 | प्लॉट नं०–1758 | प्लॉट नं०–1755 | रास्ता |
| 122 | 34 | 1754/2 | निजी | खेत | 0.009 | जरीना खातुन पति जाहिर हुसैन वो अनवर हुसैन पिता ....... निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1753 | प्लॉट नं०–1758 | प्लॉट नं०–1755 | रास्ता |
| 123 | 104 | 1759 | निजी | टांड–। | 0.016 | मो० अकबर पिता स्व० मुस्तकिम मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1758 | प्लॉट नं०–1760 | नीज | रास्ता |
| 124 | 104 | 1760 | निजी | टांड–। | 0.01 | मुस्तकिम पिता मियाँ हमीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1759 | प्लॉट नं०–1761 | नीज | रास्ता |
| 125 | 87 | 1761 | निजी | टांड–। | 0.028 | अब्दुल रसीद पिता स्व० पीरमोहम्मद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1760 | प्लॉट नं०–1762 | नीज | रास्ता |
| 126 | 185 | 1921 | निजी | मकान | 0.003 | शिक्षा विभाग (मध्य विद्यालय) | प्लॉट नं०–1723 | प्लॉट नं०–1726 | प्लॉट नं०–1723 | रास्ता |
| 127 | 82 | 1926 | निजी | टांड–।। | 0.085 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार वो मोती सोनार वगै० पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1523 | प्लॉट नं०–1559 | रास्ता | नीज |
| 128 | 82 | 1959 | निजी | परती कदीम | 0.054 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार वो मोती सोनार वगै० पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1526 | प्लॉट नं०–1560 | रास्ता | नीज |
| 129 | 75 | 1960 | निजी | खेत | 0.024 | आदित्य सोनार वगै० पिता स्व० लोचन सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1559 | प्लॉट नं०–2165 | रास्ता | नीज |
| 130 | 82 | 1961 | निजी | परती कदीम | 0.008 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार वो मोती सोनार वगै० पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1962 | प्लॉट नं०–2164 | नीज | रास्ता |
| 131 | 82 | 1962 | निजी | धानखेत–।।। | 0.001 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1989 | प्लॉट नं०–1961 | प्लॉट नं०–1962 | प्लॉट नं०–1963 |
| 132 | 82 | 1963 | निजी | टांड–।।। | 0.052 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1964 | प्लॉट नं०–1962 | नीज | रास्ता |
| 133 | 124 | 1964 | निजी | खेत | 0.075 | राजकुमार पासवान वगै० पिता धमन राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1965 | प्लॉट नं०–1963 | नीज | रास्ता |
| 134 | 158 | 1965 | निजी | खेत | 0.023 | सुखदेव राणा वगै० पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1966 | प्लॉट नं०–1964 | नीज | रास्ता |
| 135 | 157 | 1966 | निजी | खेत | 0.017 | सुखदेव राणा वगै० पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1967 | प्लॉट नं०–1965 | नीज | रास्ता |
| 136 | 22 | 1967 | निजी | खेत | 0.001 | सुरेश राणा वगै० पिता हरिहर राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1522 | प्लॉट नं०–1966 | नीज | रास्ता |
| 137 | 4 | 2021 | निजी | परती कदीम | 0.049 | कनी मियाँ वगै० पिता रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | सीमाना... | प्लॉट नं०–2023 | रास्ता | नीज |
| 138 | 38 | 2022 | निजी | खेत | 0.021 | पारो मियाँ पिता________ निवासी नीज ग्राम | सीमाना... | प्लॉट नं०–2023 | नीज | रास्ता |
| 139 | 157 | 2023 | निजी | परती कदीम | 0.036 | युगल महतो वगै० पिता स्व० फुलचन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2022 | प्लॉट नं०–2024 | प्लॉट नं०–2023 | रास्ता |
| 140 | 76 | 2024 | निजी | खेत | 0.084 | रामकुमार मेहता पिता स्व० मुलचन्द मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2023 | प्लॉट नं०–2033 | प्लॉट नं०–2026 | प्लॉट नं०–2021 |
| 141 | 101 | 2033 | निजी | धानखेत–।। | 0.517 | महेन्द्र किशोर मेहता पिता स्व० जगदीश महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लॉट नं०–2024 | प्लॉट नं०–2035 | नीज | नीज |
| 142 | 133 | 2034 | निजी | परती कदीम | 0.035 | चन्द्रशेखर यादव वगै० पिता स्व० उदयनाथ यादव, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2032 | प्लॉट नं०–2040 | नीज | रास्ता |
| 143 | 101 | 2037 | निजी | धानखेत–।। | 0.16 | महेन्द्र किशोर मेहता पिता स्व० जगदीश महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लॉट नं०–2035 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 144 | 153 | 2038 | निजी | टांड–। | 0.034 | युगल महतो वगै० पिता स्व० फुलचन महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2041 | प्लॉट नं०–2037 |
| 145 | 152 | 2040 | निजी | टांड–।। | 0.374 | अयोध्या प्रसाद मेहता वगै० पिता रामेश्वर महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2034 | चादर नं०–05 | सीमाना... | प्लॉट नं०–3038 |
| 146 | 154 | 2041 | निजी | टांड–। | 0.285 | जयकिशोर महतो वगै० पिता स्व० हरिहर महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | नीज | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 147 | 47 | 2095/1 | निजी | खेत | 0.032 | मथुरा प्रसाद यादव पिता स्व० जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2101 | रास्ता |
| 148 | 47 | 2095/2 | निजी | खेत | 0.032 | बंगाली महतो वगै० पिता स्व० महाबीर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2101 | रास्ता |
| 149 | 47 | 2095/3 | निजी | खेत | 0.03 | लखन यादव पिता स्व० जयलाल यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2101 | रास्ता |
| 150 | 75 | 2101/1 | निजी | टांड–।। | 0.081 | आदित्य सोनार वगै० पिता स्व० लोचन सोनार, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2042 | प्लॉट नं०–2095 |
| 151 | 75 | 2101/2 | निजी | टांड–।। | 0.081 | मिन्हाज हुसैन पिता पारो मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2042 | प्लॉट नं०–2095 |
| 152 | 95 | 2104 | निजी | टांड–।। | 0.119 | मुस्लिम मियाँ पिता करमली मियाँ वो धनु सोनार पिता शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2103 | प्लॉट नं०–2105 |
| 153 | 86 | 2105/1 | निजी | टांड–।। | 0.04 | बीबी सैरून निशा पति मो० दिलावर हुसैन, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2104 | प्लॉट नं०–2106 |
| 154 | 86 | 2105/2 | निजी | टांड–।। | 0.04 | समुनाथ यादव पिता छत्रधारी यादव वो मुस्लिम मियाँ वगै० पिता करमली मियाँ वो रामकिशोर सोनी वो राजेन्द्र सोनी पिता लोकन सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2104 | प्लॉट नं०–2106 |
| 155 | 86 | 2105/3 | निजी | टांड–।। | 0.036 | रामकिशोर सोनी वो राजेन्द्र सोनी पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व० दशरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2104 | प्लॉट नं०–2106 |
| 156 | 62 | 2106 | निजी | धानखेत–।। | 0.102 | बीबी सैरून निशा पति मो० दिलावर हुसैन वो मो० कशीदा खातुन पति स्व० रहमत हुसैन वो मो० वाहिदा खातुन पति स्व० रजबली मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2105 | प्लॉट नं०–2107 |
| 157 | 62 | 2107 | निजी | टांड–।। | 0.076 | अशोक सोनी वगै० पिता लखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2106 | प्लॉट नं०–2108 |
| 158 | 75 | 2108 | निजी | धानखेत–। | 0.097 | झमन साव पिता टनक साव, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2109 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 159 | 86 | 2109/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.04 | अर्जुन सोनी वगै० पिता भीखन सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2112 | प्लॉट नं०–2108 | नीज | रास्ता |
| 160 | 86 | 2109/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.035 | रामकिशोर सोनी वगै० पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व० दशरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2112 | प्लॉट नं०–2108 | नीज | रास्ता |
| 161 | 86 | 2110 | निजी | टांड–।। | 0.008 | अर्जुन सोनी वगै० पिता भीखन सोनी वो रामकिशोर सोनी वगै० पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व० दशरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–2357 | प्लॉट नं०–2358 | रास्ता |
| 162 | 85 | 2112 | निजी | धानखेत–।।। | 0.025 | सुफिया खातुन पति मो० कैशर अंसारी, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2114 | प्लॉट नं०–2109 | नीज | रास्ता |
| 163 | | 2114 | निजी | धानखेत–। | 0.012 | लुरकी सोनार वगै० पिता स्व० गंगु सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2115 | प्लॉट नं०–2112 | नीज | रास्ता |
| 164 | 75 | 2115 | निजी | धानखेत–।।। | 0.009 | दिनेशर मेहता पिता ________ निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2116 | प्लॉट नं०–2114 | नीज | रास्ता |
| 165 | 95 | 2116 | निजी | धानखेत–।।। | 0.022 | महेश सोनी वगै० पिता प्रमेश्वर सोनी वो किशुन राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2118 | प्लॉट नं०–2115 | नीज | रास्ता |
| 166 | 61 | 2118 | निजी | धानखेत–।।। | 0.011 | छट्टू यादव वगै० पिता सोहन महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2119 | प्लॉट नं०–2116 | नीज | रास्ता |
| 167 | 62 | 2119 | निजी | धानखेत–।।। | 0.015 | छट्टू यादव वगै० पिता सोहन महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2120 | प्लॉट नं०–2118 | नीज | रास्ता |
| 168 | 75 | 2122 | निजी | परती कदीम | 0.038 | दिनेश्वर मेहता पिता ________ निवासी ग्राम लुपुंग | प्लॉट नं०–2125 | प्लॉट नं०–2119 | प्लॉट नं०–2121 | रास्ता |
| 169 | | 2125 | निजी | धानखेत–।। | 0.057 | प्लॉट 2125 का रैयत | प्लॉट नं०–2164 | रास्ता | प्लॉट नं०–2154 | प्लॉट नं०–2124 |
| 170 | 86 | 2164/1 | निजी | टांड–।।। | 0.032 | अर्जुन सोनी वगै० पिता भीखन सोनी वो रामकिशोरी सोनी वगै० पिता लोकन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1961 | प्लॉट नं०–2125 | नीज | रास्ता |
| 171 | 86 | 2164/2 | निजी | टांड–।।। | 0.013 | अन्नु साव पिता स्व० मेघन साव, निवासी ग्राम कंचनपुर जेलमा | प्लॉट नं०–1961 | प्लॉट नं०–2125 | नीज | रास्ता |
| 172 | 86 | 2164/3 | निजी | टांड–।।। | 0.022 | अर्जुन सोनी वगै० पिता भीखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1961 | प्लॉट नं०–2125 | प्लॉट नं०–1989 | रास्ता |
| 173 | 86 | 2165 | निजी | टांड–।।। | 0.022 | रामकिशोर सोनी पिता स्व० लोकन सोनी वो अर्जुन सोनी वो लक्ष्मण सोनी पिता भीखन सोनी वो मो० यशोदा पति दशरथ राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–1960 | प्लॉट नं०–2166 | रास्ता | नीज |
| 174 | 82 | 2166 | निजी | टांड–।।। | 0.051 | धनु सोनार पिता स्व० शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता स्व० विशुन सोनार वो मोती सोनार पिता स्व० हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2165 | प्लॉट नं०–2182 | रास्ता | नीज |
| 175 | 95 | 2181 | निजी | टांड–।।। | 0.002 | धनु सोनार पिता स्व० शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2166 | प्लॉट नं०–2182 | रास्ता | नीज |
| 176 | 150 | 2185 | निजी | टांड–।। | 0.009 | प्लॉट नं०–2185 का रैयत | प्लॉट नं०–2184 | प्लॉट नं०–2187 | रास्ता | नीज |
| 177 | 61 | 2187 | निजी | धानखेत–। | 0.009 | महेश सोनी वगै० पिता स्व० प्रमेश्वर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2185 | प्लॉट नं०–2188 | रास्ता | नीज |
| 178 | 62 | 2188 | निजी | धानखेत–।।। | 0.008 | अशोक सोनी वगै० पिता स्व० लखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2187 | प्लॉट नं०–2189 | रास्ता | नीज |
| 179 | 86 | 2189 | निजी | धानखेत–।।। | 0.008 | रामकिशोर सोनी वगै० पिता लोकन सोनी वो अर्जुन सोनी वगै० पिता भीखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–2188 | प्लॉट नं०–2190 | रास्ता | नीज |
| 180 | 95 | 2190 | निजी | धानखेत–।। | 0.003 | अवध मेहता वगै० पिता स्व० लालजी महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लॉट नं०–2189 | प्लॉट नं०–2191 | रास्ता | नीज |
| 181 | 31 | 2358 | निजी | खेत | 0.002 | शम्भु यादव वगै० पिता स्व० छत्रधारी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2361 | प्लॉट नं०–2357 |
| 182 | 108 | 2906/1 | निजी | खेत | 0.01 | मोमताज मियाँ पिता ईसाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–2907 | प्लॉट नं०–2910 | प्लॉट नं०–2904 |
| 183 | 108 | 2906/2 | निजी | खेत | 0.01 | समसुदीन मियाँ पिता ईसाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2907 | प्लॉट नं०–2905 |
| 184 | 44 | 2910/1 | निजी | खेत | 0.007 | मोहम्मद सरफुदीन मियाँ पिता ईसाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2911 | प्लॉट नं०–2909 |
| 185 | 44 | 2910/2 | निजी | खेत | 0.007 | मिनहाज मियाँ पिता स्व० उसमान मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2911 | प्लॉट नं०–2909 |
| 186 | 44 | 2910/3 | निजी | खेत | 0.007 | सजसुदीन मियाँ पिता रजाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लॉट नं०–2911 | प्लॉट नं०–2909 |
| 187 | 47 | 2974 | निजी | मकान | 0.048 | मथुरा प्रसाद यादव पिता स्व० जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 188 | 60 | 2976 | निजी | खेत | 0.017 | शिवमंदिर | प्लॉट नं०–2990 | प्लॉट नं०–2977 | रास्ता | नीज |
| 189 | 101 | 2977 | निजी | खेत | 0.04 | महेन्द्र किशोर मेहता पिता स्व० जगदीश महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–2976 | रास्ता |
| 190 | 31 | 2984/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | फुलो महतो वगै० पिता बुलाकी महतो वो राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटू महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 191 | 31 | 2984/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | अर्जुन यादव वगै० पिता स्व० बद्री यादव, निवासी नीज ग्राम | फुलो महतो | रामसरूप यादव | रास्ता | रास्ता |
| 192 | 31 | 2984/3 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | रामसरूप यादव वगै० पिता स्व० यादव महतो, निवासी नीज ग्राम | अर्जुन यादव | बासदेव यादव | रास्ता | रास्ता |
| 193 | 31 | 2984/4 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | बासुदेव यादव वो राजेन्द्र यादव पिता लालकिशुन यादव, निवासी नीज ग्राम | रामसरूप यादव | केदार यादव | रास्ता | रास्ता |
| 194 | 31 | 2984/5 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | केदार यादव वो उमेश यादव पिता स्व० बाबुलाल यादव, निवासी नीज ग्राम | बासदेव यादव | राजेन्द्र प्रसाद यादव | रास्ता | रास्ता |
| 195 | 31 | 2984/6 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटू यादव वो यादव महतो वगै० पिता फुलचन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | केदार यादव | देवाली यादव | रास्ता | रास्ता |
| 196 | 31 | 2984/7 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | देवाली यादव वगै० पिता स्व० प्रयाग महतो, निवासी नीज ग्राम | राजेन्द्र प्रसाद यादव | लुकेश्वर यादव | रास्ता | रास्ता |
| 197 | 71 | 2992/1 | निजी | खेत | 0.006 | लुकेश्वर यादव वो मोती यादव पिता बढ़हन महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | देवाली यादव | सतनारायण यादव |
| 198 | 71 | 2992/2 | निजी | | 0.005 | सतनारायण यादव पिता सोहन यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | लुकेश्वर यादव | कैलाश यादव |
| 199 | 71 | 2992/3 | निजी | खेत | 0.005 | कैलाश यादव पिता दुलार महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | सतनारायण यादव | भोला यादव |
| 200 | 71 | 2992/4 | निजी | खेत | 0.005 | भोला यादव पिता बसंत यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | कैलाश यादव | बुधन राम |
| 201 | 151 | 3005/1 | निजी | टांड–। | 0.021 | बुधन राम पिता स्व० तिलो राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बसंत नारायण राम | सुलेमान मियाँ |
| 202 | 151 | 3005/2 | निजी | टांड–। | 0.021 | बसंत नारायण राम वो रामनारायण राम पिता स्व० मौली राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बुधन राम | सुलेमान मियाँ |
| 203 | 98 | 3006/1 | निजी | टांड–। | 0.015 | सुलेमान मियाँ पिता जमरूदीन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बसंत नारायण राम | सकिला खातुन |
| 204 | 98 | 3006/2 | निजी | टांड–। | 0.015 | सकीला खातुन पिता सुलेमान मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | सुलेमान मियाँ | रास्ता |
| 205 | 141 | 3007 | निजी | टांड–। | 0.003 | काशी महतो वगै० पिता स्व० हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | लालजी यादव | सकिला खातुन | नीज | रास्ता |
| 206 | 31 | 3008 | निजी | मकान सहन | 0.002 | लालजी यादव पिता प्रयाग महतो वो उमेश यादव वगै० पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | लालजी यादव | सकिला खातुन | नीज | रास्ता |
| 207 | 31 | 3009 | निजी | टांड–। | 0.029 | लालजी यादव पिता प्रयाग महतो वो उमेश यादव वगै० पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | राजेन्द्र प्रसाद यादव | लालजी यादव | नीज | रास्ता |
| 208 | 31 | 3020 | निजी | टांड–।। | 0.02 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटू यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | लालजी यादव | नीज | रास्ता |
| 209 | 98 | 3021 | निजी | टांड–।। | 0.001 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटू यादव, निवासी नीज ग्राम | केदार महतो | राजेन्द्र प्रसाद यादव | नीज | रास्ता |
| 210 | 135 | 3023 | निजी | टांड–।। | 0.09 | केदार महतो वगै० पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 211 | 135 | 3024 | निजी | टांड–।। | 0.02 | गणेश यादव वो केदार महतो वो उमेश यादव पिता स्व० बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 212 | 135 | 3025 | निजी | मकान सहन | 0.02 | गणेश यादव वो केदार महतो वो उमेश यादव पिता स्व० बाबुलाल महतो निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 213 | 98 | 3026 | निजी | टांड–।। | 0.19 | शम्भुनाथ महतो पिता छत्रधारी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 214 | 60 | 3032 | निजी | धानखेत–।। | 0.019 | अब्दुल बारिक पिता स्व० बक्शी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–3029 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 215 | 120 | 3035 | निजी | टांड–।। | 0.004 | प्लॉट नं०–3035 का रैयत | प्लॉट नं०–3033 | नीज | रास्ता | नीज |
| 216 | 120 | 3036 | निजी | मकान सहन | 0.01 | छकना यादव पिता महबीर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | प्लॉट नं०–3035 |
| 217 | 60 | 3038 | निजी | खेत | 0.015 | सबीता देवी पति तिलेश्वर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लॉट नं०–3039 | रास्ता | प्लॉट नं०–3039 |
| 218 | 64 | 3039 | निजी | मकान | 0.008 | सबीता देवी पति तिलेश्वर यादव, निवासी नीज ग्राम | सबिता देवी | प्लॉट नं०–3041 | रास्ता | नीज |
| 219 | 144 | 3041 | निजी | टांड–।।। | 0.006 | मो० राधा पति स्व० लोधी राम, निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–3039 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 220 | 11 | 3049 | निजी | खेत | 0.022 | प्रमेश्वर मिस्त्री वगै० पिता जागो मिस्त्री निवासी नीज ग्राम | प्लॉट नं०–3042 | मो० फारूक वगै० | रास्ता | नीज |
| 221 | 76 | 3050 | निजी | टांड–। | 0.102 | मो० फारूक वगै० पिता अब्दुल हमीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज |
| 222 | 31 | 3052 | निजी | टांड–। | 0.057 | मो० पियास जोजे मन्टु राम वो रामकिशोर राम पिता प्रमेश्वर राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नुर मोहम्मद | नीज | रास्ता |
| 223 | 14 | 3078 | निजी | धानखेत | 0.012 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व० अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | मो० पियास | नुर मोहम्मद | नीज | रास्ता |
| 224 | 133 | 3080 | निजी | खेत | 0.004 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व० अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नुर मोहम्मद | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 225 | 133 | 3088 | निजी | मकान | 0.003 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व० अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | मो० अयुब | नीज | रास्ता |
| 226 | 23 | 3089 | निजी | टांड–।।। | 0.015 | मोहम्मद आयुब पिता स्व० दुखन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नुर मोहम्मद | मो० सरफुदीन | नीज | रास्ता |
| 227 | 39 | 3125 | निजी | खेत | 0.023 | मो० सरफुदीन वो मो० नईम मियाँ पिता स्व० दुखन मियाँ, जाति अंसारी, निवासी नीज ग्राम | मो० अयुब | नीज | नीज | रास्ता |
| 228 | 57 | 3126/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.016 | खैरून निशा पति स्व० मनीरूदीन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | मो० सरफुदीन | मो० हासिम | नीज | रास्ता |
| 229 | 57 | 3126/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.016 | मो० हासिम वगैरह पिता अजीम मियाँ निवासी नीज ग्राम | खैरून निशा | मो० नईम | नीज | रास्ता |
| 230 | 57 | 3126/3 | निजी | धानखेत–।।। | 0.016 | मो० नईम पिता स्व० दुखन मियाँ निवासी नीज ग्राम | मो० हासिम | मो० सरफुदीन | नीज | रास्ता |
| 231 | 57 | 3126/4 | निजी | धानखेत–।।। | 0.017 | सरफुदीन अंसारी पिता स्व० दुखन मियां निवासी नीज ग्राम | मो० नईम | मो० सलीम | नीज | रास्ता |
| 232 | 71 | 3127 | निजी | – | 0.027 | मो० सलीम मियां पिता स्व० नाजुम मियां निवासी नीज ग्राम | मो० सरफुदीन | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 233 | 77 | 3150 | निजी | धानखेत–।।। | 0.06 | रौनक अंसारी वो बसीर अंसारी वो नईम मियां पिता दिलावर हुसैन निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 234 | 133 | 3151 | निजी | परती कदीम | 0.123 | चन्द्रशेखर यादव पिता उदय नाथ यादव वो नरेन्द्र यादव वो राकेश यादव पिता स्व० रामलाल यादव वो चन्द्रदेव यादव पिता स्व० उमर महतो निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रौनक अंसारी | नीज | नीज |
| 235 | 156 | 3152/1 | निजी | परती कदीम | 0.074 | मो० कुदुस वो मो० नसरूदीन वो मो० अक्तर पिता गुलाम हुसैन निवासी नीज ग्राम | रौनक अंसारी | मो० इसराईल | नीज | नीज |
| 236 | 156 | 3152/2 | निजी | परती कदीम | 0.073 | मो० इसराईल वो मुस्तकिम अंसारी वो बसीर अंसारी वो नईम अंसारी पिता स्व० दिलावर हुसैन निवासी नीज ग्राम | मो० कुदुस | सीमाना पिचरी | नीज | नीज |
| | | कुल | | | 6.816 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं०–30 / 2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन कि लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं०–46, जिला–हजारीबाग में कुल **6.816** एकड़ यानि **2.7595** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 352423 (Land Reforms) 25-26 (D)

# चीनी चाल

जब भारत ऑपरेशन सिंदूर में लगा था तब लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नयी दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा। दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं।

# आज का राशिफल

**मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8**

**वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8**

**मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9**

**कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9**

**सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7**

**कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8**

**तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7**

**वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8**

**धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8**

**मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9**

**कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9**

**मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही !

पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों के विनाश और सैकड़ों आतंकियों की अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।


पाकिस्तान की सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी-बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिए हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिए गए होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे



प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के



- डॉ आशिष

> एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रंप ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की हवा निकाल दी।

एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।

भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्किये और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया, हथियार भी लिए। पहले रूस से लड़ने के लिए, फिर अफगानिस्तान से लड़ने के लिए। अमेरिका को भी धोखा देता रहा। ओसामा बिन लादेन को अपने यहां छुपा कर रखा और अमेरिका को पता नहीं लगने दिया। आखिरकार अमेरिका ने खोज लिया और खोज कर मारा।

इसमें कोई दोराय नहीं है कि पाकिस्तान किसी को भी धोखा दे सकता है। और भारत को तो हमेशा धोखा ही देगा। पाकिस्तान की एक बात पर हमेशा विश्वास करना चाहिए कि उस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। वो हमेशा दगा देखा, हमेशा धोखा देगा। इसलिए वो चाहे कोई भी वादा करे तब भी उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि वो भविष्य में आतंकवाद का साथ नहीं देगा। वो सिर्फ अवसर की प्रतीक्षा करेगा। वर्तमान में जो स्थितियां वहां भारत के हमले के बाद उपजी हैं, उसके चलते पाकिस्तान की सेना और सरकार आमजन में अपनी छवि और साख को बनाए रखने के लिए भारत को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं हटेगा। ये बात गांठ बांध लीजिए। ये संघर्ष विराम उसे इसीलिए चाहिए था, सांस लेने का अवसर। जो घाव भारतीय सेना ने उसे दिए हैं, उन पर मरहम पट्टी का अवसर चाहिए था। उसे फिर से तैयारी का अवसर चाहिए था। फिर से आतंकवादी गतिविधियों की रणनीति बनाने का समय और मौका चाहिए था। उसे तीन वस्तुओं की आवश्यकता थी। समय, पैसा और हथियार। और उसको ये तीनों चीजें संघर्ष विराम ही दिला सकता था। और उसे संघर्ष विराम मिल चुका है।

विश्व में पाकिस्तान की ही नहीं, अमेरिका की छवि धोखेबाज देश की है। विश्व भर में उसकी धोखेबाजी के किस्सों की लंबी सूची है।

और जहां तक बात भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की है। जब भी दोनों देशों के बीच तनाव होगा, संघर्ष होगा, अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर होगा। अमेरिका को भारत की जरूरत है, चीन पर नियंत्रण के लिए। जब तक ये जरूरत नहीं थी तब तक अमेरिका भारत का विरोध ही करता रहा। मेरा मानना है कि संघर्ष विराम की घोषणा करके भारत अपनी शराफत में मारा गया।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

देश में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**- रवि, गुमला**

## X ट्वीट

**सेना** की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक 'राष्ट्रधर्म' निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा एक वीरांगना बेटी को जाति की परिधि में बांधना न केवल उनकी पार्टी की संकुचित सोच का प्रदर्शन है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी घोर अपमान है।

यह वही मानसिकता है, जो तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति में राष्ट्रभक्ति तक को बांटने का दुस्साहस करती है।

इस विकृत जातिवादी सोच को जनता फिर जवाब देगी।

**- आदित्यनाथ योगी**

# दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

**सामयिक**

डॉ. आशीष वशिष्ठ

आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी।

भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी-बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दयाभावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रंपच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि प्रधानमंत्री मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है।

ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने ना केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरुद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा।

पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुनः सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है।यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम संपूर्ण विश्व के समक्ष है।

# डेंगू से घबराने की नहीं, सावधान रहने की जरूरत

**हेल्थ**

(राष्ट्रीय डेंगू दिवस/16 मई /विशेष)

**श्वेता गोयल**

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है। इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है।

डेंगू की बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, इसका अनुमान इसी लगाया जा सकता है कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है। बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि सालभर सामने आते रहते हैं। तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया। ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरूआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है।


यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

**इस भीषण गर्मी में राजधानी रांची के स्मार्ट सिटी धुर्वा स्थित जल आपूर्ति की पाईप फटने से हो रही पानी की बर्बादी।**

**तस्वीर- अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में शौर्य सम्मान यात्रा आज



रामगढ़ । रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहत ने गुरुवार को बताया कि शुक्रवार को 10 बजे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना और सभी सुरक्षा बलों के सम्मान में तिरंगा शौर्य समान यात्रा रामगढ़ में निकाली जाएगी । तिरंगा यात्रा रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर से आरम्भ होगा जो बिजुलिया, फुटबॉल ग्राउंड, सुभाष चौक होते हुए जैन मंदर के समीप पहुंचकर संपन्न होगा। मेहता की अध्यक्षता में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक जिला के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को वैष्णव देवी मंदिर रोड स्थित अनमोल सिंह के आवासीय कार्यालय में की गई। उन्होंने सभी को जवाबदेही तय करते हुए आमजनों के सहभागिता पर चर्चा की । सांसद , विधायक सहित सामाजिक संगठन , प्रबुद्ध लोगों व अन्य गणमान्य जनों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिला अध्यक्ष ने रामगढ़ जिला के सभी सम्मानित जनता से भी तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शामिल होने की अपील की है। बैठक में जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति , जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी,विजय जायसवाल व गौतम महतो मौजूद थे।

### धरती आबा उत्कर्ष अभियान शुरू



**रामगढ़।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन सहित अन्य योजनाओं का लाभ बिरहोर समूह के लोगों को देने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर पूरे रामगढ़ जिले में बिरहोर समूह के लोगों का सर्वे किया गया। सर्वे के तहत रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातु एवं छत्तरमांडू में 90, मांडू प्रखंड अंतर्गत सुगिया, मुरपा, गोविंदपुर, बालादोहर, दुरुकस्मार, चैनपुर में 601, गोला प्रखंड अंतर्गत साडम में 30, पतरातू प्रखंड अंतर्गत डाड़ीडीह एवं हेहल में 98, एवं दुलमी प्रखंड के भालू में 23 कुल 842 बिरहोर समूह के लोगों का सर्वे किया गया। सर्वे के उपरांत बिरहोर समूह के लोगों को सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

### कुजू में नरेश करमाली की महिला लापता



**कुजू।** कुजू निवासी नरेश करमाली ने मां की गुमशुदगी को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गत 11 मई की शाम करीब 6:30 बजे मां बाली देवी घर से निकल कर कही चली गयी। जो काफी देर तक वापस नही आने के बाद आस-पास व रिश्तेदारों में काफी खोजबीन किया, लेकिन उनका कुछ भी पता नही चला। नरेश करमाली ने पुलिस से खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

### लादी में कराटे प्रशिक्षण संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन के तत्वाधान में फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में चल रहे दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को संपन्न हुआ। महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर और आस्था सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कराटे तकनीकें सिखाईं। प्राचार्या रीता देवी ने जानकारी दी कि विद्यालय में कराटे प्रशिक्षण प्राचार्य अमरनाथ कुशवाहा के निर्देशानुसार सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 4 बजे से नियमित रूप से कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। शिविर को सफल बनाने में शिक्षिका रूपम कुमारी, बबीता देवी, सानिया फिरदौस, तनुजा परवीन, सुनैना कुमारी, सलूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, निकिता कुमारी, प्रियंका देवी और श्वेता कुमारी का विशेष योगदान रहा।

### जीएम कार्यालय में एसीसी की बैठक

**कुजू।** सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में एसीसी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा व संचालन एसओपी गिरिश चंद्र ने किया। महाप्रबंधक ने कहा कि सभी ट्रेड यूनियन के सहयोग से तोपा, करमा, सारूबेड़ा व आरा परियोजना से 2025 के लिए मिले लक्ष्य को पूरा करना है। वहीं बंद पुंडी, पिंडरा कोलियरी को जल्द ही चालू करने के लिए सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने तोपा पीट ऑफिस तक पीसीसी पथ निर्माण कराने, कोयला चोरी पर अंकुश लगाने, कुजू सीसीएल रेलवे साइडिंग से प्रतिदिन दो ट्रक हो रहे कोयला चोरी पर संज्ञान में लेते हुए जल्द कार्रवाई करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। मौके पर तोपा पीओ मनोज कुमार सिंह, एसओ माइनिंग एके सिंह, करमा पीओ रामेश्वर मुंडा, पर्सनल ऑफिसर प्रताप रंजन, भूषण यादव, बीसीकेयू क्षेत्रीय सचिव श्याम सिंह, वाहिद अंसारी आदि मौजूद थे।

### नागरिक मंच का एसपी से सुरक्षा की गुहार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वरिष्ठ नागरिक मंच ने भुरकुंडा में बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई है। मंच के अध्यक्ष अशेक सिंह चौहान ने गुरूवार को कहा कि पिछले 10-12 दिनो में थाना क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिको के घरो में चोरो और उच्चकों द्वारा चोरी और छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे वरिष्ठ नागरिको की सुरक्षा चिंता का विषय बन गया है। उन्होने एसपी से वरिष्ठ नागरिको की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होने बताया कि 2 मई को चोरो ने रीवर साईड पुराना थाना कॉलोनी में रवि वर्मा, 10 मई को एमएम झा और रविंद्र राम के आवास का ताला तोड़कर नगदी, सोने चांदी के गहने, कीमती कपडे सहित हजारो रूपयों के समानों की चोरी कर ली। इसके बाद 14 मई को दिन दहाडे.दोपहर करीब साढे तीन बजे भदानीनगर ओपी क्षेत्र के मतकमा गांव निवासी वृद्धा शांति देवी बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार रूपया निकालकर अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में पटेलनगर शिव मंदिर के समीप से बाईक सवार उच्चकों ने 50 हजार रुपए की छिनतई कर फरार हो गये। इसके अलावे 14 मई की रात्रि चोरो ने जवाहरनगर पंचायत के हुरूमगढ़ा स्थित पीएचडी के पानी टंकी से हजारो रूपयों के पार्ट्स की चोरी कर ली।

## हजारीबाग में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

# जो भारत से टकराएगा, चूर चूर हो जायेगा : जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भारतीय सेना की सफलता के जश्न में हजारीबाग में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद भाजपा जिला इकाई ने गुरुवार को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता और सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में निकाली गई। तिरंगा यात्रा की शुरूआत बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से हुई और यह अन्नदा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड, झंडा चौक, भगत सिंह चौक, काली बड़ी चौक, बंशीलाल चौक होते हुए पुनः बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंची। वहां आयोजित सभा में भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह कोडरमा के पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र कुमार राय, बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा




विधायक अमित यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने आतंकियों को करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान हमेशा आतंकवाद का समर्थन करता है, लेकिन हमारी सेना ने उसे मुंहतोड़ जवाब देकर दिखा दिया कि हमें छेड़ने की कोशिश की तो हम छोड़ेंगे नहीं।

जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य का परिचायक है। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया और उसके एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया। इससे भारत ने विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर कोई हमें आंख दिखाएगा, तो उसे मिटा दिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हाथों में तख्तियां और तिरंगे लहराते हुए पाकिस्तान विरोधी और सेना के समर्थन में नारे लगाए। जो हिंदुस्तान से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा। जैसे नारों से पूरा हजारीबाग गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केपी ओझा, सुरेश चंद्रवंशी, रेणुका साहू, आनंद देव, दामोदर सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से देशभर में देशभक्ति की भावना जागी है और जनता को सेना के पराक्रम पर गर्व है। अंत में, भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सामरिक ताकत को नए सिरे से स्थापित किया है। सभा में विधायकों और अन्य नेताओं ने भी सेना के पराक्रम को सलाम किया और लोगों से देश की सुरक्षा में सेना का सहयोग करने का आह्वान किया।

## कटकमदाग में डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड में डीडीसी इश्तियाक अहमद ने बेस पंचायत और कुशुम्भा पंचायत में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना 'अबुआ आवास' और मनरेगा के तहत चल रहे कूप निर्माण और आम बागवानी परियोजनाओं का जायजा लिया। इश्तियाक अहमद ने बताया कि आम बागवानी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल किसानों और आमजन को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। इसके बाद, उप विकास आयुक्त ने कटकमदाग प्रखंड



मुख्यालय के कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद, बीपीओ एकराम हसन, आवास कोर्डिनेटर अली रजक खान, मनरेगा प्रभात रंजन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम और जेई नितेश रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अहमद ने कहा कि सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाई जाए और इसे समय पर पूरा किया जाए।

### डीसी ने की एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को कार्यालय में एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में चट्टीबरियातू, केरेडारी, बादम और पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग परियोजनाओं के प्रतिनिधियों ने विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने परियोजनाओं के अंतर्गत ट्रांसपोर्टिंग सड़क, ओबी डंप, जीएम लैंड, मकान सत्यापन, पेमेंट और स्टेटमेंट 6 के मामलों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने बादम प्रोजेक्ट से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। बिरहोर परिवारों की स्थिति पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने एनटीपीसी अधिकारियों को उनके हर सुख-सुविधा का ख्याल रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवारों के लिए बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

## मंदिर की जमीन पर कब्जा रोके प्रशासन: दीपक मिश्रा

**रामगढ़।** जिले के ग्राम-कुन्दरू कलां स्थित शिवालय मंदिर, बनस खुटा टांड के जमीन पर एक समुदाय द्वारा अवैध निर्माण कार्य शुरू किये जाने की बात सामने आ रही है। जिसके खिलाफ स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त रामगढ़ सहित अन्य सक्षम पदाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने ग्रामीणों द्वारा प्रेषित पत्र के हवाले से बताया की उक्त जमीन का खाता नं0-58, प्लाट नं0-524 रकबा 1.06 एक्कड़ है। जिसमें करीब 10 डी0 में घर का निर्माण किया गया है। उक्त जमीन में प्रसाशनिक हस्तक्षेप से 10 डी० छोड़ा गया और शेष 96 डी० बचा हुआ है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों के द्वारा अवैध निर्माण करते हुए



पुनः कबजा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से इसमें नामजद व्यतियों क्रमशः 1.नाम-हारूण वारसी, पिता-जाहीद हुसैन, 2.समसुल हक, पिता-हबीब अंसारी, 3.असीबुल अंसारी (हिरू अंसारी) पिता-हबीब अंसारी, 4.जियायुल अंसारी, पिता-हबीब अंसारी, 5.साकीर अंसारी, पिता-जाहीद अंसारी के खिलाफ उचित कार्यवाही करते हुए मंदिर की जमीन को आजाद करने की गुहार लगाई है।

## आस्था और विश्वास का प्रतीक है मंडा : ममता

**रजरप्पा।** गुरुवार को कुंदरूकलां पंचायत के शिव मंदिर परिसर में शिव उपासना का पर्व मंडा धूमधाम से मनाया गया। मंडा पूजा भगवान शिव की पूजा अर्चना कर उनकी आराधना की। अहले सुबह शिव भक्तों ने नंगे पांव अग्नि में चलकर अपनी भक्ति परिचय दिया। विधायक ममता देवी ने छउ नृत्य का उदघाटन किया। विधायक ने कहा कि मंडा पूजा आस्था और विश्वास का प्रतीक है। छऊ नृत्य की टीम ने आकर्षक नृत्य पेश किया, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध गए. इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया जहां खान-पान के सामानों की दुकाने, बच्चों के खिलोना इत्यादि के दुकान



लगाए गए थे। इससे पूर्व अथिति का स्वागत ग्रामीणों द्वारा माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। मौके पर पूजा समिति के मुख्य संरक्षक हीरालाल महतो सहित खेमन महतो, निरंजन बेदिया, सुनील मेहता, विजय केसरी, शैलेन्द्र महतो, बिनोद करमाली, रामू महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## क्वांट स्टडी सर्कल के तीन छात्रों का बिहार पुलिस में चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित क्वांट स्टडी सर्कल कोचिंग संस्थान के होनहार छात्रों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। इस संस्थान के तीन विद्यार्थियों ने बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में सफलता अर्जित कर न केवल अपने माता-पिता का सपना साकार किया, बल्कि संस्था एवं क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। छात्रों की सफलता पर गुरुवार को संस्था में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में निदेशक वसीम अकरम ने सफल छात्र विवेक राज, सूरज कुमार व अमरजीत रजक को उपहार देकर बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की मेहनत और समर्पण रंग लाया है। हमारा प्रयास हमेशा यह रहेगा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को



गुणवत्ता पूर्ण मार्गदर्शन मिले और वे अपने लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल इन छात्रों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। निदेशक वसीम अकरम ने बताया कि पटेलनगर भुरकुंडा निवासी अजय कुमार एवं अनीता देवी के पुत्र सह संस्था का छात्र विवेक राज और गांधीनगर भुरकुंडा निवासी अजय रजक एवं पार्वती देवी के पुत्र अमरजीत रजक का चयन बिहार पुलिस जिला बल कांस्टेबल के पद पर हुआ है। वहीं कोल कंपनी भदानीनगर निवासी तिलकधारी प्रसाद एवं दुर्गावती देवी के पुत्र सूरज कुमार का चयन बिहार पुलिस सीआईडी पटना में कांस्टेबल पद पर हुआ है। निदेशक वसीम अकरम ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाये तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी संस्थान के पांच विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है, जो की कोयलांचल भुरकुंडा के लिए गौरव की बात है।

### कुमार क्लासेस छात्रों ने 10वीं में मारी बाजी

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान कुमार क्लासेस के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न केवल संस्थान बल्कि अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इस बार की परीक्षा में जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी बैजनाथ यादव की पुत्री अनामिका कुमारी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोचिंग की टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं उनके भाई अंकुश राय ने 90 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि गांधीनगर भुरकुंडा के अनीश गुप्ता 83 प्रतिशत, रौनक जायसवाल 81 प्रतिशत, अनुष्का 78 प्रतिशत और राजलक्ष्मी पाठक 62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

## एक नजर में

### अहीर रेजिमेंट को ले रथ यात्रा 18 को पहुंचेगी बरही



बरही। अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर देशभर में निकाली जा रही रथ यात्रा 18 मई को बरही पहुंचेगी। समाज के प्रबुद्धजनों ने बरही विधायक आवास पर हुई। बैठक में बरही विधायक मनोज यादव, हजारीबाग जिला संयोजक अनिता यादव, मनीष यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 मई को शाम 4 बजे इटखोरी मोड़ पर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रथ यात्रा चौपारण होते हुए बरही पहुंचेगी, जहां शाम 7 बजे यादव धर्मशाला में एक विशाल सभा होगी। विधायक मनोज यादव ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला के युद्ध में 114 अहीर सैनिकों ने वीरगति प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि अहीर रेजिमेंट की मांग समाज के स्वाभिमान और वीर सैनिकों के बलिदान का सम्मान है। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और मनोहर यादव ने भी समाज के लोगों से एकजुट होकर इस मांग को मजबूत करने की अपील की।

### बिजली चोरी के आरोप में 9 लोगों पर प्राथमिकी

बरही: बिजली विभाग ने छापामारी अभियान चलाया। अभियान में बरही के तिलैया बस्ती, महुआटांड़ और बेला गांव के 9 लोगों को पोल से टोका फंसाकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। तिलैया बस्ती के बीरेंद्र यादव, दीपक यादव, मथुरा यादव, महुआटांड़ के महावीर सिंह, बंगाली सिंह, लेवल सिंह बेला गांव के अनिल कुमार और गौतम कुमार सभी 9 लोगों पर 13110 रुपये का क्षतिपूर्ति दंड लगाते हुए बरही थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

### जवाहर घाट में गिरी बोलेरो, दो की मौत

बरही। बुधवार सुबह बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट में बोलेरो संख्या 24बीएच7398 गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान झुमरी तिलैया निवासी राजेंद्र स्वर्णकार के पुत्र राहुल स्वर्णकार एवं दिलीप चंद्रवंशी के पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। सौरभ कुमार और संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राहुल स्वर्णकार अपने दोस्तों आशीष कुमार, सौरभ और संदीप कुमार के साथ बीती रात कोडरमा से एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। राहुल स्वर्णकार अपने सभी दोस्तों के साथ कोडरमा लौट रहे थे, तभी बोलेरो अनियंत्रित होकर जवाहर घाट में गिर गई। हादसे में घायल सौरभ और संदीप किसी तरह बोलेरो का शीशा तोड़कर पानी से बाहर निकल आए। जबकि राहुल और आशीष की मौत हो गई। हालांकि राहुल का शव सुबह में ही निकाल लिया गया था जबकि आशीष का शव गोताखोरों द्वारा काफी खोजबीन के बाद चार बजे निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं बरही थाना प्रभारी आभास कुमार मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से उक्त वाहन को डैम से बाहर निकाला।

### बरही में सभी मतदान केंद्रों पर लगा शिविर

**बरही।** सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने, मृतक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने या पता स्थानांतरित करने, प्रविष्टि में नाम व पता में सुधार के लिए बीएलओ द्वारा आवेदन भराया गया। इसी क्रम में मानवाधिकार परिषद बरही प्रखंड अध्यक्ष रिजवान अली ने मतदान केंद्र संख्या 324 से 331 तक उपस्थित होकर आवेदकों व बीएलओ को आवेदन भरने में मदद की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर 30 मई, 14 जून, 25 जून, 15 जुलाई व 30 जुलाई को पुनः सभी मतदान केंद्रों पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। मौके पर बीएलओ रेणु देवी, अनिता केशरी, नगमा प्रवीण, साजिया खातून, गुलशन जहां, सहनी बेगम, संयुक्ता सिन्हा, कांति देवी व आवेदक मौजूद थे।

### सनराइज पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी



दारू। पेटो में संचालित सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में एक बार फिर से अपनी प्रतिभा और परिश्रम का लोहा मनवाया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल, शिक्षक और अभिभावकों का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। कक्षा 10वीं में रोशन कुमार ने 93.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। लक्ष्मण कुमार ने 93.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पाया। स्वीटी गुप्ता (92%), अंशिका कुमारी (91.2%), और साहेब सवार (90.4%) ने भी 90% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया। अन्य उल्लेखनीय छात्र: रवि कुमार (83.6%), वर्षा कुमारी (72.8%), और अमित कुमार राउत (72.6%)।

### दारु की अनुष्का बनीं कॉमर्स में दूसरी टॉपर



**दारु।** हौसले अगर बुलंद हो तो किसी भी मंजिल को पाना आसान होता है, इस कहावत का सही चरितार्थ कर दिखाया दारु निवासी अनुष्का वर्मा ने। अनुष्का ने बारहवी की परीक्षा मे कॉमर्स मे 95 प्रतिशत नम्बर लाकर पूरे हजारीबाग जिला मे दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस बारे मे छात्रा के उसके शिक्षक पिता गौतम कुमार वर्मा ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई मे काफी अच्छी रही उसकी प्रारंभिक पढ़ाई पहली से दसवीं तक केंद्रीय विद्यालय मेरु मे हुई जहाँ वह हमेशा टॉप करती रही। मैट्रिक कि परीक्षा के बाद उसने संत स्टिफेन्स +2 स्कूल मे अपना नामांकन करवाया। इस विद्यालय के प्रिंसपल और सभी शिक्षकों का उसकी पढ़ाई मे विशेष योगदान रहा। मनीष सिंहा सर का उसके परीक्षा के परिणाम को बेहतर बनाने मे काफी योगदान रहा। अनुष्का अपने जीवन मे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है । वह अपने घर मे दो बहन और एक भाई मे जिसमे वह सबसे बड़ी है , उसकी माँ एक सफल गृहणी है और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने मे उनका भरपुर योगदान रहा। जिला की दूसरी टॉपर बनने पर उसके घर परिवार और पूरे क्षेत्र मे खुशी की लहर है। जनप्रधिनिधि और ग्रामीणों ने बिटिया की सफलता पर बधाई देते हुए 0उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्र को झूठे केस में फंसाने का आरोप

केरेडारी। पगार ओपी थाना प्रभारी विक्की ठाकुर पर यूपीएससी की तैयारी में जुटे छात्र शारदानंद कुमार को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने का गंभीर आरोप लगा है। शारदानंद के पिता मूलचंद साव ने कोयला खनन कंपनी के खिलाफ थाने में आवेदन देने का प्रयास किया था, जिसे थाना प्रभारी ने अस्वीकार कर दिया। इसके बाद मूलचंद ने ऑनलाइन शिकायत की, जिससे थाना प्रभारी भड़क गए और छात्र पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर सांसद मनीष जायसवाल पीड़ित परिवार संग डीआईजी संजीव कुमार से मिलने पहुंचे और जांच की मांग की। सांसद ने कहा कि 12 मई को थाने में शारदानंद और पुलिस के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोप लगाया कि शारदानंद ने थाना प्रभारी के साथ बदसलूकी की और थाने के कागजात फेंके। सांसद ने सवाल उठाया कि एक साधारण छात्र पुलिस थाने में घुसकर ऐसा कैसे कर सकता है और उसे वहां से जाने कैसे दिया गया। सांसद ने पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की और कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से एक छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

# नयी व्यवस्था के तहत कोडरमा से कोयला सीधे केटीपीएस पहुंचाया जायेगा

- पूर्व-मध्य रेल के महाप्रबंधक और डीवीसी के चेयरमैन की हाजीपुर मुख्यालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के लिए ऊर्जा और विकास दोनों क्षेत्रों में नयी उपलब्धि होने वाली है। पूर्व-मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह और दामोदर वैली कारपोरेशन (डीवीसी) के चेयरमैन एस सुरेश कुमार की हाजीपुर मुख्यालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में कोडरमा से कोयला आपूर्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये हैं। बैठक में कोडरमा स्टेशन पर वाई कनेक्शन के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है, जिससे अब रेल इंजनों को मोड़ने में लगने वाला दो-तीन घंटे का समय बचेगा। पहले जहां इंजन की दिशा बदलने में लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, अब वाई कनेक्शन के जरिये सीधा इंजन को मोड़ा जा सकेगा। इससे कोयले की आपूर्ति तेज होगी। बताया जाता है कि नयी व्यवस्था के तहत कोडरमा से कोयला सीधे केटीपीएस (कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन) पहुंचाया जायेगा। आम्रपाली, कुजू और लातेहार की खदानों से कोयला कोडरमा के जरिये झारखंड के बोकारो, चंद्रपुरा, कोडरमा और पश्चिम बंगाल के मेजिया व रघुनाथपुर स्थित डीवीसी प्लांटों तक आसानी से जा सकेगा।

बैठक में पूर्व-मध्य रेल के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदू रानी दुबे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रामाश्रय पांडेय सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### डीपीआर हो रहा तैयार, शीघ्र शुरू होगा निर्माण

केटीपीएस के एक अधिकारी के अनुसार, वाई कनेक्शन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसके लिये विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) रेलवे के साथ मिल कर बनायी जा रही है। रेल ट्रैक बिछाने की लागत डीवीसी खुद वहन करेगा। कोडरमा में वर्तमान में 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। केटीपीएस फेज-2 में 800-800 मेगावाट की दूसरी इकाई का काम शुरू होने वाला है। इससे कोयले की आवश्यकता और बढ़ेगी, जिसे वाई कनेक्शन व्यवस्था पूरी दक्षता से पूरा करेगी।

## विद्युत चोरी के विरुद्ध में सात लोगों पर मामला दर्ज

**सतगावां (कोडरमा)।** विद्युत निगम मुख्यालय रांची के निर्देश पर विद्युत ऊर्जा चोरी रोकथाम को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से छापेमारी अभियान चलाया गया। वहीं गुरुवार को छापेमारी अभियान के दौरान राउतडीह निवासी 43 वर्षीय रविन्द्र गोस्वामी पिता राम गोस्वामी के परिसर में अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाया गया। इस संबंध में विभाग ने उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज कराया। जबकि बुधवार को चलाये गए छापेमारी अभियान के दौरान 42 वर्षीय संजय यादव पिता ईसर महतो, 42 वर्षीय प्रमिला देवी पति उमेश रविदास, 46 वर्षीय बालेश्वर रविदास पिता स्व. गुल्ली रविदास सभी ग्राम ठेसवा निवासी तथा 52 वर्षीय खुबलाल राय पिता स्व. कन्हाई राय, 40 वर्षीय ईसर राय पिता स्व. जोसी राय तथा 24 वर्षीय हुल्लास राय पिता स्व.मोहन राय सभी कुसहनिया निवासी के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। छापेमारी अभियान में कनीय विद्युत अभियंता धीरज कुणाल, कुंजेश मिस्त्री, मो.उस्मान गनी, वीरेंद्र सिंह, विक्की कुमार आदि मौजूद थे।

## नप ने 8 लोगों को चिन्हित कर धारा 133 के तहत कार्रवाई को लेकर एसडीओ से अनुशंसा की

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे विभिन्न स्थलों पर अस्थायी दुकानदारों व अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें अस्थाई दुकानदारों को न केवल सड़क किनारे से हटाया जा रहा है, बल्कि उन्हें भविष्य में उस स्थल पर दुकान न लगाए जाने की हिदायत भी दी जा रही है। लेकिन ऐसे कई अस्थाई दुकानदार हैं जो एसडीओ की लगातार कार्रवाई के बावजूद भी सड़क किनारे अपनी दुकान या ठेला लगा दे रहे हैं। जिससे आम राहगीरों को काफी कठिनाई हो रही है। नगरपालिका के कर्मियों द्वारा लगातार इन दुकानदारों को निर्देशित करने के बावजूद ये बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में नगरपालिका द्वारा इन दुकानदारों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर एसडीओ से अनुशंसा की गई है। इस संबंध में एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि बीते लगभग 20 दिनों से अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ऐसे कई अस्थायी दुकानों को सड़क किनारे से हटाकर किसी दूसरे जगह को चिह्नित कर उन्हें दुकान लगाने की बात कही गई थी। ताकि शहर में लगने वाली जाम से लोगों को राहत मिले। लेकिन इस दौरान पाया गया कि कई ऐसे दुकानदार थे, जिनके द्वारा बार-बार मना किए जाने के बावजूद भी सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगा दिया जा रहा है। जिनको अनुमंडल कार्यालय के द्वारा सीआरपीसी की धारा 133 के तहत नगर परिषद की टीम के द्वारा चिन्हित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विधिवत नोटिस जारी कर धारा 133 के तहत कार्रवाई की। जिनमें राजेन्द्र चौधरी तिलैया बस्ती, सूरज कुमार अड्डी बंगला, मो.सब्बीर अंसारी न्यू कॉलोनी, रिंकु सोनी ताराटांड़, दिनेश कुमार पुराना बस स्टैंड, मनोज कुमार तिलैया बस्ती, अनीता देवी ताराटांड़, गीता देवी ताराटांड़ इन सभी पर कार्रवाई की गई है।

## ग्रिजली कॉलेज में इंटर्नशिप फीडबैक सत्र व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बीएड. सत्र 2023–25 के प्रशिक्षुओं का इंटर्नशिप फीडबैक सत्र का आयोजन और महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी एवं प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत सहित सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंटर्नशिप फीडबैक सत्र में बीएड.सत्र 2023–25 के प्रशिक्षुओं ने इंटर्नशिप के अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर बीएड.सत्र 2024–26 के प्रशिक्षु भी उपस्थित थे। वहीं एलुमनी सदस्य अनिल दास ने विषय–पर्यावरण जागरूकता एवं चुन्नू कुमार ने सीटेट व जेटट संबंधित जानकारी दी, तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के लिए प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों एवं प्रदर्शन को पुरस्कृत करने से प्रशिक्षुओं के मनोबल को बढ़ावा देना होता है। हमें प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रशिक्षुओं के अंतर्निहित कौशलों को निखारना चाहिए। कार्यक्रम में बीएड. सत्र 2023–25 एवं 2024–26 के सभी प्रशिक्षु, सभी सहायक प्राध्यापक डॉ.रविकांत तिवारी, डॉ.पूजा कुमारी, डॉ.पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा ने किया।

## शराब के साथ बिहार के गया का युवक गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरपीएफ कोडरमा ने शराब की खेप के साथ बिहार के एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 22 वर्षीय पप्पू यादव पिता स्व. कविंद्र यादव के रूप में की गयी, जो कंडी नवादा थाना चंदौती गया (बिहार) का रहने वाला है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि दिन के 11:15 बजे वे सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, आरक्षी जितेंद्र कुमार व रामाश्रय कुमार के साथ कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार–पांच पर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान पश्चिम छोर पर यात्री शेड के पास एक व्यक्ति को प्लास्टिक के झोला में अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। झोला में छह बोतल रॉयल स्टैग डिलक्स व्हिस्की रखी हुई थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मैं बेरोजगार हूं, इसलिए इसे बिहार ले जाकर अधिक दाम में बेच कर इससे लाभ कमाता हूं। बरामद शराब की कुल क्षमता 4500 मिली व कीमत 4440 रुपये आंकी गयी। जब्त शराब तथा गिरफ्तार आरोपी को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

## छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए साइकिल का वितरण गुरुवार को प्रखंड के चोपनाडीह स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीशपुर में कार्यक्रम आयोजित कर अष्टम वर्ग के 70 छात्र–छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल मिलने से छात्र–छात्राओं में काफी हर्ष का माहौल था। साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय मुखिया पूनम कुमारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा छात्र–छात्राएं को अनेकों लाभ दिया जाता है। उनमें नि:शुल्क साइकिल, पोशाक, कपी, किताब, छात्रवृत्ति, बैग, मध्यान भोजन आदि शामिल हैं। छात्र–छात्राएं रोजाना साइकिल से विद्यालय आकर पठन–पाठन करें। साइकिल की देखभाल सही तरीके से करें, ताकि अधिक दिनों तक इसका उपयोग किया जा सके। वहीं छात्र छात्राओं ने कहा कि साईकल मिलने से स्कूल आने–जाने में काफी समय का बचत होगी। उस बचे समय का उपयोग पढ़ने में लगाऊंगा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक पंकज मालाकार, सुभाष यादव, दशरथ यादव समेत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी को दस साल सश्रम कारावास की सजा

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की आदालत ने सुनाई सजा
- पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** शादी का झांसा देकर लड़की से दुष्कर्म (यौन शोषण) किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने आरोपी 29 वर्षीय जुबेर अंसारी पिता नसीम अंसारी ग्राम पुरनाडीह थाना चंदवारा निवासी को 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मामला वर्ष 2023 का है। इसे लेकर भुक्तभोगी युवती ने चंदवारा थाना कांड संख्या 22/2023 दर्ज कराया गया था। जिसमें उसने कहा था कि जब उसके घर में कोई नहीं था, जुबेर अंसारी उसके घर में आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मना करने पर कहा कि तुमसे मैं निकाह कर लूंगा। इस प्रकार जुबेर अंसारी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। निकाह की बात करने पर वह निकाह करने से इनकार कर दिया, इसके लिए पंचायती भी हुई थी। वहीं अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक शिवशंकर राम एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आत्मानंद कुमार पांडेय ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 376 आईपीसी के तहत के तहत दोषी पाते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के टॉपर्स के लिए सम्मान समारोह आयाजित



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर्स के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक और प्रधानाचार्य ने टॉपर्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुवात निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। वहीं विद्यालय के छात्रों द्वारा टॉपर छात्रों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के टॉपर छात्र अपने अभिवावकों के साथ उपस्थित हुए। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि छात्रों की इस अद्वितीय उपलब्धि में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों की मेहनत नजर आ रही है। विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना भी है। वहीं प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्रों की उनकी मेहनत और समर्पण के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है और यह उनके भविष्य के लिए एक उज्ज्वल शुरुआत है। वहीं टॉपर छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर निदेशिका एवं प्राचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टॉपर छात्र हर्षित गुप्ता, मान्यता राज, मन्नत छाबड़ा एवं कनिष्क छाबड़ा ने अपने अनुभव साझा किए और अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपने स्वयं के प्रयासों को अपनी सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षकों ने भी सभी टॉपर्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सतगावां में कांग्रेसियों ने संविधान बचाओ अभियान यात्रा निकाली

- कांग्रेस प्रखंड इकाई की संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व प्रदेश प्रभारी के.राजू के निर्देश पर संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव सह प्रखंड प्रभारी मनोज सहाय पिंकू व प्रकाश रजक मौजूद थे। बैठक के पूर्व कांग्रेसजनों के द्वारा संविधान बचाओ अभियान यात्रा निकाली गयी, जो नासरगंज चौक से प्रखंड मुख्यालय तक गयी, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव ने अपने संबोधन में भाजपा के तिरंगा यात्रा पर कटाक्ष करते हुए इसे देशभक्ति नहीं, राजनीतिक नौटंकी बताया। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा देशभक्ति का लबादा ओढ़कर एक बार फिर अपनी पुरानी साम्प्रदायिक चालों पर उतर आई है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर भाजपा के द्वारा देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को तिरंगे की आड़ में राजनीतिक नौटंकी तथा आगामी चुनाव को धुर्वीकरण के जरिए जीतने की कोशिश है। वहीं बैठक को प्रकाश रजक ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के भाजपा मंत्री विजय शाह का बयान न केवल शर्मनाक है, बल्कि देश सेवा की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्मान पर खुला हमला है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मंत्री को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह ने गांव-गांव में संगठन बनाकर पार्टी को मजबूत बनाने पर बल दिया। मौके पर आशीष पांडेय, प्रभात राम, लालदेव यादव, सुरेंद्र रविदास, मो. सलाउद्दीन, अशोक कुमार, सुनील राम, मो. शाकिर खान, सोनम कुमारी, संजय कुमार, अजय कुमार, मोहन चौधरी, तौफीक अली, तारणी सिंह, अर्जुन सिंह, भूषण पासवान, मो. सेराज, इनाम अहमद, बच्चू प्रसाद यादव, महेंद्र अग्रवाल, अश्विन परवीन, पुटुसवा देवी, बबिता देवी सुनैना देवी, लाली देवी, गायत्री देवी, ममता देवी, बबिता देवी, रेखा देवी आदि मौजूद थे।

### केंद्रीय मंत्री ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष जोर

# मिलकर काम करने से ही समावेशी विकास संभव है : कीर्तिवर्धन सिंह

- जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की सुझाव साझा करने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने चतरा जिले का दौरा कर नीति आयोग द्वारा निर्धारित विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। समाहरणालय में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय सहित जिले के वरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, जल संसाधन, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंत्री ने जिले के समग्र प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य आकांक्षी जिलों को तेजी से विकसित कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सुझाव साझा करने की अपील करते हुए कहा कि मिलकर काम करने से ही समावेशी विकास संभव है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में हुए कार्यों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी 1138 आंगनबाड़ी केंद्रों को एएनसी जांच टेबल और वजन मशीन से लैस किया गया है। कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु सिमरिया, चतरा, हंटरगंज व टंडवा में कुपोषण उपचार केंद्र संचालित हैं। साथ ही, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। समीक्षा बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने तपेज स्थित कृषक पाठशाला का निरीक्षण किया, जहां बंजर भूमि को कृषि प्रणाली मॉडल के रूप में विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ड्रिप इरिगेशन, मलचिंग, थाई अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज की खेती और मधुमक्खी पालन जैसे कार्यों का जायजा लिया और महिला किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इन योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। मंत्री ने मयूरहंड प्रखंड में भी आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा की। पारंपरिक झारखंडी नृत्य और स्वागत के साथ मंत्री का स्वागत किया गया। प्रखंड सभागार में हुई बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल संसाधन और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान मंत्री ने झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। विद्यालय में बाल संसद से बातचीत कर छात्राओं की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य केंद्र में पानी और दवा भंडारण की समस्याओं पर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई है और योजनाओं के क्रियान्वयन को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने बाल श्रम रोकने के लिए विशेष अभियान, ड्रॉपआउट दर कम करने, आयुष्मान भारत योजना के प्रचार-प्रसार और 'एक जिला-एक उत्पाद' जैसी योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

## खबर एक नजर में

### ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चतरा को 14 मई को मिली सूचना के आधार पर की गई। सूचना के अनुसार, गिद्धौर से रोहमर जाने वाली सड़क पर ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री हो रही थी। इस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल ने एक टीम का गठन कर छापामारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान लोटर डैम के पास से दो युवकों को 639 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान धर्मेंद्र यादव उर्फ धनंजय यादव (पिता– टहल यादव, निवासी– सलगा, थाना गिद्धौर) और दीपक कुमार दांगी (पिता– हरलाल दांगी, निवासी– गिद्धौर) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर 15 मई को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने उनके पास से 639 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। इस छापामारी दल में डीएसपी शुभम कुमार खंडेलवाल के साथ गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन को लेकर बिरहोर परिवारों के बीच चला जागरूकता अभियान



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के जपुआ गांव में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के नामांकन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बिरहोर समुदाय के अभिभावकों को अपनी बेटियों को स्कूल में नामांकित कराने के लिए प्रेरित किया गया। वार्डन ने उन्हें कस्तूरबा विद्यालय की सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और आवासीय सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर कई बिरहोर परिवारों के सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने अपनी बच्चियों को शिक्षित करने की इच्छा जताई और स्कूल में नामांकन के लिए सहमति भी दी। वार्डन बिंदु पोद्दार ने बताया कि यह पहल विशेषकर आदिम जनजाति समुदाय की बालिकाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से की जा रही है, ताकि वे भी शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें।

### 20 मई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर टंडवा में श्रमिक संगठनों की बैठक




**टंडवा (चतरा)।** मगध कोयला परियोजना के गड्ढा कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी 20 मई को होने वाली एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति तैयार करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता राहुल सिंह ने की और संचालन दीपांशु कुमार ने किया। इसमें मगध–संघमित्रा क्षेत्र के सभी प्रमुख श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी और श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने तथा कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन पदाधिकारियों ने श्रमिकों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस हड़ताल को सफल बनाएं। बैठक में भारतीय श्रमिक किसान यूनियन (एटक) के विनोद बिहारी पासवान, पंकज सिंह, दीपांशु कुमार, सीटू के गणेश जी, आरसीएमयू के राहुल सिंह और गौरी जी, जेएमएस के जितेंद्र कुमार तथा आरकेएमयू के खुर्शीद आलम और वसीम अख्तर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### बिहार के नवादा में सड़क हादसे में चतरा के चालक की मौत, गांव में पसरा मातम

**चतरा।** बिहार के नवादा हाईवे पर बीती रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में चतरा जिले के एक ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा पंचायत अंतर्गत अकौना गांव निवासी नीरू यादव के 32 वर्षीय पुत्र सुनील यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना रात करीब एक बजे गांव में पहुंची, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल के लिए रवाना हुए। जानकारी के अनुसार, ट्रक कोडरमा से बिहारशरीफ की ओर जा रहा था, तभी नवादा हाईवे पर वाहन अनियंत्रित होकर एक अन्य वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक सुनील यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही झामुमो नेता राहुल यादव, राजद नेता बबलू अहीर और मुकेश यादव समेत कई लोग परिजनों के साथ नवादा पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है, जहां से औपचारिक प्रक्रिया के बाद उसे चतरा लाया जाएगा। नेता राहुल यादव ने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक के तीन छोटे–छोटे बच्चे हैं और अब उनके सिर से पिता का साया उठ चुका है। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### इफको ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिंदुआरी गांव में इफको की ओर से किसानों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में नैनो तरल यूरिया और नैनो डीएपी से जुड़ी जानकारी दी गई। इफको के क्षेत्रीय पदाधिकारी अमित आनंद ने किसानों को बताया कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पारंपरिक खाद की तुलना में ज्यादा असरदार होते हैं और ये मृदा, पानी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित हैं। उन्होंने इनके प्रयोग की विधि, मात्रा और लाभ विस्तार से समझाए। साथ ही किसानों को ड्रोन के माध्यम से फसलों पर छिड़काव की प्रक्रिया और उसके फायदे भी बताए गए। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य संगीता देवी, कृषक मित्र राजू महतो, कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसानों ने इस पहल की सराहना की और नैनो तकनीक के उपयोग में रुचि दिखाई।

### चतरा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**चतरा।** भारत सरकार द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में चतरा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय गर्व के माहौल से ओतप्रोत रही। तिरंगा यात्रा में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान और सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। यात्रा में देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा झंडे लहराए गए और नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। भाजपा नेताओं ने इस मौके पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की कूटनीतिक और सैन्य ताकत का प्रतीक है, जिससे देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना और सेना के साहस को सम्मान देना था। तिरंगा यात्रा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

### 20 मई को जांच दल के समक्ष दावा पेश करने का निर्देश

कोडरमा। अपर समाहर्ता पूनम कुजुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मौजा कोडरमा थाना सं. 333 खाता सं. 547 प्लट सं. 688 रकवा 41 डी. भूमि के संदर्भ में विस्तृत जांच अपेक्षित है। उक्त भूमि पर किसी भी आम खास व्यक्ति का किसी प्रकार का दावा है, तो वे समुचित साक्ष्य के साथ 20 मई 2025 के अपराह्न 4 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपायुक्त द्वारा गठित जांच दल के समक्ष उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद किसी भी दावा पर जांच दल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

### गैरमजरुआ खास भूमि का कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश

कोडरमा। अंचलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मौजा गुमो, थाना नं 12 अन्तर्गत खाता सं.220, प्लट सं.6211, 5925 एवं 5989 गैरमजरुआ खास खाते की भूमि है। इस भूमि पर जो भी व्यक्ति निर्माण कार्य कर रहे हैं या घर निर्माण बनाकर निवास कर रहे हैं, तो वे अंचल कार्यालय कोडरमा में संबंधित भूमि का राजस्व कागजात प्रस्तुत करें। अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### आपसी घरेलू विवाद में एक युवती घायल



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई में आपसी विवाद में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लोकाई निवासी 18 वर्षीय आरती कुमारी पिता तलक साव अपने घर पर कुछ कम रही थी, इसी क्रम में उसके पड़ोसी मंजू देवी पति किशोर साव, किशोर साव पिता जानकी साव, दिलचंद साव पिता किशोर साव ने हमला बोल दिया, जिसमें युक्त युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना के बाद युवती के परिजन घायल युवती को कोडरमा थाना लेकर पहुंचे, जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है, इसकी गहनता से जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी में सिसई की बेटियों ने जीता कांस्य पदक



सिसई। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा महाराष्ट्र में आयोजित 51 वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उच्च विद्यालय सिसई की बेटियों ने कांस्य पदक हासिल किया। कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में झारखंड ने तेलंगाना को 29 अंको के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर सलोनी कुमारी एवं नेहा उरांव की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। सलोनी कुमारी एवं नेहा उरांव दोनों खिलाड़ी डे बोर्डिंग कबड्डी (बालिका) सेंटर सिसई की है। टीम की इस उपलब्धि पर कबड्डी प्रशिक्षक सह शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा ने दोनों खिलाड़ी को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर गुमला जिला कबड्डी संघ के सचिव-दीपक अधिकारी, अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, महावीर लोहरा, रेणु देवी एवं सभी खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### डागडगीया खरसाला गांव के लोगों ने बीडीओ से की सड़क व बिजली की मांग



घाघरा। घाघरा प्रखंड के डगडगीया खरसाला के आदिम जनजाति परिवार के सदस्य गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रमुख सविता देवी से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिसके बाद प्रमुख के नेतृत्व में सभी बीडीओ दिनेश कुमार से कार्यालय में मिले। लोगों ने बीडीओ को आवेदन देते हुए आने-जाने के लिए सड़क नहीं होने की जानकारी दी और बनवाने का आग्रह किया है। सोमा असुर ने बताया कि गांव में लगभग 30 से 40 आदिम जनजाति परिवार के लोग रहते है। गांव से आदर आने के लिए लगभग 5 किलोमीटर तक सड़क नहीं है। रास्ता नहीं होने के कारण आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में आने में परेशानी होती है। किसी का यदि तबीयत खराब हो जाए तो उसे अस्पताल तक लाना हम लोगों के लिए नामुमकिन है। साथ ही लोगों ने सड़क के साथ-साथ बिजली का भी मांग किया है। जिस पर बीडीओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक अभियंता सत्येंद्र उरांव व कनीय अभियंता पंकज साहू को तुरंत स्थल निरीक्षण के लिए जाने का निर्देश दिया और रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया ताकि जिला को रिपोर्ट भेजा जा सके। मौके पर लालदेव असुर, धनबीर असुर, सोमारी असुराईन, फुलदेव असुर, अनिल असुर, विष्णु असुर, बुद्धेश्वर असुर व रवि असुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### एकलव्य मॉडल विद्यालय बसिया के छात्र का खेल प्रशिक्षण केंद्र में हुआ नामांकन

बसिया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया के कक्षा 10 वीं कक्षा के छात्र कमलेश उरांव का नामांकन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेल प्रशिक्षण केंद्र रांची के आवासीय वर्ग में एथलेटिक्स खेल के प्रशिक्षण के लिए हुआ है। कमलेश उरांव ने बेहतरीन एथलीट के रूप में विभिन्न प्रांतीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल किया है। वर्ष 2024 में कमलेश उरांव ने विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करते हुए एसजीएफआई खेल लखनऊ में भी शानदार प्रदर्शन किया था। नामांकन पत्र मिलने पर विद्यालय तथा कमलेश के गांव में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह तथा सभी शिक्षकों ने कमलेश की इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य सिंह ने कहा कि विद्यालय में खेल का मैदान नहीं होते हुए भी नियमित अभ्यास व कठिन परिश्रम से कमलेश उरांव को यह सफलता हासिल हुई है।

### स्व: अशोक वर्मा स्मृति कार्निवल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 18 मई से

गुमला। गुमला में बढ़ते नशापान और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से स्व अशोक वर्मा स्मृति नाईट क्रिकेट कार्निवल गुमला का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 मई को संध्या 6 बजे से किया जाएगा। आयोजन समिति के बबलू वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा दूसरे राज्य की टीमें भी शामिल होंगी। सभी प्रतियोगिता शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम गुमला में आयोजित की जाएगी। वहीं प्रतियोगिता का समापन 23 मई को होगा।

### आइटीडीए परियोजना निदेशक ने नागफेनी कल्याण अस्पताल का किया निरीक्षण



गुमला। आईटीडीए परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने गुरूवार को नागफेनी कल्याण अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा दिशा-निर्देश दिऐ। ओपीडी एवं आईपीडी रजिस्टर सहित चिकित्सीय अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक ने संबंधित कर्मियों को मरीजों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने हेतु सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल्याण अस्पतालों की सेवाओं को समय पर और सटीक रूप से उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### कुड़ुख विद्यालय सिसई के बच्चों ने कक्षा 9 की परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

सिसई। झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा कक्षा नौवीं का रिजल्ट प्रकाशित किया गया। जिसमें प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर सिसई गुमला के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा नौवीं की मनीषा उरांव स्कूल टॉपर रहकर अपने परिवार व विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर पिछले 17 वर्षों से शत प्रतिशत रिजल्ट दे रहा है।

## गुमला जिला स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक

परिषद भवन में गुमला के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित एक परिचय समारोह का आयोजन किया जाएगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** 18 मई को आयोजित गुमला जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थापना दिवस के विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा डीसी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्थापना दिवस के दिन जिले के सभी शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त समाहरणालय स्थित परिषद भवन में गुमला के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित एक परिचय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गुमला की ऐतिहासिक स्मृतियों, विरासत और प्रमुख उपलब्धियों को संजोने के उद्देश्य से एक फोटो गैलरी के विमोचन की योजना बनाई गई है। साथ ही गुमला के सांख्यिकी आंकड़ों और मुख्य ऐतिहासिक बिंदुओं पर आधारित पुस्तकों के विमोचन की तैयारी भी की जा रही है। जिससे जिले के विकास, संस्कृति और इतिहास की जानकारी आम जनता तक पहुंच सके।

इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा करते हुए डीसी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से डीडीसी दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा, जिला नजारत उप समाहर्ता ललन रजक, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, अविनाश पाठक, अलीना दास व अन्य पदाधिकारी, कर्मी मौजूद थे।

## लोहरदगा : जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक, डीसी ने दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जिला में संचालित लैम्पस, कोल्ड स्टोरेज की स्थिति, सीएससी सेंटर के रूप में लैम्पस को विकसित किये जाने, जिला में डेयरी व मत्स्य की सहकारिता समितियों आदि बिंदुओं पर वर्तमान स्थिति से डीसी को अवगत कराया और डेयरी व मत्स्य की सहकारिता समितियां, जो वर्तमान में क्रियाशील नहीं हैं, उन समितियों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने व नई समितियों का गठन करने हेतु मार्गदर्शन मांगा गया। लैम्पस, जिन्हें सीएससी सेंटर के रूप में विकसित किया जाना है, वहां झारसेवा उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्रवाई किये जाने का निर्देश डीसी द्वारा दिया गया। लैम्पस में भारतीय जन औषधि केंद्र अधिष्ठापित करने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, डीपीआरओ शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य और आरोग्य दूतों की भूमिका बच्चों को सही दिशा प्रदान करना: डीईओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना, स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट में पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में कुल 214 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। सभी शिक्षक अपने विद्यालय में आरोग्य दूत की भूमिका निभाएंगे। समापन समारोह में उपस्थित जिला डायट प्रचार्या प्रियाश्री भगत ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने विद्यालयों में कार्यक्रम को संचालित करें। मॉड्यूल में शामिल विषयों की बच्चों को जानकारी दें जिस से बच्चों के जीवन में बदलाव आए। समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे जिस प्रकार पारिवारिक चुनौतियां, पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उसके साथ किशोरावस्था में उनमें शारीरिक, मानसिक के साथ भावनात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। इसे सही दिशा प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूतों की भूमिका को स्पष्ट रूप से बतलाया गया। इस अवसर पर सुमित कुमार नन्द, संगीता कुमारी, आशीष दास, कपिलदेव रॉय, शिल्पी कुजूर, उमावती कुमारी, संजीव कुमार, हरेंद्र कुमार, सुमन गुप्ता, कुमारी कंचन प्रभा, रंथू गोप, संतोष कुमार, रोहिणी प्रसाद, दीपक, डाइट फैकल्टी कुमार सुंदरम भारद्वाज, रंजना सिंह, सिकंदर नाथ प्रजापति, विकास, अनुपम आदि उपस्थित थे।

### मार्केट कॉम्प्लेक्स थाना मोड़ बसिया में शहीद खड़िया की प्रतिमा का हुआ अनावरण

## अंग्रेजों के खिलाफ तेलंगा खड़िया ने लडी थी लड़ाई : विधायक जिग्गा सुसारन होरो

**खबर मन्त्र संवाददाता**





शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते व कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक होरो।

**बसिया।** खड़िया समिति बसिया के तत्वावधान में मार्केट कॉम्प्लेक्स थाना मोड़ बसिया में गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद तेलंगा खड़िया का आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव थी। शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर उनके गांव के बुची डाडी से उनके वंशजों द्वारा लाये गये जल से स्नान कराया गया। जिसके उपरांत विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने फीता काट कर एवम माल्यार्पण कर प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने थाना चौक से जुलूस निकाला जो सरहुल अखाड़ा पहुंचकर सभा में परिणत हो गया। विधायक जिग्गा ने कहा कि आज का दिन बसिया के लिए काफी गौरवशाली है। तेलंगा खड़िया अंग्रेजो के अत्यचार को सहन नहीं किया और अपने जान की कुबार्नी दे दी। हमें उनके पद चिह्नों पर चलने की जरूरत है। पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत मे खोड़ा दल द्वारा मांदर की थाप पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर दुर्गा पहान, एमलेन कुल्लू, अमित बघवार, रितवा कुल्लू, मार्टिन कुल्लू, पीयूष धनवार, सुकरु खड़िया, चंदर भगत, रतिया इंदवार, लियोन सोरेंग, बागे खड़िया, दीपक केरकेट्टा, लखन खड़िया, महेश्वर खड़िया, अंजलुस टेटे, सुशील केरकेट्टा, राजेश खड़िया, संदीप सोरेंग, थॉमस इंदवार आदि उपस्थित थे।

### गले में भात अटकने से चौथी कक्षा के छात्र की हुई मौत



गुमला। घाघरा थाना क्षेत्र के तारा गुड्डू अंबाटोली गांव निवासी बाल किशुन उरांव का 12 वर्षीय पुत्र रामकुमार उरांव की मौत भात खाने के क्रम में गले में भात अटकने से हो गई। आनन फानन में निजी वाहन से उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात करीब 8:30 बजे घर के सभी लोग खाना खाने बैठे । राजकुमार भी भात खाने बैठा था। इसी बीच भात खाने के क्रम में उसके गले में भात अटक गया और वह सरक गया। इसके बाद वह खांसने लगा। वह घर के बाहर आंगन में निकला। धीरे-धीरे उसकी सांसे अटकने लगी। फिर उसे पीने के लिए पानी दिया गया वह सुस्त हो गया इसके बाद उसके शरीर में तेल की मालिश की गई। निजी वाहन की व्यवस्था कर उसे बुधवार की रात 10 बजे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामकुमार अंबा टोली सरकारी स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र था। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## गर्मी में खराब पड़े चापानलों को अविलंब बनाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख सविता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान थाना से आए एसआई उपेंद्र पाठक को निर्देश देते हुए कहा कि घाघरा प्रखंड में सड़क दुर्घटना का ग्राफ बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण सड़कों के किनारे शराब की बिक्री, ड्रग्स, गांजा और नाबालिक का गाड़ी चलाना है। इन सभी पर पुलिस जांच कर करवाई करे ताकि सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता को निर्देश देते हुए कहा की गर्मी को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के गांव में जो भी खराब पड़े चापाकल है। उन सभी को जल्द से जल्द मरम्मत कराए ताकि लोगों को आसानी पानी मिल सके। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर हमेशा अनुपस्थित रहते हैं और डॉक्टरों का व्यवहार भी कुशल नहीं है। सांप काटने व कुत्ता काटने जैसे घटना पर तुरंत डॉक्टर के द्वारा रेफर कर दिया जाता है जबकि दवा स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। प्रखंड आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र में आयुर्वेद की दवा नहीं होने पर उपायुक्त से दवा उपलब्ध कराने का आग्रह करने की बात कही गई। सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बिल्कुल ही खराब है। घाघरा प्रखंड के 27 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक पर निर्भर है। ऐसे में शिक्षा के स्तर को बढ़ा पाना काफी मुश्किल है। इन सभी समस्याओं पर जल्द पहल करने का आग्रह भी किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिवा देवी, बीपीओ बेबी कुमारी, शंकर साहू, सतीश बंसल, सत्येंद्र उरांव, विपिन साहू, पंकज साहू, सीमा देवी, रामरीत उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्काउट एंड गाइड जीवन जीने की कला है: जी पी झा



लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त सह राज्य मुख्यालय आयुक्त गौतम लेनिन द्वारा त्रीदिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कहा गया कि स्काउट एंड गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की पूर्ण शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना है, जिससे कि वे एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी क्षमताओं के द्वारा स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योगदान कर सकें। शिविर का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना से किया गया तत्पश्चात झंडा गीत के साथ हॉर्स शू बनाकर झंडोत्तोलन किया गया। प्राचार्य जीपी झा के साथ गौतम लेनिन, गाइडर सह जिला प्रशिक्षिका संध्या सिंह, भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव सह शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन तथा स्काउटर सह जिला प्रशिक्षक नवनीत गौड़ ने मिलकर दीप प्रज्वलित किया तथा स्काउट एंड गाइड पंच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का नियमित संचालन शुरू किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों को स्काउटिंग गाइडिंग फंडामेंटल की जानकारी दी गई। साथ ही भारत स्काउट और गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, चिह्न, लीडरशिप, सैल्यूट, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, कंपनी बैठक की जानकारी दी गई। मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन जीने की कला है। इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चे अपना सर्वांगीण विकास करते हुए प्रभावशाली तथा जिम्मेदार व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। प्रशिक्षण शिविर में पीटी शिक्षक वाल्मीकि सिंह, अमित सिंह तथा मीता बसु, शितेश पाठक, प्रमित कुमार, आरती कुमारी, पूनम सिंह तथा रजनी प्रसाद में सक्रिय भूमिका निभाई।

## पकोर्लेशन टैंक में शेष रह गये लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि व संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कृषक पाठशाला के प्रगति से निदेशक, कृषि विभाग, झारखण्ड को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा पशुधन विकास योजना अंतर्गत मुर्गी व सूकर शेड निर्माण में हो रहे विलंब के कारण से उपायुक्त को अवगत कराया गया। भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तालाब जीर्णोद्वार, पकोर्लेशन टैंक निर्माण और डीप बोरिंग की योजना में लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि से अवगत कराया। पकोर्लेशन टैंक में शेष रह गये लक्ष्य को सभी अंचल अधिकारियों के बीच कार्य आवंटित करने का निर्देश दिया गया।

गव्य विकास विभाग द्वारा गाय की योजनाओं में उपलब्धि से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा कर निर्देश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### जिला स्थापना दिवस पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों को होगा वितरण

**लोहरदगा।** 17 मई (शनिवार) को लोहरदगा जिला का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। समाहरणालय मैदान लोहरदगा में सुबह 11 बजे से विकास मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही अतिथियों द्वारा विभागों के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात शाम को नया नगर भवन, लोहरदगा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिता ( क्विज, पेंटिंग, स्पीच) का भी आयोजन किया जाएगा जिसके विजेताओं को कार्यक्रम के अंत मे सम्मानित भी किया जाएगा। इस वर्ष 10वीं ( सीबीएसई) की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

### जंगली हाथियों से बचाव को लेकर वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को किया जागरूक



लोहरदगा। वन प्रमंडल लोहरदगा के टीम द्वारा मानव हाथी द्वंद्व से पीड़ित शोकाकुल परिवार एवं हनहट ग्राम के ग्राम वासियों के साथ बैठक किया गया। मौके पर टीम ने बताया कि जंगली हाथियों को देखने पर विभाग को तुरंत सूचना दे और हाथी के नजदीक जाने को कोशिश नहीं करे। जितना हो सके दूरी बना कर रहे और मशाल और अन्य सामग्री का इस्तेमाल करे। साथ ही मकांदु, इटरा, बड़मारा, हुरहद, गीतिलगढ़ और राहे गांव के ग्रामीणों को जंगली हाथी से बचाव हेतु वन विभाग लोहरदगा के टीम के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मशाल और पम्पलेट इत्यादि का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल विपिन टोप्पो, गौतम राम, पंकज कुमार सिंह, प्रवीण कुमार (वनरक्षी), होम गार्ड जवान एवं हाथी मित्र सह वाचर मौजूद थे।

### बिजली चोरी के आरोप में छह पर प्राथमिक दर्ज

भंडरा। बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग के द्वारा मसमानो पंचायत के बेदाल गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल का नेतृत्व बिजली विभाग की सहायक अभियंता मो जीशान के ने किया। छापेमारी के बाद मो जीशान के द्वारा भंडरा थाना में बेदाल गांव के 6 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी करने का मामला दर्ज कराया गया है। बिजली विभाग द्वारा थाना को दिए गए पत्र के अनुसार सभी उपभोक्ताओं के द्वारा अवैध रूप से बिजली की चोरी कर उपभोग किया जा रहा था।

## लोहरदगा : स्वतंत्रता सेनानी स्व गंधर्व भगत की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गयी

### गंधर्व भगत, रंथू टाना भगत, मल्लिक सेराज ने अंग्रेजों के खिलाफ बड़ा पोस्ट ऑफिस में फहराया था तिरंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**लोहरदगा।** स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी सह लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के पिता स्वर्गीय गंधर्व भगत की 17वीं पुण्यतिथि उनके आवासीय परिसर में मनाई गई। सबसे पहले स्वर्गीय गंधर्व भगत के ज्येष्ठ पुत्र दुर्गा भगत, कनिष्ठ पुत्र सांसद सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, पौत्र युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, शाश्वत सिद्धार्थ द्वारा पूजा अर्चना किया गया एवं लोगों के द्वारा स्व गंधर्व भगत के प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व गंधर्व भगत स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाएं थे। 1942 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन का कार्यक्रम रामगढ़ में आयोजित किया गया था। स्वर्गीय गंधर्व भगत अपने सहपाठियों के साथ साइकिल से रामगढ़ गए थे। स्व गंधर्व भगत, स्व रंथू टानाभगत, स्व मल्लिक सेराज ने अंग्रेजों के खिलाफ बड़ा पोस्ट ऑफिस में तिरंगा झंडा भी फराया था। आजादी के बाद ये सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके आदर्शों को आत्मसात करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मांडर के सांसद प्रतिनिधि सीताराम भगत, पूर्व एआईसीसी सदस्य संगीता जायसवाल, 20सूत्री अध्यक्ष भंडरा डोमना उरांव, प्रो स्नेह, अमर अग्रवाल, अशोक पोद्दार, सुधीर अग्रवाल, सुबोध साहू, समीद अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, राजेश सहाय, अनिल, साजिद, आलोक साहू, नेसार अहमद, पवन गौतम, कुणाल अभिषेक, मनोज सोन तिर्की, फूलदेव उरांव, लाल विकास नाथ शाहदेव। गौतम, राधेश्याम साहू, रफीक अंसारी, शनिचरवा उराव, दयानंद उरांव, संजय भगत, रवि रौशन बेक, देवदत्त प्रजापति, समीद अंसारी, सज्जाद अंसारी जगदीप भगत, अफान खान, विकी खान, लाल वीरेंद्र नाथ शाहदेव, पप्पू सहदेव, रितेश सिंह, विजय चौहान, कुदूस अंसारी, मो तबारक, संतोष गुप्ता उर्फ गुड्डू, आजाद अंसारी, निलेश उरांव, प्रतीक मोनी, संजीव मुखर्जी, मनीष शर्मा, संजीव साहू, मुजम्मिल अंसारी, नंदलाल तिवारी, राजू कुरैशी, पवन सराफ, मुस्लिम अंसारी, जोरावर, प्रकाश उरांव, रंजीत उरांव, फादर नेमहस एक्का, बंटू जयसवाल, गुलाम जिलानी, जगजीवनी राम, अविनाश उरांव, असलम अंसारी, वीरेंद्र यादव, मुन्ना खान, अनवर, सोनू, राजू कुरैशी, यासीन अंसारी, उदय केसरी, संजय बर्मन, मोतीलाल चौबे, महताब आलम, लच्छू उरांव, आजाद अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 5 लाख ठगी कर सैलून संचालक दंपति फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** शहर से सटे कुम्हार टोली लोहरदगा रोड की अनीता देवी ने गुमला थाना में ठगी की शिकायत दर्ज करायी है। अनीता देवी सागर स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि समूह की सचिव मीना देवी जो 32 साल से कुम्हार टोली में रह रही थी। उसने समूह से 4 लाख रुपए की राशि ली और अब फरार हो गई है। यह राशि बैंक ऑफ महाराष्ट्र पालकोट रोड शाखा से लोन के रूप में पास हुई थी। 4 लाख रुपए की निकासी अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष ने मिलकर की थी। समूह की बैठक में मीना देवी ने कहा कि उसकी बेटी को बैंक में नौकरी लग रही है। नातिन गंभीर है, अस्पताल में पैसा जमा करना है। छोटी बेटी को नर्सिंग कॉलेज में दाखिला दिलाना है और दामाद को नौकरी लग रही है। इन सब कारणों से उसे 4 लाख रुपए की जरूरत है। वह बैठक में फूट-फूट कर रोई। सभी महिलाओं की सहमति से उसे पूरी राशि दे दी गई। मीना देवी ने वादा किया था कि वह हर माह 13,700 रुपए की किस्त भरेगी। यह राशि 36 माह तक जमा करनी थी। इसके बाद 1 मई को शादी का बहाना बनाकर गुमला छोड़कर चली गई। उसका मोबाइल बंद है। कहां गई किसी को पता नहीं। समूह की महिलाएं जब उसके सैलून जो धोबी मुहल्ला में है। वहां गईं तो उसके कारीगर ने कहा कि उसे कुछ नहीं पता। लेकिन वह रोज सुबह 7 बजे दुकान खोलता है। महिलाएं सवाल कर रही हैं कि अगर कारीगर को मालिक से संपर्क नहीं है तो वह रोज दुकान कैसे खोल रहा है। वह अपने पूरे परिवार के साथ गायब है। समूह की महिलाएं गरीब परिवारों से हैं। उनके लिए लोन की किस्त भरना मुश्किल हो रहा है। इधर तेलगांव निवासी शिव कश्यप ने भी सैलून संचालक दंपति पर डेढ़ लाख रूपए लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। सुनील ठाकुर ने बैंक कॉलोनी दुन्दरिया में जमीन रजिस्ट्री करने के नाम पर उनसे डेढ़ लाख रुपए मांगे। एग्रीमेंट के साथ यह राशि दी गई तय हुआ की 6 माह में पैसा लौटा दिया जाएगा। लेकिन वह परिवार के साथ गुमला छोड़कर भाग गया। आवेदन देने वालों में मिशन बदलाव के सदस्यों के साथ अनीता देवी, उर्मिला देवी, रिंकू देवी, पुतुल देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, जितनी देवी, नसीमा खान और अन्य महिलाओं ने भी शिकायत में हस्ताक्षर किए हैं। सभी ने कार्रवाई की मांग करते हुए पैसा वापसी की गुहार लगाई है।

सफलताः प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के 3 उग्रवादी हथियार के साथ चढ़े पुलिस के हत्थे

# चार अप्रैल को संतोष सिंह के क्रशर एवं फिरोज अहमद के ईंट भट्ठे में हुई फायरिंग की घटना में थे शामिल

- संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी के विरुद्ध दर्ज है 23 मामले

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के कुशल नेतृत्व में चंदवा पुलिस की टीम ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के विरुद्ध बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसपी को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ अरविंद कुमार एवं चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में गठित टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़गड़वा जंगल में लेवी वसूलने आए संगठन के 3 उग्रवादियों को हथियार के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार उग्रवादियों में संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी पिता सुखराम उरांव (मड़मा चंदवा), बालक राम उर्फ दिलीप राम उर्फ कबीर जी पिता कोल्हा राम (हेंजला कालीपुर कूडू) व आशीष उरांव पिता धर्मदेव (उरांव धाधू पूरनापानी बालूमाथ) शामिल है। इनके पास से पुलिस ने दो पिस्तौल, 7.65 एमएम का 4 जिंदा गोली, .315 एमएम का 3 जिंदा गोली व 7 मोबाइल बरामद किया है। मामले में गुरुवार को प्रेस


गिरफ्तार अपराधी।

कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार व इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि बीते 4 अप्रैल को चंदवा के हड़गड़वा में संतोष सिंह के क्रशर एवं फिरोज अहमद के ईंट भट्ठे में लेवी को लेकर मुंशी को गोलों मारे जाने की घटना में पीएलएफआई का हाथ था। संगठन के द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में लगी पी आर ए कम्पनी से रंगदारी मांग की गई थी। एसपी को लगातार गुप्त मिल रही थी संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी के द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ईंट भट्ठे के मालिकों, व्यवसायियों से लेवी मांगी जा रही थी एवं लेवी को लेकर पीएलएफआई उग्रवादी हड़गड़वा जंगल में जमा हैं, सूचना के आलोक में टीम गठित कर करवाई की गई जिसमें उक्त सफलता मिली। एसडीपीओ श्री कुमार ने आगे बताया कि गिरफ्तार संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान एवं बालक राम उर्फ दिलीप राम उर्फ कबीर जी का अपराधिक इतिहास रहा है।

संतोष उरांव के विरुद्ध चंदवा, कूडू, लोहरदगा, चान्हो, पिपरवार थाना में 23 मामले दर्ज है। जबकि बालक राम के विरुद्ध चंदवा व कूडू थाना में 9 मामले दर्ज हैं। इनकी गिरफ्तारी लातेहार पुलिस के लिए बड़ी सफलता है।

**छापामारी अभियान में ये थे शामिल**

छापामारी अभियान में एसडीपीओ अरविंद कुमार, चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि रवींद्र कुमार सिंह, श्रवण कुमार, राकेश कुमार महतो, सअनि भीम कुमार, रंजय कुमार सिंह चंदवा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## लातेहार में चला दिनदहाड़े गोली

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास बन रहे ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर दिनदहाड़े दोपहर तीन बजे गोलीबारी की घटना हुई। दो अज्ञात बाइक सवार अपराधी मौके पर पहुंचे और गोलीबारी कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। जिसमें गली चने की पुष्टि हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि गोली चलने की पुष्टि हुई है, लेकिन खोखा नहीं मिला है। लेवी वसूली को लेकर घटना को अंजाम देने की आशंका राहुल सिंह गैंग ने घटना को अंजाम दी है। गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। स्थानीय व्यापारियों ने अपना कामकाज सामान्य रूप से जारी रखा है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## सेवानिवृत शिक्षक का निधन, शोक



**बालूमाथ।** प्रखंड के जाने-माने सेवानिवृत शिक्षक सह समाजसेवी जुगेश्वर राम 77 वर्ष का आकस्मिक निधन बुधवार की रात्रि उनके निवास स्थान चेताग में हो गई। उनके पुत्र सुबोध कुमार चंदेल ने बताया कि वे पिछले कई महीनो से बीमार चल रहे थे। तथा कल ही रांची से इलाज करा कर वे अपने घर लौटे थे। योगेश्वर राम मध्य विद्यालय पकरी मे 1976 से 2004 तक एवं मध्य विद्यालय गणेशपुर में 2005 से 2008 तक अपनी सेवा दे चुके थे। तथा रिटायरमेंट होने के बाद वे समाज के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने लगे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर कई लोगों ने शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में प्रमोद कुमार, प्रणव कुमार, अभिनव कुमार, ईशान कुमार, शम्मी कुमार, अमित कुमार, सचिन कुमार, अशोक कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू, गोकुल सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, देवांश पांडे, ईश्वरी पासवान, विनय कुमार, संजीव कुमार समेत कई लोग शामिल है।

# चारपाई में लादकर मरीज को एम्बुलेंस तक लेकर आये ग्रामीण, अस्पताल में मौत

- मरीज को एम्बुलेंस तक लाने में लगा आधा घंटा
- सड़क के आभाव में आदिम जनजाति परहैया टोला तक नहीं पहुंच पाती है एम्बुलेंस


मरीज को चारपाई में ले जाते लोग।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम चटुआग निवासी बीमार डोमन परहैया (65 वर्ष) की सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण मौत हो गई। डोमन परहिया की तबीयत बुधवार से खराब थी, स्वास्थ्य सहिया के पति नेमा परहैया ने मामले की जानकारी गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान को फोन पर दी, अयुब खान ने 108 पर एम्बुलेंस के लिए फोन किया, उन्होंने बताया कि चंदवा सीएचसी से ही एम्बुलेंस उपलब्ध करा दिया गया था, एम्बुलेंस जब बीमार मरीज डोमन परहैया को लाने के लिए परहैया टोला के लिए चला तो आधे घंटे रेलवे क्रॉसिंग जाम पर फटक बंद होने के कारण जाम में फंस गया, फाटक खुला तो एम्बुलेंस सड़क के आभाव में परहैया टोला नहीं पहुंच सकी, जिसके बाद गांव में लोगों को जुटाकर चारपाई (खटिया) की व्यवस्था की गई व डोमन को चारपाई पर लादकर ग्रामीण नेमा परहैया, सनिका मुंडा, बीनोद परहैया, लालजीत परहैया, सुलेंद्र परहैया, बिफईया परहैया, महेंद्र परहैया व अन्य ने कंधा मे उठाकर करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर मरीज डोमन परहैया को एम्बुलेंस तक पहुंचाया, ग्रामीणों ने बताया कि डोमन की स्थिति धीरे धीरे काफी गंभीर हो रही थी, अस्पताल ले जाने के क्रम में एम्बुलेंस पुनः करीब 15-20 मीनट रेलवे फाटक जाम में फंस गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां डाक्टर तरुण जोश लकड़ा, अस्पताल अर्मी प्रवीण कुमार भोला, सुनीता कुजूर की टीम ने चेकअप कर उन्हें मृत घोषित किया।

अयुब खान ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम में सड़क का आभाव होना काफी दुःखद है, आज आदिम जनजाति परिवार को अस्पताल तक जाने के लिए सड़क तक नहीं है रेलवे फाटक पर एम्बुलेंस नहीं फंसती और एम्बुलेंस उसके गांव तक चला जाता तो आज डोमन परहैया की जान बच सकती थी।

# सभी डीलर मई माह में जून एवं जुलाई माह के खाद्यान का उठाव व वितरण करें सुनिश्चितः बीडीओ


समीक्षा करते अधिकारी एवं अन्य।

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल सभागार में गुरुवार को जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने की। बैठक में उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार मौजूद थे। बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि विभागीय आदेशानुसार इस माह में जून व जुलाई तथा 15 जून तक अगस्त माह का राशन वितरण संपन्न करना है। सभी विक्रेता अपने अपने खाद्यान का उठाव ससमय कर वितरण कार्य संपन्न करेंगे। किसी भी परेशानी पर एमओ से सम्पर्क स्थापित कर समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से खाद्यान वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी व जबाबदेह बनाने को लेकर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार ने आपूर्ति अंतर्गत संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया सरकार के निदेर्शानुसार मई माह में जून व जुलाई के खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण करने का निर्देश प्राप्त है। सभी विक्रेता ससमय खाद्यान का उठाव सुनिश्चित करे एवं पारदर्शिता के साथ वितरण कार्य करेंगे। किसी प्रकार की लापरवाही व वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे सभी विक्रेता को ग्रीन राशन व दिसंबर माह के बचे हुए दाल का वितरण 31 मई तक शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी दुकानदारों को ससमय खाद्यान का उठाव व वितरण करने को कहा। उन्होने पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों को खाद्यान वितरण करने की बात कही। उपप्रमुख श्री मिश्र ने डीलरों को होने वाली परेशानियों से अवगत होते हुए उन्हें समाधान कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होने पूरी जबाबदेही के साथ वितरण करने को लेकर निर्देशित किया। दुकानदारो के द्वारा सर्वर समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस पर उपस्थित बीडीओ व उपप्रमुख ने वरीय अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराने एवं निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, ललिता देवी पंसस बल्कु मुंडा, अशोक भुइया, पुष्पा देवी के अलावे विक्रेता रामकृष्ण मिश्र, रमेश कुमार, आशीष सिंह, महेंद्र प्रसाद, शाहिद खान के अलावे प्रखंड के सभी दुकानदार मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन


राजीव रंजन पाण्डेय।

**लातेहार।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर पूरा देश सेना के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन, शुक्रवार 9 :30 बजे सुबह मंगल बाजार टाड़ शिव मंदिर से चलकर मेन रोड मुख्य बाजार होते हुए समाहारणालय चौक पर संपन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम एवं जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा और राजीव रंजन पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा सभी से विनम्र आग्रह है कि, हम सब मिलकर तिरंगे के सम्मान में एकजुट हो, और इस महान राष्ट्र की रक्षा में समर्पित अपने सैनिकों के साहस को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा को सफल बनाएं।

## जर्जर विद्युत तारों से खतरे में पोखरीकला बस्ती


असमीना बीबी पंचायत समिति सदस्य।


गिरा हुआ विद्युत प्रवाहित तार।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत पोखरीकला बस्ती के लोग इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। बस्ती में वर्षों पुराने, जर्जर एवं झूलते विद्युत तारों से बार-बार करंट प्रवाहित होकर तार टूटने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बच्चों और मवेशियों की जान बाल-बाल बची है। बारिश या हल्की हवा के झोंके से तार नीचे गिर जाते हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बाबत विभाग को कई बार सूचना दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पोखरीकला पंचायत समिति की सदस्य असमीना बीबी ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात की और जल्द से जल्द जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते तारों को नहीं बदला गया और कोई अप्रिय घटना घट गई, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। वहीं उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि विभाग कब तक जागता है और लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

## बिजली विभाग की मनमानी चरम पर

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में इन दिनों बिजली विभाग की मनमानी से लोग खासे परेशान हैं। अघोषित बिजली कटौती अब एक आम बात बन गई है, लेकिन इसकी मार सीधे आमजन की जिंदगी पर पड़ रही है। बिना किसी सूचना या तकनीकी फॉल्ट के घंटों बिजली काट दी जाती है। लोगों को यह तक नहीं बताया जाता कि बिजली कब आएगी और क्यों गई। दिनभर की चिलचिलाती धूप और रात में उमस भरी गर्मी ने लोगों की नींद उड़ा दी है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे अधिक परेशान हैं। पंखे और कूलर बंद होने से घरों में दमघोंटू स्थिति पैदा हो रही है। कई घरों में पानी की भी किल्लत हो गई है, क्योंकि मोटर नहीं चल पा रही है। बिजली संकट का सबसे बड़ा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूली और कॉलेज के छात्र गर्मी और अंधेरे में न तो ठीक से पढ़ पा रहे हैं और न ही ऑनलाइन क्लास में शामिल हो पा रहे हैं। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह संकट गंभीर रूप ले चुका है। व्यवसायिक वर्ग भी इससे अछूता नहीं है। दुकानों, ठेलों और छोटे उद्योगों में बिजली कटौती से कामकाज प्रभावित हो रहा है। फ्रीज और कूलर बंद होने से खाद्य सामग्री खराब हो रही है।

# विद्यालय मरम्मती में घोर अनियमितता बिना चिपिंग रड के ही कर दी गई छत की ढलाई



- अपना काम बनता भांड मे जाये जनता की कहावत चरितार्थ कर रहा है भवन मरम्मती, गुणवत्ता के साथ किया भारी खिलवाड़

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रेंची में मरम्मती कार्य में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश मे आया है। विभागीय उदासीनता और संवेदक की मनमानी से शिक्षा व्यवस्था की नींव ही कमजोर होती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि लगभग चार लाख रुपये की लागत से भवन की मरम्मती कराई जा रही है। कार्य में प्रदर्शिता का और तकनीकी मानकों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मरम्मती कार्य के दौरान किसी प्रकार की सूचना पट्ट तक नहीं लगाया गया है। संवेदक ने विद्यालय भवन की छत की मरम्मती बिना चिपिंग किए ही कर दी है। साथ ही ढलाई में सरिया यानि रड का भी प्रयोग नहीं किया गया है। मिट्टी युक्त बालू और सस्ता ब्रांड के सीमेंट का उपयोग कर मात्र आधा इंच मोटाई में छत की ढलाई कर थूक पॉलिस कर दी गई है। जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कार्य मे अनियमितता से बच्चों की जान पर खतरा की सम्भावना ग्रामीणों के अनुसार इस विद्यालय में करीब 70 परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं और वर्तमान में वर्ग एक से पांच तक कुल 34 छात्र-छात्राएं पठन-पाठन कर रहे हैं। ऐसे में मानकों को ताक पर रख कर भवन निर्माण कार्य किया गया है भविष्य में जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सरिया और चिपिंग के गई ढलाई कभी भी छत दरार होने के साथ गिर सकती है। जिससे बच्चों की जान को खतरा का सम्भावना बनी रहेगी।

**ग्रामीणों ने जाँच कर उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है**

ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से पूरे प्रकरण को निष्पक्ष जांच कर दोषी संवेदक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही मरम्मती कार्य को मानक के अनुरूप दोबारा गुणवत्ता पूर्ण कराने का आग्रह किया है। मुखिया राजीव भगत ने इस संबंध में जब स्थानीय मुखिया राजीव भगत ने कहा कि ग्रामीणों से विद्यालय भवन मरम्मती की जानकारी मिली है। जल्द ही संवेदक और विभागीय अधिकारियों से मिलकर स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे मामले को उपायुक्त के समक्ष भी उठाएंगे। वहीं भवन निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर कृष्णा कुमार ने बताया कि यह मरम्मती कार्य जेएपीसी के माध्यम से कराया जा रहा है जिसकी लागत तीन लाख से अधिक है।

# चंदवा पुलिस ने करीब 50 लाख रुपए की अवैध शराब लदी कंटेनर को पकड़ा, एक गिरफ्तार

- दमन दीव से बिहार ले जाई जा रही थी अवैध शराब की खेप
- कंटेनर में लोड था 1000 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब


बरामद अवैध शराब।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष अभियान चलाकर दूसरे प्रदेश से हो रही अवैध शराब की बड़ी खेप को पकड़ने में सफलता पाई है। बुधवार की देर रात्रि पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में पुलिस ने टीम ने एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर वाहन जांच के दौरान थाना क्षेत्र से एक कंटेनर एआरओ 6बी 6792 से लगभग एक हजार पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की खेप के साथ चालक जयपाल सिंह को पकड़ा है। बरामद शराब केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव से बिहार के लिए ले जाई जा रही थी। गुरुवार की शाम जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग प्रीमियम विस्की ब्रांड की है। जिसकी बिक्री केवल भूटान में की जा सकती है। उक्त शराब को अवैध तरीके से बिहार ले जाया जा रहा था, जिसकी सूचना एसपी कुमार गौरव को मिली, उनके निर्देश में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कंटेनर में भर कर ले जाए जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब की खेप को पकड़ा गया, जांच के क्रम में कंटेनर से लगभग 1000 पेटी शराब बरामद हुआ है।

प्रत्येक पेटी में लगभग 180 एमएल की 48 छोटा पैकेट पैक है। बरामद शराब की अनुमानित बाजार मूल्य करीब 45 से 50 लाख रुपए आंकी जा रही है। पकड़े गए चालक से पूछताछ में शराब संबंधी कोई कागजात नहीं मिला है। इसके बाद अवैध अंग्रेजी शराब व वाहन को जब्त करते हुए पुलिस इस अवैध कारोबार में शामिल सिंडीकेट को बेनकाब करने में जुट गई है। सूत्र बताते हैं कि बिहार में शराब बंदी के बाद से एनएच-75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अवैध शराब तस्करी होती आ रही है। पूर्व में भी कई बार चंदवा से अवैध शराब की बड़ी खेत बरामद हो चुकी है। जिससे प्रतीत होता है कि शराब माफिया एनएच को बड़े पैमाने पर अवैध शराब तस्करी को लेकर इस्तेमाल करते हैं। छापामारी अभियान में चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

## 1.15 करोड़ की लागत, विधायक बोले - बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राथमिकता

**अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते, तो उन्हें बख्शा नहीं जायेगा**


शिलान्यास मौके पर विधायक व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मोरबे में जिला परिषद द्वारा संचालित योजना के तहत एक नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी गई। इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने विधिवत रूप से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अब छोटी-मोटी बीमारियों के लिए दूर जाने से बचेंगे, क्योंकि स्थानीय स्तर पर ही उन्हें चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सकेगी। संवेदक ददन प्रसाद सिंह ने जानकारी दी कि इस अस्पताल का निर्माण 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। यह भवन सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगा ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। मौके पर विधायक श्री सिंह ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को आगाह करते हुए कहा कि वे ईमानदारी से समय पर राशन का वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि कोई दुकानदार अनियमितता करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि यदि अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पारदर्शी प्रशासन और जनता के प्रति जवाबदेही की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक ने यह भी दोहराया कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याएं उनकी अपनी समस्याएं हैं और वे हर मंच पर उनकी आवाज बनने को तैयार हैं।

मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि मदन मोहन प्रसाद, शंकर सिंह, गुड्डू पाठक, राम जी राम, शंभू राम, सलीम राय, छोटन सिंह, सत्येंद्र सिंह, बृजमोहन प्रसाद, राजू सिंह, अजय राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग गांवों से दो वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार की गई। गुरुवार की शाम चलाए गए विशेष अभियान में थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव निवासी जियाउल हक पिता रुस्तम खलीफा, खरसोता गांव निवासी प्रभु राम पिता राम केश्वर राम को पुलिस ने उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया।

## प्लस टू उवि में प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा नामांकन

**भवनाथपुर।** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से वर्ग नवम एवं वर्ग ग्यारहवीं (विज्ञान, कला और वाणिज्य) में प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। इसकी जानकारी विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने दी। प्रत्येक संकाय के लिए योग्य शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक नियुक्त हैं। गणित और भूगोल विषय के लिए भी प्रयोगशाला उपकरण उपलब्ध हैं।

# डेमा गांव में 10 घंटे से ब्लैकआउट, गर्मी और पानी की किल्लत से बेहाल ग्रामीण

**कांडी।** प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत अनुसूचित जाति बहुल डेमा गांव गुरुवार को सुबह से ही बिजली संकट से जूझ रहा है। सुबह 6:30 बजे से गांव में पूरी तरह ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या ठप हो गई है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि सोनपुरवा गांव के नवडीहवा टोला में मुख्य सड़क के किनारे 11000 वोल्ट के डीपी पोल पर कटआउट जल गया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी पक्षी के बैठने से यह शॉर्ट सर्किट हुआ।

सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# सभी 150 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में सफल









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गढ़वा जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी 150 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर न सिर्फ विद्यालय बल्कि जिले का नाम भी रौशन किया है। इस सफलता पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया और अभिभावकों तथा शिक्षकों में भी गर्व की अनुभूति हुई। इस वर्ष विद्यालय के छात्र आदर्श राज ने सर्वाधिक 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उसने साइंस में 94, सोशल साइंस में 95 और आईटी में 91 अंक अर्जित किए। उसके इस प्रदर्शन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया गया है। दूसरे स्थान पर रहे आशुतोष कुमार अभिषेक, जिन्होंने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने हिंदी में 91 और सोशल साइंस में 95 जैसे उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर यह साबित किया कि परिश्रम और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वहीं रिया कुमारी ने भी 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के टॉपर्स में अपनी जगह बनाई। उन्होंने अंग्रेजी में 94, हिंदी में 90 और आईटी में 91 अंक प्राप्त किए। अन्य टॉप विद्यार्थियों में शौर्य राज, सत्यम कुमार, आदित्य प्रकाश, प्रियांशु कुमार गुप्ता, साक्षी कुमारी, निक्की यादव, आयुष राज जैसे छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बनाए रखा।

# बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस ने '5-एस सिस्टम' को लेकर निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 का किया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली से सम्बंधित 5-एस सिस्टम के लिए दो दिवसीय निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के सीजीएम मनीष जलोटा व जीएम अमरेश सिन्हा तथा जीएम टीएस-जल आपूर्ति लंबोदर उपाध्याय उपस्थित थे। इस वर्ष 5-एस सिस्टम के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 प्रतियोगिता में आरसीएम बोकारो जनरल अस्पताल भारी रखरखाव-मैकेनिकल सीआरएम-थ्री हॉट स्ट्रिप मिल टाउन सर्विस-जल आपूर्ति पीईबी ईटीएल ट्रैफिक कोक ओवन एचआरसीएफ ब्लास्ट फर्नेस इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार ईएमडी ईटीएल इत्यादि विभाग से कुल 20 क्वालिटी सर्किल की टीमों ने अपने कार्यस्थल पर प्रभावी हाउसकीपिंग के प्रबंधन के संबंध में अपने रचनात्मक विचारों और प्रयासों का प्रदर्शन मॉडल प्रस्तुति-5एस कार्यान्वयन यात्रा- 5एस केस स्टडी प्रेजेंटेशन तथा 5एस काइजेन के प्रस्तुति के माध्यम से किया। संपूर्ण गुणवत्ता तथा कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली से सम्बंधित रखरखाव प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष बीएसएल के पुरस्कार विजेता टीम 14 जून' 2025 को मदुरै में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में चयन के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सागरिका साहू तथा सुश्री देवयानी चक्रवर्ती की टीम के द्वारा किया गया।

# देशव्यापी हड़ताल में शामिल न हो, सामूहिक प्रयास से कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करें : जीएम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन इंटक, एचएमएस, एटक, सीटू द्वारा 20 मई को कोयला उद्योग में हड़ताल करने की नोटिस दी गई है। जिसे लेकर गुरुवार को ढोरी आफिसर्स क्लब में जीएम रंजय सिंहा ने एसीसी सदस्यों के साथ बैठक की। इस अवसर पर महाप्रबंधक सिंहा ने राष्ट्र व उद्योग हित में 20 मई को देशव्यापी हड़ताल में भाग नहीं लेने की अपील की। कहा कि ढ़ोरी क्षेत्र कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए रेस हो गया है। इसके अंतर्गत मुख्यालय के ओर से ढोरी क्षेत्र को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 54 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उसे सामूहिक प्रयास से हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेन एवं मशीन की क्षमताओं का भरपूर उपयोग करें, ताकि उत्पादन लक्ष्य संभव हो सके। जीएम ने कहा कि सुरक्षा मानकों एवं पर्यावरण सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें। बेहतर टीम वर्क, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कोयला उत्पादन के क्षेत्र के विषय में जानकारी प्राप्त करने के बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। कहा कि खदानों में सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में जीएम सिंहा ने क्षेत्र के श्रमिकों से अनुरोध किया कि वे उत्पादन बढ़ाने में सकारात्मक सहयोग करें। उन्होंने सकारात्मक सुझाव देने का भी आग्रह किया। इस मौके पर पीओ राजीव कुमार और रंजीत कुमार, एसओपी माला कुमारी, एसओ सिविल मनोज कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक कुमार व तौकीर आलम, सहायक कर्मी प्रबंधक शालिनी यादव समेत यूनियन नेता हरेन्द्र सिंह, शिवनंदन चौहान, विकास सिंह, जयनाथ मेहता, राजू भूखिया, महारुद्र सिंह, जवाहर लाल यादव, गोवर्धन रविदास, बैजनाथ महतो आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## एक नजर में

### मालगाड़ी की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

गोमिया। रेलवे लाइन में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है।जानकारी के अनुसार 14 मई को धनबाद रेल मंडल के गोमो-बरकाकाना रेल खंड के बीच गोमिया रेलवे स्टेशन से लगभग 500 मीटर की दूरी पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक नवयुवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 14 मई की शाम 4 बजे की बतायी जा रही है। मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक का एक हाथ एवं सर शरीर से अलग हो गया, मवेशी चराने वालों ने इस घटना की सूचना गोमिया थाना को दी। वही घटनास्थल पर गोमिया रेलवे पुलिस बल एवं गोमिया थाना की पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर आवश्यक जांच की, किंतु किसी तरह का पहचान प्राप्त नहीं हो सका। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और घटना की छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### 23 वर्षों बाद पुनः शुरू हुआ कसमार बाजार टांड़ में भोगता परब का आयोजन

बोकारो/कसमार। कसमार बाजार टांड़ परिसर में लगभग 500 वर्ष पूर्व स्थापित बुढ़ा बाबा मड़प थान में लगभग दो दशक बाद पुनः इस वर्ष भोगता परब (चड़क पूजा) का आयोजन हुआ। मड़प थान परिसर में पारंपरिक बकरा बलि के बाद पाट को मड़प के अंदर रखा गया। इससे 10 दिन पूर्व धूमइल देकर पाट को करमाली घर ले जाकर कांटी ठोक कर गांव में घुमाया गया। बीते रात्रि में पश्चिम बंगाल से आये छऊ नृत्य टीमों द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गयी। पाट में ठोके गये कीलों की गिनती के आधार पर कमेटी के लोगों ने बताया गया कि यहां लगभग 500 वर्षों से चड़क पूजा का आयोजन किया जा रहा है। अब प्रतिवर्ष यह सिलसिला बरकरार रहेगा। कुड़माली शोधकर्ता दीपक पुनरिनयार ने बताया कि चड़क पूजा को मोड़ा- भोगता या विशू परब भी कहते हैं। बताया जाता है कि यह परब छोटानागपुर राड़ क्षेत्र वर्तमान में झारखंड- बंगाल व उड़ीसा के सीमा क्षेत्र में रहने वाले कुड़मी समाज का बहुत खास परब है। इस वर्ष 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कसमार बाजार मडा परब के आयोजन से लोगों में हर्ष व्याप्त है। रात्रि को छऊ नृत्य कार्यक्रम में गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज जेएलकेएम नेत्री पूजा महतो, कसमार के पूर्व पंसस संतोष महतो गर्री मुखिया कसमार उपमुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सुरेश बानुआर अनंत कंड़हरआर संजय पुनियार आदि भी पंहुचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन कमेटी के भरत महतो भागीरथ महतो निर्मल महतो रामानंद महतो धरती कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पेटरवार शाखा द्वारा पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत लाभ वितरण

बेरमो। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पेटरवार शाखा ने दो पात्र लाभार्थियों को 2-2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की। इस योजना के तहत दिवंगत व्यक्तियों के नाम पर नामित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतली देवी के निधन के उपरांत उनके पुत्र नीलकंठ राजवार को 2 लाख की बीमा राशि दी गई। वहीं अजमेरुन निशा के निधन पर उनके पति मो अब्दुल हमीद अंसारी को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि झारखंड ग्रामीण बैंक, पेटरवार शाखा के माध्यम से वितरित की गई, जिसमें बैंक के अधिकारीगणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा : मजदूर की मौत



गोड्डा। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लोबंधा गांव में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में चालक राकेश लैया की मौत हो गई। राकेश अपने घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर ट्रैक्टर चलाना सीख रहा था इसी दौरान यह घटना घटी।वहीं मृतक राकेश के पिता का नाम संतोष लैया बताया गया। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। राकेश की शादी पिछले साल हुई थी। वह लेबर का काम करता था और दूसरे के ट्रैक्टर से चलाना सीख रहा था। इस हादसे में राकेश के सर पर गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मुफस्सिल थाना की पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद मुफ्फसिल थाना प्रभारी आनंद साहा घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना से संबंधित मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बोड़जम संघ ने घायलों को मिले मुआवजा का किया स्वागत

बोकारो। विगत माह एपरेंटिस विस्थापित द्वारा प्रदर्शन एवं घेराव के दौरान सीआईएसएफ एवं प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प के दौरान घायल 20 लोगों को बोकारो जिला प्रशासन द्वारा तय मुआवजा रकम 20000/-का भुगतान करने पर बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने संतोष जताते हुए जिला प्रशासन से मांग की कि उस घटना में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, उन्हें भी चिन्हित कर मुआवजा दिया जाय। बोकारो प्लांट प्रबंधन अपने तय वार्ता के आधार पर 1500 प्लांट एपरेंटिस को जल्द से जल्द नियोजन देने की प्रक्रिया प्रारंभ करे।

### हंसडीहा : पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार

हंसडीहा। दुमका जिला के हंसडीहा पुलिस आर्म्स के साथ पकड़ाए दो युवक को गिरफ्तार करके गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगढ़ गांव निवासी रतन जायसवाल व प्रीतम भगत उर्फ गुड्डू शामिल है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रकाश सिंह द्वारा बतलाया गया कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस बल को दो संदिग्ध युवक हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ मोड़ के समीप चहलकदमी करते दिखे जिसके बाद पुलिस को शक हुआ और दोनों को अपने साथ पूछताछ के लिए थाना ले आई। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने बताया कि वे लोग रात्रि में इस मार्ग होकर गुजर रहे लोगों से छिंतई कि योजना बना रहे थे। दोनों युवको के पास से पुलिस ने एक पिस्टल व तीन कारतूस व एक अपाची बाइक बरामद किया है। आरोपियों द्वारा पुलिस को बताया गया कि इस गिरोह में एक और युवक है जो इसमें शामिल है। आरोपियों ने अपने पास से बरामद पिस्टल व गोली उक्त युवक द्वारा मुहैया कराने कि बात पुलिस के समक्ष स्वीकारा है। पुलिस जांच में जूट गईं है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, एक घायल

मसलिया। दुमका जिला के साहेबगंज-गोविंदपुर स्टेट हाइवे के मसलिया थाना क्षेत्र के लहरजोरिया पुल के समीप गुरुवार करीब दो बजे सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीघाघर निवासी मोनी पाल अपनी मां गोरबी पाल को लेकर बाइक से दुमका की से घर लौट रहा था। महज घर पहुंचने में और तीन मिनट का सफर बाकी था। इसी क्रम में लहरजोरिया पुल के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें घटनास्थल पर गोरबी पाल उम्र 60 की मौत हो गई। वही बेटा मोनी पाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बोकारो : पिता के साथ लौट रहे बेटे की गोली मार कर हत्या

**मृतक हेमलाल पण्डित जड़ी बूटी का काम करता था**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित कुकुबिलवा गांव के पास बाराडीह जंगल में बुधवार की रात्रि को 52 वर्षीय हेमलाल पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी जब वो अपने पिता के साथ एक विवाह में हिस्सा लेकर लौट रहे थे। तीन की संख्या में आए अपराधियों ने उन्हें रोका और किसी बात पर गरमागरम बहस हुई और अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना की सूचना पाकर डुमरी विधायक जयराम महतो घटनास्थल पहुंचे परंतु वहां से पुलिस को फोन पर घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची तो वे पुलिस पर बिफर पड़े। लोगों का पुलिस के खिलाफ गुस्सा बिफर पड़ा नतीजतन थाने पर तोड़ फोड़ भी हुई। नावाडीह पुलिस आज सुबह शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि हेमलाल पण्डित जड़ीबूटी का काम करता था। वह जंगल के बीच गांवो में ग्रामीणों के बीच जड़ीबूटी देता था। इसकी हत्या सर के नीचे गर्दन के पास गोली मार कर कर दी गयी। एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि यह मामला नक्सली हत्या से जुड़ा है या नहीं इसकी जांच की जा रही है।



### विधायक के सूचना देने के डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस

मर्डर होने की सूचना देने के डेढ़ घंटा बाद भी नावाडीह थाना प्रभारी या पेट्रोलिंग पार्टी जगह पर नहीं पहुंची जहां मर्डर हुआ था। जबकि थाना प्रभारी द्वारा विधायक को ही हिदायत दी गई की वह डेंजर जोन है वहां मत जाइए। विधायक जयराम महतो मौके वारदात पर पहुंच कर वहां से बोकारो जिले के सभी अधिकारी को बारी-बारी फोन लगाया और उन्होंने लाइव आकर सोशल मीडिया पर सभी कुछ बताया कि क्या हाल है नावाडीह थाना की पुलिस ही डरती है। घटना कुकुर लिलवा के आगे चरकी जंगल में सुनसान स्थान पर हुई है।

# बेरमो : अब्दुल कलाम की निर्मम हत्या के मामले ने पकड़ा तुल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिला के पेंक निवासी अब्दुल कलाम की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की दुखद घटना के बाद, इस गंभीर मामले को लेकर लगातार युनाइटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश संयोजक अफजल अनीस के प्रयासों ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है और इस घटना को लेकर राज्य सरकार की सरगर्मी काफी बढ़ गई है। यही कारण है कि बीते दिनों मृतक के गांव पेंक झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष अन्य पदाधिकारियों के अलावे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी स्वयं यहां पहुचे और मामले की जानकारी लेने के साथ साथ मृतक के परिजनों से मिले तथा आर्थिक सहयोग के अलावे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में अफजल अनीस ने बताया कि उक्त घटना के बाद से ही वे झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम साहब से सम्पर्क बनाए हुए थे। आखिरकार आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम का गठन किया, जिसमें उपाध्यक्ष शमशेर आलम, प्रनेस सोलोमन, सदस्य कारी बरकत अली सहित अन्य शामिल थे। यह टीम 14 मई को मृतक के परिजनों से मिलने के लिए पेंक गांव पहुंची। पेंक जाने के क्रम कुरपनिया में हमारे साथियों द्वारा आयोग की टीम का स्वागत किया गया।

# गोड्डा : ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में नेटबॉल संघ ने निकाली तिरंगा यात्रा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** 'ऑपरेशन सिन्दूर' में भारतीय सेना की वीरता, शौर्य और आतंकवाद के खिलाफ साहसिक कार्रवाई के समर्थन में जिला नेटबॉल संघ द्वारा शुक्रवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के गांधी मैदान से शुरू होकर मिशन चौक, गंगटा चौक, आसनबनी होते हुए अशोक स्तंभ परिसर तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नेटबॉल खिलाड़ी, स्थानीय युवा और गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं यात्रा के दौरान पूरे शहर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की जान गई थी, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो, एसबीआई पीबीबी ब्रांच मैनेजर सोमेस कुमार, विकास कुमार, साज म्यूजिकल ट्रस्ट के निदेशक मो इस्लाम, सौरभ सुमन समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी मोनालिसा, नेटबॉल संघ के जिला सचिव गुंजन झा, नरेंद्र गांधी, वैधनाथ देहरी, ललन कुमार लड्डू, मनोज, नीरज, कृष्णा कुमारी, पुतुल देवी, ममता, रीना सेन, ममता ठाकुर, विनालिशा सहित अनेक खिलाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# दुमका : महिला की हत्या में आइआरबी जवान की पत्नी समेत तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नाला के गंदे पानी के विवाद में बुधवार की देर शाम गला काटकर हत्या के मामले में पुलिस आईआरबी जवान की पत्नी समेत तीन को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। नाला के विवाद में फूलचंद साह उर्फ छोटू ने शिक्षक मनोज सिंह की पत्नी 55 साल की विमला देवी की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी थी। रात करीब एक बजे तक पुलिस घटनास्थल की जांच करती रही। हमले में घायल मनोज सिंह को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल से रांची रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार बरामद कर ली है। पुलिस ने मनोज सिंह के बयान पर हत्या का मामला दर्ज करते हुए छोटू एवं उसके अवकाश पर आए उसके पिता हजारीबाग के चौपारण थाना में एएसआई लालचंद्र साह और पड़ोस में रहने वाले रांची में पदास्थापित आइआरबी यानी इंडिया रिजर्व बटालियन के इंस्पेक्टर अक्षय वृहस्पति झा की पत्नी रागिनी झा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार विमला देवी का फुलचंद झा उर्फ छोटू से नहीं बल्कि रागिनी झा के साथ गंदा पानी को लेकर विवाद चल रहा था। झगड़े के बाद रागिनी ने ही छोटू को फोन कर बुलाया था। छोटू रागिनी के बेटे को टयूशन पढ़ाता था और दोनों में मधुर संबंध भी था। पोस्टमार्टम के पुलिस ने शव को मृतका के भतीजे को सौंप दिया है। वह शव लेकर पैतृक घर देवघर के सांरवा लेकर चला गया। वहां पर विमला देवी के शव का अंतिम संस्कार किया होगा। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि फुलचंद साह उर्फ छोटू और रांची में तैनात आइआरबी के जवान की पत्नी रागिनी घर का सारा गंदा पानी बीच सड़क में बहा देती थी। विमला देवी का घर ढलान में था, इसलिए सारा पानी उनके दरवाजे पर जाकर ठहर जाता था। इस बात को लेकर एक साल से रागिनी और विमला में विवाद चल रहा था। बुधवार की शाम मनोज सिंह सब्जी लेकर घर आए तो रागिनी ने उनकी बाइक रोक ली और विमला देवी की शिकायत की। इसके बाद विमला देवी भी मौके पर पहुंच गई और दोनों महिला आपस में उलझ गई। इसी बीच रागिनी ने फोन कर आउटडोर स्टेडियम में मौजूद फुलचंद साह उर्फ छोटू को सारी बात बताई।

इसके बाद फुलचंद साह उर्फ छोटू घर पहुंचा तो दोनों महिलाओं के बीच जमकर कहासुनी हो रही थी। छोटू को यह बर्दाश्त नहीं हुआ कि कोई उसके सामने रागिनी को बुरा भला कहे। वह घर से तलवार लेकर आया और विमला देवी के गर्दन को एक ही झटके में धड़ से अलग कर दिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सुरक्षा शपथ दिलाई**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 111 अधिकारी कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक डीआर टोप्पो सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक बिनीत तिर्की उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया तथा सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक बिनीत तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दुमका जिला प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के प्रदूषण रोकने को लेकर किया निरीक्षण

**डीसी ने स्टोन चिप्स साइडिंग व अन्य जगहों पर लगे वाटर स्प्रिंकलर तथा रास्ते में वाटर टैंकर के माध्यम से लगातार पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** डीसी अंजनेयुलु दोड्डे के नेतृत्व में जिला स्तरीय संयुक्त कमेटी ने दुमका रेलवे स्टेशन में कोयला के भंडारण और परिवहन के कारण होने वाले प्रदूषण के रोकथाम को लेकर गुरुवार को स्टेशन के गुड्स शेड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में डीसी ने कोयला के भंडारण एवं परिवहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए रेलवे को दिये गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। अधिकारियों से बात करते हुए डीसी ने पर्यावरण मंजूरी की शर्तों का अनुपालन एवं प्रतिवादी संख्या 5 द्वारा कोयले के परिवहन के संबंध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय और इस न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टोन चिप्स साइडिंग व अन्य जगहों पर लगे वाटर स्प्रिंकलर तथा रास्ते में वाटर टैंकर के माध्यम से लगातार पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, प्रदूषण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### आतंकी हमला अब...

वहां उसे मदद के लिए लाइन लगानी पड़ रही है। आतंकवादियों को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उनके सीने पर प्रहार किया। इसे आतंकवादी और उसका आका देश पाकिस्तान कभी नहीं भूल सकता है।

**दुश्मन की छाती पर किया चोट :** राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी कार्रवाई करार देते हुए कहा कि भारत ने पूरी दुनिया को साफ बता दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारे जवानों ने पाकिस्तान की छाती पर चोट पहुंचायी। भारत कभी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा लेकिन जब हमारी संप्रभुता पर हमला होगा तो हम करारा जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को लेकर भारत के साथ धोखाधड़ी के लिए पाकिस्तान भारी कीमत चुका रहा है। उसके जख्मों का एकमात्र इलाज आतंकी संगठनों को पनाह देना बंद करना तथा अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देना ही है। दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक है और जब वो निशाना साधती है तो गिनती दुश्मनों पर छोड़ देती है। आज आतंकवाद के खिलाफ भारत का संकल्प कितना मजबूत है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके परमाणु ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय पीएम मोदी और सशस्त्र बलों के नेतृत्व को दिया। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में छिपे आतंकियों को करारा जवाब दिया। पाकिस्तान में आतंकवादियों को यह संदेश दिया है कि वे अब कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

### अब सरकार नहीं ...

इसके तहत अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक की स्वास्थ्य इंश्योरेंस की सुविधा दी जायेगी। इस योजना के तहत लगभग तीन लाख 84 हजार 518 परिवारों को लाभ मिलेगा। इस योजना के माध्यम से राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा सकेंगी।


**प्रोफेशनल एजुकेशन बिल को मंजूरी :** झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बिल 2025 को स्वीकृति दी गयी। इससे व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े संस्थानों के लिए विभिन्न कोर्सों का शुल्क तय किया जा सकेगा। इस बिल के माध्यम से छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के लिये उचित शुल्क देना होगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बोझ कम होगा।

### शीर्ष कोर्ट कैसे...

क्या अनुच्छेद 361, अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के कार्यों के संबंध में न्यायिक समीक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है? संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा, तथा राज्यपाल द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में, क्या राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत सभी शक्तियों के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के जरिये कोई समय-सीमा लागू की जा सकती है तथा प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है? क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है? संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा और राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में, क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से समय-सीमा लागू की जा सकती है और प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है? राष्ट्रपति की शक्तियों को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक योजना के प्रकाश में, क्या राष्ट्रपति को अनुच्छेद 143 के तहत संदर्भ के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेने की जरूरत है और जब राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए या अन्यथा सुरक्षित रखता है, तो सुप्रीम कोर्ट की राय लेने की आवश्यकता है? क्या अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति के फैसले कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों को किसी विधेयक के कानून बनने से पहले उसकी विषय-वस्तु पर किसी भी तरह से न्यायिक निर्णय लेने की अनुमति है? क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग और आदेशों को अनुच्छेद 142 के तहत किसी भी प्रकार प्रतिस्थापित किया जा सकता है? क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू कानून हो जाता है? अनुच्छेद 145(3) के मद्देनजर क्या सुप्रीम कोर्ट की किसी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि क्या यह ऐसी प्रकृति का है जो संविधान की व्याख्या पर सवाल उठाता है और इसे न्यूनतम पांच न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित करे? क्या अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या अनुच्छेद 142 संविधान या लागू कानून के मौजूदा मूल या प्रक्रियात्मक प्रावधानों के विपरीत या असंगत निर्देश जारी करने या आदेश पारित करने तक विस्तारित है? क्या संविधान अनुच्छेद 131 के तहत मुकदमे के अलावा केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को हल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के किसी अन्य क्षेत्राधिकार पर रोक लगाता है?

स्पीड न्यूज

## दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाएंगे आमिर और हिरानी



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आमिर खान और फिल्मकार राजकुमार हिरानी, दादा साहब फाल्के की बायोपिक बनाने जा रहे हैं। दादा साहेब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक कहा जाता है, और उनके सम्मान में भारत सरकार की ओर से सबसे बड़ा सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाता है। दादा साहब फाल्के ने शून्य से शुरूआत कर हर मुश्किल का सामना करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी स्वदेशी फिल्म इंडस्ट्री की नींव रखी।

## दुनिया के शीर्ष 50 ब्रांडों में शामिल हुआ टीसीएस

**नयी दिल्ली।** देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 57.3 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ दुनिया के शीर्ष 50 सबसे मूल्यवान ब्रांडों में शामिल हो गई है। कंपनी मूल्य बढ़कर 57.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## तुर्किये की ज्वेलरी का जोधपुर में बायॅकॉट

**जोधपुर।** भारत की ओर से आंकतवादियों के खिलाफ पाकिस्तान में की गई कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान का साथ देने के खिलाफ जोधपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन ने तुर्किये की ज्वेलरी नहीं बेचने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सोनी ने बताया कि पूरे संगठन ने एक मत से तुर्किये की ज्वेलरी को नहीं बेचने का निर्णय लिया है।

## बेतिया में तीन सगी बहने जिंदा जली

**पटना।** पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में चूल्हे से निकली एक चिंगारी ने तीन सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि एक और बच्चे की झुलसने की बात कही जा रही है। शिकारपुर निवासी रामबाबू साह की बेटी मुस्कान (6 वर्ष) ,पायल (5 वर्ष) और संतोषी कुमारी (2 वर्ष) शामिल हैं। तीनों बच्चियां मां के साथ नानी के घर आईं थीं।

## नवीन जिंदल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**नयी दिल्ली।** सेना की अभूतपूर्व वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि को सम्मान देने के लिए जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अंगुल संयंत्र में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाला।

## शहीद के परिवार को मिलेंगे चार करोड़

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की गोलीबारी का मुकाबला करते हुये आठ मई को शहीद हुए पलवल के जवान दिनेश कुमार शर्मा के परिवार को चार करोड़ रुपये दिये जायेंगे।

## मणिपुर में उग्रवादी समेत 10 गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में बीते 24 घंटों में चले विशेष तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित केसीएलए के एक शीर्ष कैडर समेत विभिन्न संगठनों के 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नौ अन्य संगठनों के उग्रवादी थे।

## छात्रों को मिलेगा हक : राहुल गांधी

**दरभंगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है।



## पश्चिम बंगाल में 'तीस्ता प्रहार' से भारतीय सेना ने दिखायी युद्ध क्षमता

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना ने 'तीस्ता प्रहार' संयुक्त युद्धाभ्यास किया। इस अभ्यास में सेना की विभिन्न टुकड़ियों और सेवाओं के बीच समन्वय, युद्धक क्षमता और तकनीकी आधुनिकता का प्रदर्शन किया। रक्षा प्रवक्ता विंग कमांडर हिमांशु तिवारी ने गुरुवार को जानकारी दी। अभ्यास में पैदल सेना, तोपखाना, बख्तरबंद वाहनों की टुकड़ियां, मशीनीकृत पैदल सेना, पैरा स्पेशल फोर्स, सेना विमानन, इंजीनियरिंग और सिग्नल कोर जैसी इकाइयों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मप्र के मंत्री विजय शाह को नहीं मिली राहत

**कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई अपमानजनक टिप्पणियों के मामले में हाइकोर्ट के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से गुरुवार को इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शक्रवार को सुनवाई की जायेगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। श्री शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने आज इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है। भाजपा नेता शाह राज्य सरकार में आदिवासी मामलों के मंत्री हैं। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने के आग्रह को अस्वीकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर रोक लगाने की मांग की थी। मंत्री शाह की अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने पीठ के समक्ष कहा कि उन्होंने (शाह) अपनी टिप्पणियों को लेकर पश्चाताप व्यक्त किया है। उन्हें गलत समझा गया है...मीडिया ने उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हम मुकदमा - दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हैं।

## समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु पर रहेगी रोक : जयशंकर

**नयी दिल्ली ।** भारत ने गुरुवार दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक तभी हटाने पर विचार किया जाएगा लेकर आतंकवाद के ढांचे के समूल एवं स्थायी विनाश किया जाएगा और जम्मू कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने होंडुरास के नये दूतावास का उद्घाटन के अवसर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक यूएनएससी प्रस्ताव था जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया।

# पाकिस्तान के दोस्त तुर्की के खिलाफ भारत का बड़ा ऐक्शन


## सेलेबी की सुरक्षा क्लीयरेंस रद्द

**मुंबई एयरपोर्ट पर करीब 70 % ग्राउंड ऑपरेशंस संभालती है सेलेबी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तुर्की की एक कंपनी, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज की सिक्योरिटी क्लीयरेंस रद्द कर दी है। यह कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करती है। इसका मतलब है कि हवाई अड्डे पर यात्रियों की मदद करना, सामान का ध्यान रखना और विमानों के संचालन में मदद करना जैसे काम ये कंपनी करती है।

सेलेबी कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर लगभग 70% ग्राउंड ऑपरेशन्स संभालती है। इसमें यात्रियों की सेवा, लोड कंट्रोल, फ्लाइट



ऑपरेशन्स, कार्गो और पोस्टल सर्विस, वेयरहाउस और ब्रिज ऑपरेशन्स जैसे काम शामिल हैं। सरकार के आदेश में कहा गया है, 'सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के तौर पर डीजी, बीसीएएस ने 21 नवंबर 2022 को सिक्योरिटी क्लीयरेंस दी थी। लेकिन अब डीजी, बीसीएएस को मिली शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लीयरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है। यह फैसला देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। दरअसल, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया था। इससे भारत और तुर्की के रिश्तों में खटास आ गई है। इसके जवाब में, भारत ने भी अपनी विदेश नीति में बदलाव किया है। भारत, तुर्की के विरोधी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है और क्षेत्र की बड़ी ताकतों के साथ दोस्ती बढ़ा रहा है। भारत ने तुर्की के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ देशों के साथ अपनी दोस्ती को और मजबूत किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर भारतीयों ने तुर्की और अजरबैजान का बहिष्कार किया था। अब सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाया है।

### 9 एयरपोर्ट पर सुरक्षा का काम देखती है

सेलेबी एविएशन देश के नौ एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा का काम देखती है। इनमें दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डे भी शामिल हैं। यह कंपनी भारत में सालाना 58,000 उड़ानों को मैनेज करती है। तुर्की की यह कंपनी भारत में कई तरह के काम करती है। इनमें ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो मैनेजमेंट और एयरपोर्ट से जुड़े कई दूसरे ऑपरेशंस शामिल हैं। ये सभी काम बहुत ही संवेदनशील माने जाते हैं क्योंकि एयरपोर्ट का माहौल बहुत ही सुरक्षित और नियमों से बंधा होता है। सुरक्षा में जरा सी भी चूक भारी पड़ सकती है।



श्रीनगर में गुरुवार को महिलाओं जवानों का हौसला बढ़ाते राजनाथ सिंह।

## दोहा में ट्रंप व अमीर शेख से मिले अंबानी

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की। अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमेरिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिह्नों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण (क्यूआईए) जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है। रात्रिभोज के दौरान हालांकि कोई औपचारिक व्यापारिक चर्चा नहीं की गई,

**कतर निवेश प्राधिकरण ने रिलायंस में किया है निवेश**

लेकिन अंबानी को राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी वाणिज्य सचिव स्टीव लुटनिक के साथ बातचीत करते देखा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार ट्रंप ने कतर में ऐतिहासिक 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक साझेदारी करने का वादा किया, जिसमें अमेरिका और कतर की कंपनियों के बीच 243.5 अरब डॉलर से अधिक के नए सौदे शामिल हैं। प्रमुख समझौतों में कतर एयरवेज से बोइंग और जीई एयरोस्पेस के लिए 96 अरब डॉलर का विमान ऑर्डर, मैकडरमॉट के साथ महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाएं और पार्सन्स द्वारा अर्जित किया गया 97 अरब डॉलर का पोर्टफोलियो शामिल है।

## अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे सुरक्षा बल

**शाह ने एम्स में नक्सल विरोधी अभियान में घायल चार जवानों की ली स्वास्थ्य की जानकारी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हमारे सुरक्षा बल अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं। शाह ने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना सीमा पर कुर्रगुट्टालू हिल्स (केजीएच) में चलाए गए 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान में घायल हुए चार सुरक्षाकर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका हौंसला बढ़ाया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे। कुर्रगुट्टालू हिल्स में चले ऑपरेशन में कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सागर गणेश बोराडे, एचसी मुनेश चंद शर्मा, कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुर्जर और कांस्टेबल धनु राम घायल हो गए थे। इस चारों जवानों का उपचार दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। वहीं



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी घायल जवानों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वीर जवानों के साहस और समर्पण को प्रणाम करता हूं।

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू हिल्स पर 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया था।

## सेना प्रमुख ने सैनिकों का बढ़ाया हौसला

**ऑपरेशन सिंदुर : पठान एयर बेस पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वायु सेना और बीएसएफ के जवानों के दृढ़ संकल्प को सराहा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के हमलों को नाकाम करने वाले बहादुर सैनिकों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने गुरुवार को पंजाब के ऊंची बस्सी और पठानकोट एयर बेस पर सैनिकों से बातचीत की। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज ही डैगर डिवीजन, चिनार कोर के अग्रिम स्थानों का दौरा किया और भारतीय वायु सेना और बीएसएफ के सैनिकों से बातचीत करके उनके दृढ़ संकल्प को सराहा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन 'सिंदूर' के स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 मई को वायु सेना के आदमपुर एयरबेस पर पहुंचकर वायु सैनिकों



की हौसलाफजाई की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज श्रीनगर के बादामी बाग कैंट में भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों के प्रति आभार जताने पहुंचे। उन्होंने सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसी क्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज पंजाब के ऊंची बस्सी और पठानकोट एयर बेस पर बहादुर सैनिकों से बातचीत की। सैनिकों से बातचीत करते हुए उन्होंने राइजिंग स्टार कोर, आर्मी एयर डिफेंस (एएडी), डिफेंस सिक्योरिटी कोर (डीएससी) और डिफेंस सिविलियन एम्प्लॉइज के सैनिकों की भूमिका को सराहा, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गैरीसन और एयर बेस की सुरक्षा की। उन्होंने भारतीय वायु सेना और बीएसएफ के सैनिकों से भी बातचीत की। उन्होंने सैनिकों के उस दृढ़ संकल्प की सराहना की, जिसने दोनों प्रतिष्ठानों के भीतर महत्वपूर्ण संपत्तियों को निशाना बनाने के दुश्मन के कई प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। सेना प्रमुख ने नागरिक प्रशासन को घनिष्ठ सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया।


# ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 1200 अंक उछल कर 82,530 पर पहुंचा

**निफ्टी 395 अंक तेजी के साथ 25062 अंक पर बंद**

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर



25062.10 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,625.55 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत की तेजी लेकर 50,450.47 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2637 में तेजी जबकि 1327 में गिरावट रही वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2942 कंपनियों के शेयरों में से 1980 में लिवाली जबकि 890 में बिकवाली हुई वहीं 72 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.15, हेल्थकेयर 0.71, इंडस्ट्रियल्स 1.62, आईटी 1.25, दूरसंचार 1.02, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 1.86, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.99, धातु 1.60, तेल एवं गैस 1.01, पावर 0.98, रियल्टी 1.87, टेक 1.36, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत उछल गए। इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक की 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही। इससे टाटा मोटर्स 4.16, एचसीएल टेक 3.56, अदानी पोर्ट्स 2.60, इटरनल 2.36, मारुति 2.17, रिलायंस 2.07, एशियन पेंट 2.04, आईसीआईसीआई बैंक 1.88, भारती एयरटेल 1.77, अल्ट्रासिम्को 1.62, सन फार्मा 1.55, टेक महिंद्रा 1.48, टाइटन 1.43, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.36 और टाटा स्टील के शेयर 1.32 प्रतिशत चढ़ गए। इंफोसिस 1.30, एलटी 1.22, एचडीएफसी बैंक 1.20, पावरग्रिड 1.20, बजाज फाइनेंस 1.17, बजाज फि नसर्व 1.12, एक्सिस बैंक 1.00, एसबीआई 0.92, एनटीपीसी 0.91, टीसीएस 0.89, नेस्ले इंडिया 0.81, आईटीसी 0.73, कोटक बैंक 0.66 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने 0.17 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

### निवेशकों को 5.10 लाख करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 439.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 434.89 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.10 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

